सूर्योदय 6:27 सूर्यास्त 5:46

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 18 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,952.19 |
| निफ्टी | 25,709.85 |
| सोना | 1,34,800 |
| चांदी | 1,77,000 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 19 अक्तूबर 2025 | 4 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 292, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702





# स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में अब तीनों सीरीज में होंगे एक जैसे प्रश्न

## ए, बी, सी सीरीज में प्रश्नों की केवल नंबरिंग अलग-अलग होगी; अध्यक्ष ने दी जानकारी, कर्मचारियों को तीन फीसदी डीए का ऐलान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों के हित में कई अहम निर्णय लिए हैं। बोर्ड अब परीक्षा पैटर्न में बदलाव करेगा। बोर्ड परीक्षाओं में ए, बी और सी तीनों सीरीज में अब एक जैसे प्रश्न पूछे जाएंगे, सिर्फ नंबरिंग अलग-अलग होगी। पूर्व में तीनों सीरीज में अलग-अलग प्रश्न होते थे। मार्च 2026 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से यह व्यवस्था लागू होगी। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा (दाएं)।

विद्यार्थियों को समान अवसर व प्रतिस्पर्धा का मौका मिलेगा। पहले सीरीज ए में मौजूद प्रश्न, बी या सी में नहीं होता था, अब तीनों सीरीज में एक जैसे प्रश्न होंगे। बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत सभी औपचारिकताएं पूरी करने वाला हिमाचल पहला राज्य है। इस दौरान उन्होंने बोर्ड कर्मचारियों को तीन फीसदी डीए देने का ऐलान भी किया।

डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कक्षा 4 से 6 तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एनसीईआरटी दिल्ली द्वारा तैयार नया पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। पहले राज्य में एक वर्ष पुराना पाठ्यक्रम लागू होता था। नई पाठ्य पुस्तकें एनसीईआरटी के प्रकाशनाधिकार अनुबंध के तहत मुद्रित और वितरित की जाएंगी।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न बैंक में 20 % एमसीक्यू

**प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश बताया कि बोर्ड ने विद्यार्थियों को नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने हेतु सभी विषयों में 20 प्रतिशत बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) शामिल किए हैं। इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए ओएमआर शीट का प्रावधान किया गया है।

### 9वीं से 12वीं तक प्रमुख विषयों के प्रश्न बैंक तैयार

**शिक्षा** बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के प्रमुख विषयों के प्रश्न बैंक तैयार किए गए हैं, जिन्हें विषय विशेषज्ञों द्वारा वेटिंग किया जा रहा है। ये प्रश्न बैंक विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दिसंबर महीने के प्रथम सप्ताह में बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए जाएंगे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### दुराचार मामले में राम कुमार को जमानत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** युवती से दुराचार के आरोप मामले में गिरफ्तार वैद्य राम कुमार बिंदल को जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन से जमानत मिल गई। इससे पहले आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत मिली थी। बता दें कि महिला पुलिस थाना में 25 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह काफी समय से बीमारी से ग्रसित है, जिसका उपचार उसने वैज्ञानिक चिकित्सा के माध्यम से भी करवाया, परंतु इन्हें कोई भी रिलीफ न मिला। वह उक्त बीमारी का वैदिक उपचार करवाने सोलन में पुराना बस अड्डा के समीप वैद्य के पास आई। यहां वैद्य ने जांच के बहाने उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने शिकायत के बाद तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण और पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी राम कुमार को गिरफ्तार किया था। अब कोर्ट से आरोपी को जमानत मिल गई है।

### दिल्ली में सांसदों के अपार्टमेंट में लगी आग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के बीडी रोड पर मौजूद सांसदों के लिए बने ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर आग लग गई। यहां पर कई राज्यसभा सांसदों और उनके स्टाफ के घर (फ्लैट) हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि फायर बिग्रेड को तुरंत ही आग लगने की जानकारी दी गई थी, बावजूद इसके टीम ने आने में देरी की। वहीं, घटना पर दिल्ली फायर सर्विसेज के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब 1.22 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद फायर बिग्रेड की 6 गाड़ियों को मौके पर भेजकर आग को नियंत्रित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### ढाका एयरपोर्ट पर आग लगने से अफरा-तफरी

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो एरिया में शनिवार को आग लग गई। आग इतनी तेज फैली कि एयरपोर्ट अथॉरिटी को सभी उड़ाने तुरंत रोकनी पड़ीं। दिल्ली से ढाका जा रही फ्लाइट का रूट चेंज कर कोलकाता भेज दिया गया। फायर सर्विस ने बताया कि आग एयरपोर्ट के गेट नंबर 8 के पास कार्गो विलेज में दोपहर 2:30 बजे के आसपास शुरू हुई। अभी तक किसी की जान नहीं गई है, लेकिन माल ढुलाई का बड़ा नुकसान होने की आशंका है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अब दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप में दौड़ेगी मनीषा -पेज 2
- शिमला में दिवाली पर सिर्फ हरित पटाखों की अनुमति -पेज 3
- हरिद्वार, दिल्ली और शिमला के लिए चलेंगी स्पेशल बसें -पेज 4
- हिमाचल में बिजली उत्पादन को मिलेगी नई उड़ान -पेज 9
- 'हिमाचल आइकन अवार्ड' से प्रेरित हुआ समाजसेवा का संकल्प: शांडिल-पेज 12


## किसी एक क्षेत्र को नहीं, बल्कि हर प्रभावित व्यक्ति को सहायता देगी सरकार : मुख्यमंत्री

# पूरे प्रदेश को मिलेगा स्पेशल पैकेज

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसी एक क्षेत्र को नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का लक्ष्य आपदा से प्रभावित हर व्यक्ति को सहायता प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को विशेष पैकेज देने की प्रक्रिया पर केंद्र के निर्णय का इंतजार किया जा रहा है, लेकिन यदि केंद्र से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता तो राज्य सरकार अपने स्तर पर राहत राशि देगी।

सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के घर



आपदा में पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, उन्हें सात लाख रुपए की सहायता दी जाएगी, जबकि जिनका घरेलू सामान बह गया है, उन्हें सत्तर हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसी क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं करेगी, बल्कि राहत राशि पूरे प्रदेश के पात्र लोगों तक पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही मंडी में विशेष राहत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें आपदा प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की जनता ने मुश्किल समय में असीम धैर्य दिखाया है और सरकार भी उसी भावना के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राहत और पुनर्निर्माण के कार्यों में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की जा रही है। सुक्खू ने विश्वास जताया कि हिमाचल फिर से मजबूती के साथ खड़ा होगा और सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

सीएम ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार को केंद्र सरकार से अनुदान के रूप में 50 हजार करोड़ रुपए ज्यादा मिले। उन्हें राजस्व घाटा अनुदान भी 10 हजार करोड़ रुपए मिला। फिर भी उन्होंने कर्मचारियों और पेंशनर्स के सम्मान को कभी सर्वोपरि नहीं माना। राजस्व घाटा अनुदान के रूप में वर्तमान सरकार को इस साल तीन हजार करोड़ मिल रहा है। फिर भी हम अपने पेंशनर्स को डीए दे रहे हैं।

### सीएम ने प्रदेशवासियों को दीं दीपावली की शुभकामनाएं

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हर घर में खुशियां, उमंग और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने अपील की कि दीपावली पर पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहकर उत्सव मनाएं और प्रेम व सद्भाव का संदेश दें।

# दुश्मन की एक-एक इंच जमीन अब ब्रह्मोस की जद में : राजनाथ

## रक्षामंत्री ने लखनऊ से रवाना की ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। जीत हमारी आदत है। अब इस आदत को हमें न सिर्फ बनाए रखना है, बल्कि इसे और मजबूत करना है। उन्होंने कहा,' दुश्मनों को पता चल गया है कि उसकी एक-एक इंच जमीन हमारी ब्रह्मोस की जद में है। ऑपरेशन सिंदूर में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर था। उस ट्रेलर से ही पाकिस्तान को यह एहसास हो गया कि अगर भारत उसे जन्म दे सकता है तो...आगे मुझे बोलने की जरूरत नहीं है। आप खुद समझदार हैं।' राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने लखनऊ की ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से धनतेरस के दिन शनिवार को ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप रवाना की।

इससे पहले दोनों ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट में बूस्टर और वारहेड बिल्डिंग का उद्घाटन किया। दोनों ने सुकोई लड़ाकू विमान के जरिए ब्रह्मोस के वर्चुअल हमले को देखा। बता दें कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी रक्षा कंपनी एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया की तरफ से डिजाइन की गई ब्रह्मोस ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के सैन्य बुनियादी ढांचों को तबाह कर दिया था। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे ब्रह्मोस प्रोजेक्ट के लिए 2 देशों के साथ 4 हजार करोड़ रुपए का करार हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

### अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका में



**राजनाथ** सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस जैसी उपलब्धियों से मेड इन इंडिया ग्लोबल ब्रांड बन गया। अब हम फिलीपींस को ब्रह्मोस निर्यात करेंगे। यानी अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका में आ गया है। इस बड़ी फैसिलिटी के साथ यूपी में छोटे व्यवसायियों के लिए बड़ा मौका डेवलप हो रहा है। यूपी से ब्रह्मोस मिसाइल की डिलीवरी हो रही है और इसका जीएसटी केंद्र सरकार को मिला।

# अमृतसर से बिहार जा रही गरीब रथ ट्रेन में लगी आग

**एजेंसी, अमृतसर**



पंजाब के अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही गरीब रथ ट्रेन (12204) में शनिवार सुबह पंजाब के सरहिंद स्टेशन के पास आग लग गई। यह आग 19 नंबर एससी बोगी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इसमें लुधियाना के भी कई व्यापारी सफर कर रहे थे। बोगी नंबर 19 में सवार एक यात्री ने आग लगते ही ट्रेन की चेन खींच दी। इससे ट्रेन रुक गई। इसके बाद बोगी में सवार यात्री अपना सामान छोड़कर तुरंत नीचे उतरे। अफरातफरी के बीच ट्रेन से उतरने में कई यात्रियों को चोटें आई हैं। एक यात्री को ज्यादा चोट लगी है। कुछ यात्री अपने बच्चों के साथ सफर कर रहे थे। उधर, सूचना मिलते ही रेलवे, फायरबिग्रेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग में बोगी नंबर 19 पूरी तरह जल गया। 18 नंबर बोगी को भी नुकसान पहुंचा है। जली बोगी को अलग करने के बाद ट्रेन को 3 घंटे बाद अंबाला के लिए रवाना किया गया। उधर, रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। अंबाला डिवीजन के डीआरएम भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली।

उधर, इस घटना का असर कई अन्य ट्रेनों पर भी पड़ा है। अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस, गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, दिल्ली इंटरसिटी, और जालंधर इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के संचालन में देरी हुई। अंबाला मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनोद भाटिया ने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**सामान छोड़कर भागे यात्री, कई ट्रेनें प्रभावित**

# महागठबंधन में न सीटें तय, न नेता : शाह

## क्या बिहार की सत्ता का फैसला विदेशी नागरिक करेंगे?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महागठबंधन में न सीटें तय हैं और न नेता है। बिहार की जनता राहुल को भूल चुकी है। चुनाव आयोग के एसआईआर के फैसले का भाजपा स्वागत करती है। पूरे देश में एसआईआर होना चाहिए। एनडीए कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में घुसपैठिए कैसे वोट दे सकते हैं। बिहार की सत्ता का फैसला विदेशी नागरिक करेंगे क्या? ऐसे लोगों को चुन-चुनकर देश से बाहर करेंगे। बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी।

एक निजी चैनल के कार्यक्रम में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आरजेडी ध्रुवीकरण कर रही है, हम नहीं कर हैं। बिहार में पहले जंगलराज था। अगले 10 साल में बिहार बाढ़ मुक्त हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार में बाढ़ के चलते तबाही मचती रही है, लेकिन नरेंद्र मोदी ने 2024 के बजट में कोसी के लिए हजारों करोड़ का बजट दिया है। इससे 50 हजार एकड़ से ज्यादा भूमि सिंचित की जएगी और राज्य बाढ़ से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा।

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई। मतदान 6 नवंबर को होगा। चुनाव में सिर्फ 20 दिन का समय बचा है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले बिहार में 12 सभाएं करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया 17 अक्तूबर को पूरी हो गई। मतदान 6 नवंबर को होगा। चुनाव में सिर्फ 20 दिन का समय बचा है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले बिहार में 12 सभाएं करेंगे। (अनंत ज्ञान)



**कहा- बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी, राहुल को भूल चुकी है जनता**

# पाक की एयरस्ट्राइक में तीन अफगान क्रिकेटर्स की मौत

**एजेंसी, काबुल**

अफगानिस्तान के सीमाई प्रांत पक्तिका में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमले में तीन अफगान क्रिकेटर्स समेत आठ लोगों की मौत हो गई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीनों खिलाड़ियों के नाम कबीर, सिबघतुल्लाह और हारून बताए और बताया कि हमले में पांच अन्य लोग भी मारे गए। एसीबी ने इसे पाकिस्तानी शासन द्वारा किया गया एक कायराना हमला बताया। एसीबी ने हमले के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। वहीं, एक तालिबान अधिकारी ने हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि इस्लामाबाद ने संघर्ष विराम तोड़ दिया है। पक्तिका में तीन जगहों पर बमबारी की है। यह घटना अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच कथित तौर पर अस्थायी संघर्ष विराम बढ़ाए जाने की खबरों के कुछ घंटों बाद हुई है। बता दें कि लगभग एक हफ्ते पहले शुरू हुई झड़पों के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दर्जनों सैनिक और नागरिक मारे गए हैं। वहीं दूसरी ओर पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अब अफगानिस्तान के साथ पहले जैसे रिश्ते नहीं रख सकता। उनकी यह टिप्पणी 48 घंटे के संघर्ष विराम की समय सीमा समाप्त होने के बाद आई है। (अनंत ज्ञान)

**एसीबी ने इसे पाकिस्तानी शासन का कायराना हमला बताया**

# सक्षम जीवनसाथी को नहीं दिया जा सकता गुजारा भत्ता: दिल्ली हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सक्षम जीवनसाथी को गुजारा भत्ता (एलिमनी) नहीं दिया सकता। स्थायी गुजारा भत्ता सामाजिक न्याय का एक जरिया (टूल) है। सक्षम लोगों को अमीर बनाने या उनकी आर्थिक बराबरी करने का साधन नहीं है। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की डिवीजन बेंच ने कहा- गुजारा भत्ता मांगने वाले को यह साबित करना होगा कि उसे वास्तव में आर्थिक मदद की जरूरत है। इस मामले में पत्नी रेलवे में ग्रुप एक अधिकारी हैं। पर्याप्त पैसा कमाती हैं। हाईकोर्ट ने ये बातें एक महिला की स्थायी गुजारा भत्ता की मांग को खारिज करते हुए कहीं। (अनंत ज्ञान)

# महाराष्ट्र में खाई में गिरी गाड़ी, 8 की मौत

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में धनतेरस के दिन एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप वैन चंदशैली घाट पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ने पूरे जिले में शोक और दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ जब श्रद्धालुओं का एक समूह पिकअप वैन से पवित्र अष्टांबा यात्रा से लौट रहा था। चंदशैली घाट के मोड़ पर ड्राइवर ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वैन पलटकर खाई में जा गिरी। घाट का रास्ता संकरा और ढलान वाला था, जिसके कारण वाहन को संभालना मुश्किल हो गया। वाहन में लगभग 40 लोग सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायल यात्रियों को तत्काल तालोदा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को नंदुरबार जिला अस्पताल रेफर किया गया है। (अनंत ज्ञान)

**वाहन में 40 लोग थे सवार, आठ घायल**

# ऑक्टा-एफएक्स की 2385 करोड़ की क्रिप्टो करंसी जब्त

## ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कंपनी पर की कार्रवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईडी ने फॉरेन करंसी (विदेशी मुद्रा) ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ऑक्टा-एफएक्स की 2385 करोड़ रुपए की क्रिप्टो करंसी जब्त की है। कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत की गई है। आरोप है कि ऑक्टा एफएक्स ने बिना आरबीआई की अनुमति के फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म चलाकर भारतीय निवेशकों से 1,875 करोड़ रुपए की ठगी की और 5,000 करोड़ रुपए का अवैध मुनाफा विदेशों में भेजा। ईडी ने कहा कि घोटाले के मास्टरमाइंड पावेल प्रोजोरोव को स्पेनिश पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घोटाले का पैसा प्रोजोरोव के क्रिप्टो वॉलेट्स में रखा गया था, जबकि कुछ रकम एफडीआई के रूप में भारत में दोबारा निवेश की गई। इस पैसे से लक्जरी यॉट और विदेशी संपत्ति भी खरीदी गई। भारत में ऑक्टा एफएक्स ने यूपीआई और लोकल बैंक ट्रांसफर से निवेशकों का पैसा जुटाया। यह रकम डमी कंपनियों, ई-कॉमर्स कंपनियों और फर्जी अकाउंट्स के जरिए विदेश भेजी गई। (अनंत ज्ञान)



**घोटाले का मास्टरमाइंड पावेल स्पेन में गिरफ्तार**

### 7 देशों में फैला मनी लॉन्ड्रिंग का नेटवर्क

**जांच** में पता चला कि मनी लॉन्ड्रिंग का नेटवर्क ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड, स्पेन, एस्टोनिया, जॉर्जिया, साइप्रस, दुबई और सिंगापुर में फैला था। आगे की जांच अंतरराष्ट्रीय मनी ट्रेल और क्रिप्टो चैनलों पर केंद्रित है। ऑक्टा-एफएक्स शुरुआत में निवेशकों को छोटे मुनाफे दिखाकर विश्वास जीता। बाद में फर्जी चार्ट के जरिए उन्हें नुकसान पहुंचाया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### संजीव शर्मा ने पूर्व सीएम धूमल से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ढटवाल क्षेत्र से संबंध रखने वाले भाजपा नेता संजीव शर्मा ने प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य के रूप में नियुक्ति होने पर हिमाचल प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रह चुके प्रो. प्रेम कुमार धूमल के साथ उनके समीरपुर स्थित निवास स्थान पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने विश्वास जताते हुए कहा कि संजीव शर्मा संगठन को मजबूत करने, और अपने अनुभव से पार्टी को मजबूत बनाने में अपना भरपूर सहयोग देंगे।

### जिला हमीरपुर में 22 को रहेगी लोकल छुट्टी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य पर बुधवार 22 अक्टूबर को जिला हमीरपुर में स्थानीय अवकाश रहेगा। इस संबंध में जिलाधीश हमीरपुर की ओर से पहले ही जारी आदेश के अनुसार इस दिन सभी सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

### जाहू स्कूल के दिव्यांश बने उत्कृष्ट स्वयंसेवी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ। समापन समारोह में स्वयं सेवियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। शिविर में बेहतर अनुशासन, सामूहिक कार्यशैली और समाज सेवा की भावना के लिए दिव्यांश शर्मा को उत्कृष्ट स्वयंसेवी घोषित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी रामलाल ने शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में दोपहिया वाहन पार्किंग, जल निकासी नालियों का निर्माण और क्यारियों की सफाई जैसे कार्य कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। मुख्य अतिथि रमेश चंद ठाकुर ने हृस्र के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और सेवा भाव जागृत होने की सराहना की और कहा कि यही भाव उन्हें जीवनभर मार्गदर्शन देंगे। इस मौके पर प्रतिभागी स्वयंसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्य, हिमांशु, अंशुल, अक्षिता, शिवानी, पल्लवी, रिया, मोहित रणौत, सिमरन राणा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### एसपी ने विशेष बच्चों संग मनाई दीपावली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर की पहचान विशेष विद्यालय में इस बार दीपावली का पर्व कुछ खास रहा। पहचान परिसर में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने विशेष बच्चों के साथ दीपावली मना कर बच्चों के चेहरों पर खुशियां बिखेर दीं। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने बच्चों से आत्मीयता से मुलाकात की, उनके बनाए दीपक व मोमबत्तियां देखीं और उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि पहचान स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा से समाज को यह संदेश दे रहे हैं कि 'हर बच्चा विशेष है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने विशेष बच्चों के साथ गतिविधियां में हिस्सा लिया और उनके साथ खूब आनंद किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य चेतना शर्मा ने बताया कि यह पहल बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए की गई है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बच्चों को मिठाइयां वितरित कीं और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन बच्चों द्वारा दीप जलाकर और रोशनी बांटें सबमें' के संदेश के साथ दीपावली पर्व मनाकर किया गया ।

# दीपावली पर शहर में जाम से निपटने के लिए पुलिस ने बनाया विशेष प्लान

## यातायात पुलिस के 22 कर्मचारी लगातार पेट्रोलिंग कर बना रहे ट्रैफिक दुरुस्त

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



हमीरपुर के नादौन चौक पर यातायात कर्मचारी महिलाओं को सड़क पार करवाते हुए।

दीपावली के पर्व के अंतर्गत पूरे जिला में धनतेरस का पर्व हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। धनतेरस को लेकर बाजारों में इतनी भीड़ थी कि तिल धरने की जगह नहीं थी। इस दौरान शहर में गाड़ियों की आवाजाही भी बहुत अधिक रही।

शहर में जाम की स्थिति न बने इसके लिए यातायात पुलिस ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर प्लान तैयार किया जिससे जाम की समस्या से कुछ हद तक वाहन चालकों को सुकून मिला। वहीं जिला प्रशासन द्वारा शहर में किसी भी वाहन को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। बता दें कि हमीरपुर शहर में कई जगहों को बंद कर दिया गया है ताकि कोई भी वाहन चालक मुख्य बाजार में प्रवेश न कर सके। बता दें कि पूरे शहर में 22 यातायात कर्मचारी यातायात की व्यवस्था को संभाल रहे हैं। इसके अलावा यातायात व्यवस्था को दुरूस्त बनाए रखने के लिए लगातार पेट्रोलिंग भी की जा रही है। हालांकि यातायात व्यवस्था तो ठीक रही लेकिन वाहन चालक पार्किंग को लेकर खासे परेशान हुए। शहर में जितनी भी पार्किंग थी उनमें गाड़ी खड़ा करने की जगह नहीं थी। लोगों का कहना है कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए जिससे वाहन चालकों को पार्किंग की सुविधा मिल सके। इसके अलावा सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता एवं व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं। भीड़-भाड़ वाले बाजारों, मुख्य मार्गों, एवं संवेदनशील स्थलों पर लगातार गश्त की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं संबंधित संवेदनशील क्षेत्रों में मौजूद रहकर स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल सतर्क एवं सक्रिय हैं। जिला के सभी क्षेत्रों में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रित है।

पुलिस प्रशासन ने किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस बारे में यातायात प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर से विचार विमर्श कर यातायात को दुरूस्त रखने के लिए प्लान बनाया था जिससे बेहतर यातायात प्रबंध किए जा सके। उन्होंने बताया कि जाम की स्थिति से निपटने के लिए 22 पुलिस कर्मचारी शहर में तैनात किए गए हैं।

## बधणी पंचायत में विकास कार्यों में अनियमितताओं के गंभीर आरोप

अनंत ज्ञान, जाहू

- ग्रामीणों ने आरटीआई से जुटाए प्रमाण, बीडीओ से निष्पक्ष जांच की मांग
- पंचायत प्रधान ने आरोपों को किया खारिज, सभी कार्यों को बताया पारदर्शी

बधणी पंचायत एक बार फिर विवादों में घिर गई है। विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर पंचायत पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि पंचायत द्वारा अमृत सरोवर, खेल मैदान, कुआं निर्माण व पौधरोपण जैसे कार्यों में भारी गोलमाल किया गया है।

ग्रामीण भूमिचंद, शमशेर सिंह, मेहर चंद, श्यामलाल, गोपीचंद सहित 20 से अधिक लोगों ने बीडीओ को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पंचायत द्वारा अमृत सरोवर के लिए एक लाख रुपये खर्च दिखाए गए हैं, जबकि मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इसमें 70 हजार की हाजिरी और 80 बोरियां सीमेंट का उल्लेख है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कुछ नहीं है। इसी तरह बधणी स्कूल के खेल मैदान के लिए 42,830 खर्च दर्शाए गए, जबकि प्रिंसिपल व एसएमसी ने भी मौके पर किसी कार्य की पुष्टि नहीं की। वार्ड पंच विधिचंद ने भी कार्य से अनभिज्ञता जताई है। दलालड़ क्षेत्र में कुएं के निर्माण में भी अनियमितताओं का आरोप है। ग्रामीणों के अनुसार, एक ही परिवार के 3 सदस्यों की हाजिरी लगाकर 31,000 की मजदूरी और 30,000 की सामग्री दर्शाई गई है, जबकि मस्टर रोल पर दर्ज नामों को इस कार्य की जानकारी तक नहीं है। पौधरोपण योजना में भी 1.35 लाख की राशि स्वीकृत हुई, जिसमें 95,919 खर्च दर्शाए गए हैं। आरोप है कि पौधे मौके पर नजर नहीं आते, लेकिन संरक्षण के नाम पर 25 हजार के अतिरिक्त बिल बनाए गए।

पंचायत प्रधान विनोद कुमार ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सभी कार्य मौके पर हुए हैं और पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किए गए हैं।

## भोरंज में मिनी सचिवालय में मनाई दिवाली रंगोली प्रतियोगिता बनी आकर्षण का केंद्र



अनंत ज्ञान, भोरंज

- ग्रीन पटाखों के प्रयोग का लिया संकल्प

**दीपावली** पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को भोरंज के मिनी सचिवालय परिसर में हर्षोल्लास से कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम शशिपाल शर्मा की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने दीपावली की शुभकामनाएं साझा कीं और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रंगोली और दीप सज्जा प्रतियोगिता रही, जिसमें भोरंज उपमंडल के विभिन्न विभागों ने भाग लिया। रंग-बिरंगी रंगोलियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण की रक्षा के लिए ग्रीन पटाखों के प्रयोग का संकल्प भी लिया।

प्रतियोगिता में राजस्व विभाग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आंगनवाड़ी सर्कल तरक्काड़ी द्वितीय, भोरंज तृतीय और खंड प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय की टीम चतुर्थ रही। इस मौके पर तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, कोष अधिकारी सरोज कुमारी, सीडीपीओ रवि दत्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के इंटरव्यू 27 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 27 अक्तूबर को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 52 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 रुपए से लेकर 23 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

## दुकानदार गलोड़ बाजार के पार्किंग एरिया में अनुमति पत्र के साथ बेच पाएंगे पटाखे

अनंत ज्ञान, गलोड़



तहसीलदार गलोड़ केशव कुमार बाजार का औचक निरीक्षण करते हुए।

- गलोड़ व्यापार मंडल के साथ विचार-विमर्श कर किया जगह का चयन

**गलोड़** तहसील के अंतर्गत गलोड़ बाजार का आज तहसीलदार गलोड़ केशव कुमार ने पुलिस चैकी प्रभारी विनय अत्री के साथ औचक निरीक्षण किया और दुकानदारों को दिशा निर्देश दिए दिवाली के मौके पर लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की आदेशों पर सभी व्यापारियों को दुकानों के अंदर या बाहर पटाखे बेचने पर पुरी तरह प्रतिबंध रहेगा । गलोड़ बाजार के व्यापार मंडल के साथ तहसीलदार गलोड़ ने वार्ता कर दुकानदारों के लिए प्रशासन से अस्थाई अनुमति पत्र लेकर पटाखे बेचने के लिए पार्किंग एरिया को चयनित किया। सभी व्यापारी इस जगह पटाखे बेच पाएंगे बाकी जगह पर पटाखे बेचना गैर कानूनी होगा इस मौके पर गलोड़ पुलिस चैकी प्रभारी विनय अत्री भी तहसीलदार गलोड़ के साथ रहे। तहसीलदार गलोड़ ने बताया कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खुली चयनित जगह में पटाखे बेचने के लिए दुकानदारों को अस्थाई लाईसेंस दिया गया है। अन्य जगह पटाखे बेचने पर पुरी तरह प्रतिबंध रहेगा उन्होंने सभी से सहयोग की भी अपील की है। तहसीलदार गलोड़ केशव कुमार और पुलिस चौकी प्रभारी विनय अत्री ने सभी लोगों को दिवाली की बधाई भी दी है।

## ज्योति एंड फ्रेंड्स ने बनाई सबसे सुंदर रंगोली



राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में दीपावली के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

**राज** राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में दीपावली के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

कार्यक्रम समन्वयका तनुजा ने छात्रों के छह समूह बना कर रंगोली प्रतियोगिता का आगाज किया। छात्रों ने सुंदर रंगोली बनाई जिसमें प्रथम स्थान ज्योति एंड फ्रेंड्स डीएलएड, द्वितीय स्थान वंशुमनी एंड फ्रेंड्स बीएड ने व तृतीय स्थान रिया एंड फ्रेंड्स बीए ने प्राप्त किया।

कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह ने प्रशिक्षु अध्यापकों को कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से हमारी संस्कृति की पहचान होती है व विद्यार्थियों को इस तरह की पाठ्य सहभागी क्रियाओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। कालेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह ने सभी प्रशिक्षु अध्यापकों व अध्यापकों को मिष्ठान बांटकर दीपावली की बधाई दी।

इस कार्यक्रम के अवसर पर कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह ने बच्चों को रचनात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया, इस उपलक्ष्य पर कॉलेज के बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक, बीए के छात्र व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय ने एएस ठाकुर हॉस्पिटल के साथ किया एमओयू

अनंत ज्ञान, हमीरपुर




- मेडिकल लेबोरेटरी साइंस छात्रों को मिलेगा प्रायोगिक प्रशिक्षण का अवसर

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय ने एएस ठाकुर मेमोरियल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल हमीरपुर के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता चिकित्सा प्रयोगशाला विज्ञान के क्षेत्र में शैक्षणिक और औद्योगिक सहयोग को सुदृढ करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस एमओयू के तहत बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस कार्यक्रम के विद्यार्थियों को अस्पताल में प्रायोगिक प्रशिक्षण इंटर्नशिप और ऑब्जर्वरशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। विद्यार्थी रक्त विज्ञान सूक्ष्मजीव विज्ञान, जैव रसायन रोग विज्ञान और प्रतिरक्षा विज्ञान जैसे विभिन्न प्रयोगशाला विभागों में आधुनिक तकनीकों एवं निदान प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। समझौते के अनुसार, करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब सीधे एएस ठाकुर मेमोरियल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे जहा उन्हें उन्नत प्रयोगशाला, अत्याधुनिक उपकरणों और अनुभवी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा। यह प्रशिक्षण नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल विकसित करने और अपने पेशेवर ज्ञान को और मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

यह समझौता विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसके तहत करियर प्वाइंट विवि अपने स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान के विद्यार्थियों को शिक्षा और उद्योग सहयोग के अधिकतम अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस एमओयू में करियर प्वाइंट विवि के विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा कुमारी, गौरव कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार सुभाष शर्मा व हॉस्पिटल से डॉ. प्रेम ताल सिंह डायरेक्टर व कमल किशोर उपस्थित रहे। कुलपति संजीव शर्मा ने कहा कि यह विश्वविद्यालय एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो सीपीयू के विद्यार्थियों की कौशलता को और ज्यादा निखारेगी।

## भोरंज में रक्तदान शिविर में एम्स बिलासपुर की टीम ने दिया सहयोग

अनंत ज्ञान, भोरंज



भोरंज उपमंडल में शनिवार को ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन योगदान भोरंज द्वारा सिविल अस्पताल परिसर में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाजसेवी पहल में एम्स बिलासपुर की विशेषज्ञ टीम ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। शिविर में एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा मुख्य अतिथि और बीएमओ ललित कलिया, एसएचओ प्रशांत ठाकुर तथा तहसीलदार डॉ. आशीष विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संघ के सचिव देवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान की जागरूकता फैलाना और स्थानीय रक्त बैंकों की क्षमता बढ़ाना था। इस शिविर में भोरंज और आसपास के क्षेत्रों से कई लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। दरिद्र नारायण कल्याण समिति घुमारवीं की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। संघ के अन्य कार्यों में शैक्षणिक मार्गदर्शन, छात्रवृत्ति वितरण, सांस्कृतिक संरक्षण और खेलकूद प्रतियोगिताएं शामिल हैं। संघ का मानना है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति से समृद्ध समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव बनता है।

कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष आकाश मुनिहाल, किशोर आजाद, कैप्टन राकेश, सुदेश ठाकुर, डॉक्टर आशीष, देव राज, दिनेश संधू, सुशील कुमार, संदीप कतना, विजय ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन की सफलता के लिए सभी दाताओं, स्वयंसेवकों और चिकित्सा टीम का आभार प्रकट किया गया।

**दमखम** हमीरपुर की मनीषा करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व, अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स में पहली बार चयन

# दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप में दौड़ेगी मनीषा

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान



एथलेटिक संघ ने किया भव्य सम्मान, मनीषा को प्रोत्साहन स्वरूप 11,000 रुपए की राशि भेंट करते हुए।

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला के दूरस्थ गांव उदयपुर से संबंध रखने वाली धाविका मनीषा कुमारी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। मनीषा का चयन अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। 24 अक्तूबर से रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में होने वाले दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चार गुना 400 मीटर महिलाओं के वर्ग में मनीषा भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

हमीरपुर जिला के दूरस्थ गांव उटपुर की रहने वाली मनीषा एक साधारण परिवार से संबंध रखती हैं। पिता रमेश चंद ट्रक ड्राईवर हैं और माता शीला देवी ग्राहिणी हैं। सामान्य परिवेश में पालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी धमक बिखेरने के क्रम में मनीषा ने कई बाधाओं को झेला और सफलतापूर्वक पार किया है। चैंपियनशिप में भाग लेने से पूर्व हमीरपुर पहुंची मनीषा का एथलेटिक एसोसिएशन हमीरपुर ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल हमीरपुर में आयोजित एक गरिमा पूर्ण समरोह में मनीषा को कांगड़ा बैंक के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। एथलेटिक एसोसिएशन हमीरपुर ने मनीषा को 11000 रुपए नगद धनराशि देकर उनका प्रोत्साहन किया। इस अवसर पर एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज भारतीय ने मनीषा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत राष्ट्रीय टीम में चयन के ऊपर बधाई देते हुए कहा की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनका प्रदर्शन भारत को पदक दिलाएगा ऐसी उम्मीद जिला के सारे खिलाड़ी वह करते हैं। परशुराम अवार्डी धाविका पुष्पा ठाकुर, जिला महासचिव संदीप डढ़वाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद, सह सचिव अनिल शर्मा, वरिष्ठ कोच प्रवीण पठानिया, राजेंद्र सिंह कमलेश ठाकुर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन भारती, डॉ कुलदीप डोगरा, देविदास शेहंशाह, साहित्य कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

बिगत दो वर्षो में मनीषा ने ओपेन एथलेटिक्स प्रतियोगिता संगरूर में 400 मीटर दौड़ में 53.81 सेकंड का समय निकाल कर स्वर्ण पदक जीत कर अपनी जगह राष्ट्रीय टीम में सुनिश्चित की हैं। 64वीं नेशनल इंटर स्टेट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता, खेलो इंडिया में 400 मीटर रीले में कांस्य पदक जीता, अंडर 23 ओपेन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल, खेलो इंडिया प्रतियोगिता में कांस्य पदक तथा इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता हैं।

### भारत के लिए पदक जीत कर ही दिखाऊंगी : मनीषा

**मनीषा** का मानना हैं की इस अवसर को भुनाने में वह कोई कसर नहीं छोड़ेगी और भारत के लिए पदक जीत कर ही दिखाएगी। उन्होंने इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश का भी धन्यवाद किया हैं जिन्होने उसकी इस सफर में मदद की है। उन्होंने अपने माता-पिता, गुरुजनों, सभी कोच का विशेष आभार प्रकट किया है जिनके कारण वह आज इस मुकाम पर खड़ी हैं।

## निधि डोगरा बनीं राज्यस्तरीय योग चैंपियन, दो स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्पर्धा में चयनित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



निधि डोगरा ने राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में दो इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला ऊना मे 14 से 16 अक्तूबर को हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन हिमाचल प्रदेश स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। तथा इसमें प्रदेशभर से आए बारह जिला के खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा इस प्रतियोगिता में चार इवेंट हुए। जिन में निधि डोगरा ने परंपरागत योगासन, कलात्मक योगासन में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसके आधार पर राष्ट्र स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई।

बता दें निधि डोगरा गांव खियूंद, चौरी सुजानपुर, जिला हमीरपुर के रहने वाली है तथा सुपर मैग्नेट स्कूल हमीरपुर में अपनी पढ़ाई कर रही है। इससे पहले भी प्रदेश व राष्ट्र स्तर पर कई बार पदक प्राप्त कर चुकी है तथा छह विश्व कीर्तिमान भी निधि डोगरा के नाम है निधि डोगरा कर्म योगशाला हमीरपुर में योगासनों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। निधि डोगरा की इस उपलब्धि पर घर व इलाके में खुशी का माहौल है तथा इस मौके पर निधि डोगरा के प्रशिक्षक व पिता शशि कुमार ने निधि डोगरा को शुभकामनाएं दी और राष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। निधि डोगरा की इस उपलब्धि पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने व निधि डोगरा के डांस प्रशिक्षक अविनाश का भी धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### विज्ञान संकाय में अभाविप की नई इकाई का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के अंतर्गत विज्ञान संकाय में वर्ष 2025-26 के लिए नई इकाई का गठन किया गया। इस नवगठित इकाई में विक्रम ठाकुर को अध्यक्ष और अंकित चंदेल को सचिव नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष विक्रम ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हितों की आवाज रही है और आने वाले समय में विज्ञान संकाय में छात्र समस्याओं के समाधान, शैक्षणिक वातावरण में सुधार और संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य करेगी। सचिव अंकित चंदेल ने कहा कि परिषद 'राष्ट्र प्रथम' और 'एकात्म मानववाद' की भावना के साथ कार्य करती आई है। संगठन का उद्देश्य न केवल छात्र हितों की रक्षा करना है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक और सशक्त युवा के रूप में तैयार करना भी है। उपाध्यक्ष पद के लिए ऋषित, जितेंद्र, अभय, गौरव, श्रेया और अंशिका को दायित्व सौंपा गया है। वहीं सह सचिव के रूप में आदित्य अत्री, धीरज, अभिनव, शिवम, तारुशी और रिया को जिम्मेदारी दी गई है।

### नुक्कड़ नाटकों से दिया सुरक्षा का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** समर्थ-2025 अभियान के तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने मतियाना, ठियोग और टिक्कर में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। तारा देवी के त्रिमूर्ति रंग मंच ने मतियाना बाजार और बस अड्डा ठियोग में जबकि हिमाचल कला मंच सरोग ने एसडीएवी हाई स्कूल व बीएलइ इंटरनेशनल विद्यालय टिक्कर में प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ और आगजनी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के उपायों पर संदेश दिए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूल प्रबंधन और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बच्चे शिक्षा पर दें अधिक ध्यानः उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला में शनिवार को पोषण माह अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त अनुपम कश्यप मुख्यातिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पोषाहार प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' तथा 'एक बूटा बेटी के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की शिक्षा पर माता-पिता को विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि शिक्षा ही व्यक्ति को सशक्त नागरिक बनाती है और राष्ट्र के विकास की नींव रखती है। उन्होंने कहा कि पोषण केवल एक योजना नहीं बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। यह एक ऐसी शुरुआत है जो कार्यक्रम से आगे बढ़कर एक संस्कृति, एक आंदोलन और जीवन जीने का तरीका बन चुकी है। उपायुक्त ने बताया कि पोषण माह अभियान के तहत पूरे जिले में लगभग 25 हजार गतिविधियां आयोजित की गईं और बाल संरक्षण के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य हुआ है। इस अवसर पर मैत्री संस्था की ओर से गोद भराई, अन्नप्राशन और विद्यारंभ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा बच्चों को खिलौने और 160 ट्रैक सूट वितरित किए गए। उपायुक्त ने वार्षिक पोषण कैलेंडर भी जारी किया।

### अंबिका सोनी के पति के निधन पर प्रतिभा सिंह ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अंबिका सोनी के पति के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में प्रतिभा सिंह ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

# शिमला में दिवाली पर सिर्फ हरित पटाखों की अनुमति

## रात 8 बजे से 10 बजे तक ही चला सकेंगे पटाखे, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** पहाड़ों की राजधानी शिमला में इस बार दिवाली थोड़ी अलग होगी। आसमान जरूर सजेगा, लेकिन धुएं और शोर से नहीं बल्कि हरित पटाखों की चमक से। जिला प्रशासन ने इस पर्व पर पटाखे चलाने के लिए समय और नियम तय कर दिए हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने स्पष्ट किया है कि दीपावली पर लोग रात आठ बजे से दस बजे तक ही पटाखे चला सकेंगे। यह समय सीमा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप तय की गई है, ताकि वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखा जा सके और शहर का वातावरण सुरक्षित रहे।

दिवाली ही नहीं, अन्य पर्वों के लिए भी पटाखे चलाने का समय तय किया गया है। गुरुपर्व पर प्रातः चार से पांच बजे और रात नौ से दस बजे तक, क्रिसमस ईव पर रात 11 बजकर 55 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक तथा नववर्ष की पूर्व संध्या पर भी यही समय सीमा रहेगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन शहरों या कस्बों में वायु गुणवत्ता मध्यम या उससे नीचे है, वहां केवल हरित पटाखे ही बेचे और चलाए जा सकेंगे।

प्रशासन ने इस आदेश को गंभीरता से लेने की चेतावनी दी है। अनुपालन न करने पर दोषियों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 और बीएनएस 2023 की धारा 223 सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक शिमला और जिले के सभी उपमंडल दण्डाधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



### प्रदूषण रहित दिवाली मनाने का आह्वान

**उपायुक्त** अनुपम कश्यप ने लोगों से अपील की है कि वे दीपावली को खुशियों और संयम के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि हरित पटाखों का उपयोग न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि स्वच्छ और सुरक्षित दिवाली का प्रतीक बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोग प्रशासन की इस पहल में सहयोग देकर शिमला को प्रदूषण मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

# पांगी में 59 किसानों से 140 क्विंटल खरीदी प्राकृतिक जौ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश सरकार ने चंबा जिला के पांगी उपमंडल में प्राकृतिक खेती से तैयार जौ की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान खरीफ सीजन में अब तक 59 किसानों से कुल 140 क्विंटल प्राकृतिक जौ 60 रुपए प्रति किलोग्राम के समर्थन मूल्य पर खरीदी गई है। ग्राम पंचायत हुडान के 11 किसानों से 20 क्विंटल, सुराल के 24 किसानों से 78 क्विंटल, किलाड़ के 7 किसानों से 9 क्विंटल, साच के 7 किसानों से 10 क्विंटल और सेचू पंचायत के 10 किसानों से 23 क्विंटल जौ की खरीद की गई है।

हिमाचल दिवस के अवसर पर पांगी को प्रदेश का पहला 'प्राकृतिक खेती उपमंडल' घोषित किया गया था। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य रसायन-मुक्त खेती को बढ़ावा देना है, ताकि लोगों को स्वास्थ्यवर्धक अनाज और मसाले उपलब्ध हो सकें। किसानों को प्राकृतिक फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे वे पारंपरिक खेती से हटकर टिकाऊ कृषि पद्धतियों की ओर बढ़ रहे हैं। इससे किसानों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है।

### मक्की और हल्दी की भी खरीद शुरू

**सरकार** द्वारा पूरे प्रदेश में किसानों से प्राकृतिक फसलों की खरीद को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान खरीफ सीजन में 1473 किसानों से 2371.71 क्विंटल मक्की खरीदने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 28 संग्रह केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं, प्राकृतिक कच्ची हल्दी की खरीद के लिए भी 12 संग्रह केंद्र बनाए गए हैं, जहां 1629 किसानों से 2422.65 क्विंटल हल्दी खरीदी जाएगी।

### किसानों की बढ़ी आमदनी

**प्रवक्ता** ने बताया कि प्राकृतिक गेहूं और जौ पर 60 रुपये, मक्की पर 40 रुपये और कच्ची हल्दी पर 90 रुपए प्रति किलोग्राम का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इस नीति से किसानों को न केवल बेहतर दाम मिल रहे हैं, बल्कि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी योगदान दे रहे हैं। सरकार के इन प्रयासों से प्राकृतिक खेती की ओर किसानों का झुकाव तेजी से बढ़ा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और किसानों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।

# सुन्नी स्कूल की छात्रा अदिति नेगी केरल भ्रमण से लौटी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

पीएम श्री राजकीय आदर्श उत्कृष्टता प्राप्त विद्यालय सुन्नी की कक्षा दसवीं की मेधावी छात्रा अदिति राज नेगी भारत सरकार की पहल एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत शिमला जिले के 26 विद्यार्थियों के दल में शामिल रही, जो हाल ही में केरल भ्रमण कर लौटी है। जिला संयोजक डॉ. मामराज पुंडीर के नेतृत्व में हुई इस यात्रा में अधिकांश विद्यार्थियों ने पहली बार हवाई यात्रा का अनुभव किया। अदिति ने बताया कि इस भ्रमण से उन्होंने केरल की संस्कृति, भोजन, भाषा और जीवनशैली को नजदीक से समझा, जिससे उनमें देश की विविधता और एकता के प्रति गर्व की भावना और गहरी हुई। नर्सरी से अब तक हर कक्षा में प्रथम रहने वाली अदिति राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता, कला उत्सव के क्लासिकल नृत्य में हिमाचल प्रदेश में प्रथम रही है तथा अंडर-19 फुटबॉल राज्य प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुई है। विद्यालय में वह लिटरेरी क्लब की प्रेसिडेंट और स्काउट एंड गाइड की लीडर हैं। प्रधानाचार्य विपन कुमार रघुवंशी ने अदिति व उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दीं।



छात्रा अदिति ट्रॉफियों के साथ।

### त्योहारों में नहीं चलेगी मिलावट की चाल : डॉ. एसपी कत्याल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग ने त्योहारों के मद्देनजर उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें। आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कतयाल ने कहा कि त्योहारों के समय बाजारों में मिलावट और अस्वच्छता की संभावना अधिक होती है, ऐसे में जागरूक उपभोक्ता ही अपनी सेहत का रक्षक बन सकता है। उन्होंने कहा कि खरीदारी के समय उत्पादन व समाप्ति तिथि, निर्माता का नाम और पैकेजिंग विवरण अवश्य जांचें। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियमन विभाग, खाद्य निरीक्षकों और स्थानीय प्रशासन से भी कड़ी निगरानी बनाए रखने को कहा। उन्होंने अन्य राज्यों से आने वाली मिठाइयों की भी गुणवत्ता जांच के निर्देश दिए।

# प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा के प्रति सजग : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में आयोजित मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश की साक्षरता दर 99.30 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो पड़ोसी राज्यों से अधिक है। सरकार ने मेधावी छात्रों को विदेशों में एक्सपोज़र विजिट का अवसर देकर उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद सरकार ने शिक्षा बजट में 18 प्रतिशत की वृद्धि की है, जिसके तहत इस वर्ष 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश के 133 कॉलेजों में विकास योजनाएं आरंभ की गई हैं, जिनमें सीमा कॉलेज भी शामिल है। कॉलेज में नए कोर्स शुरू किए जाएंगे और विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार शिक्षा प्रणाली को और सुदृढ़ किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कॉलेज ऑडिटोरियम की मरम्मत के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा बताया कि बहुउद्देशीय हॉल के लिए 4 करोड़ 4 लाख रुपए और कन्या छात्रावास के लिए 8 करोड़ 25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत के लिए भी लगभग 27 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।



सीमा कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री।

# बरागटा फिर संभालेंगे भाजपा हिमाचल का आईटी और सोशल मीडिया मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा में डिजिटल और सोशल मीडिया क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले चेतन बरागटा को एक बार फिर हिमाचल प्रदेश भाजपा का आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी ने उनके लंबे अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।



बरागटा वर्ष 2010 से 2018 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रमुख रहे। इस अवधि में उन्होंने देशभर में संगठन के आईटी और सोशल मीडिया नेटवर्क का गठन व संचालन किया। युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई।

चेतन 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के डिजिटल अभियानों के प्रमुख रणनीतिकार रहे। वहीं, 2012, 2017 और 2022 के हिमाचल विधानसभा चुनावों में आईटी और सोशल मीडिया अभियानों का उन्होंने सफल नेतृत्व किया। वर्ष 2018 से 2021 तक हिमाचल प्रदेश भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख के रूप में उन्होंने संगठन के डिजिटलीकरण को नई दिशा दी। उनके नेतृत्व में भाजपा हिमाचल की डिजिटल उपस्थिति लगातार मजबूत हुई। वर्ष 2023 से अब तक वे प्रदेश के आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं और पार्टी की ऑनलाइन पहुंच को सुदृढ़ बना रहे हैं।

हाल ही में बरागटा ने जम्मू-कश्मीर और दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी भाजपा के आईटी एवं सोशल मीडिया अभियानों का नेतृत्व किया, जिन्हें व्यापक सफलता मिली।

उनकी तकनीकी दृष्टि, नवाचार की समझ और संगठन के प्रति गहरी निष्ठा से भाजपा के डिजिटल अभियान को नई ऊंचाइयां मिलने की उम्मीद है। पार्टी नेताओं ने उनके पुनः नियुक्त होने पर उन्हें बधाई दी है और विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में हिमाचल भाजपा का डिजिटल मोर्चा और अधिक मजबूत होगा।

# मुख्यमंत्री सुक्खू जिम्मेदारी निभाएं, दूसरों पर आरोप न लगाएं : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वह पूर्व सरकार और अपने मंत्रियों पर सवाल उठाने की बजाय अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि तीन साल का समय बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप में उलझे हुए हैं। प्रदेश के कर्मचारी, पेंशनर्स और एचआरटीसी कर्मी सड़कों पर हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उनकी समस्याएं सुनने की बजाय केवल आंकड़ों और आरोपों की राजनीति में व्यस्त हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री की झूठी बयानबाजी अब जनता के सामने उजागर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सुख सरकार के 34 महीनों में प्रदेश पर लगभग 40 हजार करोड़ का कर्ज चढ़ चुका है और टैक्सों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल को आपदा राहत के तौर पर 5500 करोड़ रुपए मिल चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार अब तक केवल 300 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाई है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज प्रदेश की जनता समाधान चाहती है, न कि बहाने और झूठे बयानों की राजनीति। मुख्यमंत्री को समझना चाहिए कि एक झूठ को बार-बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि सुख सरकार को चाहिए कि वह अपने मंत्रियों पर दोष मढ़ने की बजाय प्रदेश की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए काम करे। जयराम ठाकुर ने कहा कि जनता अब सरकार के भ्रमजाल में नहीं फंसने वाली है और हर वर्ग में निराशा का माहौल है। इसी दौरान पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप के नेतृत्व में कांग्रेस के कई वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी जयराम ठाकुर से शिमला स्थित उनके निवास पर मिले और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने की इच्छा जताई। नेता प्रतिपक्ष ने उन्हें भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया और कहा कि मोदी सरकार ने अपने हर वादे को समय से पहले पूरा करके एक नई कार्य संस्कृति स्थापित की है।



कांग्रेस पदाधिकारियों का भाजपा में स्वागत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### चुडेश्वर टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष बने बलवीर राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। चुडेश्वर टैक्सी यूनियन का वार्षिक सम्मेलन आज किसान मजदूर भवन, चिटकारा पार्क में आयोजित किया गया। इस अवसर पर यूनियन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता बलवीर राणा ने की जबकि सीटू राज्य प्रधान विजेंद्र मेहरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष बलवीर राणा, उपाध्यक्ष विनोद शर्मा और रतन शर्मा, महासचिव सुरेश ठाकुर, सह सचिव विनोद ठाकुर, कैशियर राजेश राणा और संजू राणा, चेयरमैन कपिल शर्मा, सह चेयरमैन नरेश ठाकुर तथा सलाहकार चतर नेगी चुने गए। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी विनोद विरसांटा को सौंपी गई। समिति सदस्यों में रघुवीर ठाकुर, चमेल नेगी, संत राम, सुरेश शर्मा, दिलीप ठाकुर, भरत वर्मा, रमेश वर्मा, गोपाल शर्मा, डेविड राम, लाल राणा, सियाराम शर्मा, अमित शर्मा, अतर राणा, टीका राम शर्मा, विक्रम शर्मा, प्रदीप ठाकुर, वीरेंद्र वर्मा, प्रताप राणा, वीरेंद्र राणा, लायक राम और मनीष ठाकुर शामिल हैं। राज्य प्रधान विजेंद्र मेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि देश और प्रदेश में परिवहन क्षेत्र पर लगातार हमले हो रहे हैं। मोटर व्हीकल एक्ट में किए जा रहे संशोधनों से टैक्सी चालकों और यूनियनों के अधिकारों पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सभी को एकजुट होकर आंदोलन की तैयारी करनी होगी।

# स्प्रिंग डेल स्कूल में दिवाली पर बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा रंग

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** दीपावली के शुभ अवसर पर स्प्रिंग डेल स्कूल खनेरी, रामपुर में दीपोत्सव का आयोजन उल्लास और रचनात्मकता के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर दीपों की जगमगाहट और रंग-बिरंगे सजावट से निखर उठा, जहां हर कोना त्योहार की उमंग से भरा नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्री-प्राइमरी से लेकर वरिष्ठ वर्गों तक विभिन्न प्रतियोगिताओं से हुई। पहली व दूसरी कक्षा के नन्हे विद्यार्थियों ने दीपावली कार्ड बनाकर अपनी कल्पनाशक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया। तीसरी से पांचवीं कक्षा के बच्चों ने दीया मेकिंग में रंगों और डिजाइन की खूबसूरत छटा बिखेरी। छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने आकर्षक थालियां सजाईं, जबकि नौवीं व 11वीं कक्षा के छात्रों ने अंतर-सदनीय रंगोली प्रतियोगिता में अपनी कलात्मक प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। प्रधानाचार्य ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व प्रकाश, सद्भाव और सृजनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को त्योहार की बधाई दी और बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की।



स्प्रिंग डेल स्कूल बच्चे रंगोली सजाते विद्यार्थी।

## दिवाली की रोशनी में सुरक्षा को न भूलें, जिम्मेदार नागरिक बनें

# अग्निशमन विभाग ने दिवाली पर जारी की एडवाइजरी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दिवाली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी व रोशनी के बीच किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना को रोकने के उद्देश्य से राज्य अग्निशमन सेवा विभाग ने व्यापक अग्नि सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि उत्सव का आनंद लेते हुए सतर्कता और सावधानी को प्राथमिकता दें, ताकि दिवाली खुशियों के साथ सुरक्षित भी रहे।

अग्निशमन विभाग ने लोगों से अपील की है कि केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें और कानूनी रूप से स्वीकृत गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का ही उपयोग करें। पटाखे हमेशा खुले मैदानों, पार्कों या सुरक्षित स्थानों पर फोड़ें जो भवनों, वाहनों या किसी ज्वलनशील पदार्थ से पर्याप्त दूरी पर हों। विभाग ने सुझाव दिया है कि पटाखे जलाने से पहले आसपास पानी की एक बाल्टी या अग्निशामक यंत्र रखें। सिंथेटिक कपड़ों की बजाय सूती कपड़े पहनें, क्योंकि वे आग पकड़ने की संभावना को कम करते हैं। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर समय कोई वयस्क उनके साथ मौजूद रहे। एडवाइजरी में कहा गया है कि पटाखे जलाते समय हवा की दिशा का ध्यान रखें, ताकि वे घरों या लोगों की ओर न उड़ें। जलाने के बाद पटाखों से उचित दूरी बनाए रखें और कभी भी एक साथ कई पटाखे न जलाएं। यदि कोई पटाखा जलने में विफल रहता है, तो उसे दोबारा जलाने का प्रयास न करें, कुछ समय बाद सुरक्षित रूप से उसका निपटान करें। विभाग ने यह भी चेताया है कि घरों के अंदर, बालकनियों या सीमित स्थानों पर पटाखे न फोड़े जाएं। ढीले कपड़ों से बचें और आसपास सूखे पत्ते, गैस सिलेंडर या वाहन जैसी वस्तुएं न रखें।




### दीयों और मोमबत्तियों की देखरेख जरूरी

**अग्निशमन** विभाग ने नागरिकों को यह भी सलाह दी है कि तेल के दीये, मोमबत्तियां या सजावटी लाइटें कभी भी बिना देखरेख के न छोड़ें, खासकर पर्दों या ज्वलनशील पदार्थों के पास। विद्युत साज-सज्जा के दौरान वायरिंग की जांच करें और अधिक लोड से बचें। विभाग ने कहा है कि थोड़ी सी सतर्कता से बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

### सुन्नी में प्रदेश का पहला पीएमश्री स्कूल बना सीबीएसई से मान्यता प्राप्त संस्थान

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** जिला शिमला के सुन्नी स्थित पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश सरकार द्वारा घोषित प्रथम 100 स्कूलों की सीबीएसई से संबद्धता प्रक्रिया के तहत यह स्कूल प्रदेश का पहला सरकारी विद्यालय बन गया है जिसे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की मान्यता प्राप्त हुई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन रघुवंशी ने बताया कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत स्कूल को औपचारिक रूप से सीबीएसई से संबद्धता मिल गई है। अब आगामी शैक्षणिक सत्र से पहली कक्षा में सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत प्रवेश आरंभ होगा, जबकि दसवीं और जमा दो की परीक्षाएं भी सीबीएसई बोर्ड के अधीन संचालित की जाएंगी।

# भाजपा ने जिला प्रभारी व सह-प्रभारी किए घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- हर जिले में अनुभव और युवाओं का संतुलित संयोजन
- संगठन को मजबूत करने की दिशा में भाजपा का बड़ा कदम

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने संगठनात्मक मजबूती और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों के लिए जिला प्रभारी और जिला सह-प्रभारी नियुक्त किए हैं। यह नियुक्तियां प्रदेश भाजपा संगठन के पुनर्गठन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

जारी सूची के अनुसार चंबा जिले के प्रभारी शिवु भाई धर्म और सह-प्रभारी रमेश राणा बनाए गए हैं। कांगड़ा जिले का कार्यभार सुनील शर्मा को दिया गया है, जबकि उनके सहायक के रूप में संजीव शर्मा को जिम्मेदारी मिली है।

नूरपुर जिले में पुरषोत्तम गुलैरिया को प्रभारी और विनय शर्मा को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। पालमपुर में राजेश ठाकुर को प्रभारी तथा पंचन जम्वाल को सह-प्रभारी बनाया गया है।

देहरा में महेंद्र धर्माणी को प्रभारी और अजय ठाकुर को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। लाहौल स्पीति जिले में अखिलेश कपूर को प्रभारी तथा रणवीर सिंह को सह-प्रभारी बनाया गया है। कुल्लू जिले की जिम्मेदारी बिहारी लाल शर्मा को दी गई है, जबकि प्रेमा शर्मा उनके साथ सह-प्रभारी होंगी। इसी तरह मंडी जिले में हेमराज वचनथली को प्रभारी और मीनू सेन को सह-प्रभारी बनाया गया है।

सूची में अनुभव और युवा नेतृत्व का संतुलन स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सुंदरनगर में तिलककरण शर्मा के साथ कुसुम सरोसे, हमीरपुर में अमित ठाकुर के साथ प्रियकृत शर्मा, ऊना में रश्मिचर सूद के साथ विशाल चौहान, बिलासपुर में पायल वैद्य के साथ देशराज शर्मा, सिरमौर में डॉ. संजय ठाकुर के साथ रोकेश डोगरा को सह-प्रभारी बनाया गया है। सोलन जिले की जिम्मेदारी राजपाल सिंह को दी गई है और उनके साथ वंदना योगी सह-प्रभारी होंगी।

महासू में डॉ. सिकंदर कुमार को प्रभारी तथा आयुषतोष वैद्य को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। शिमला जिले का कार्यभार सुरेश चंदेल को मिला है और उनके साथ नितिन कुमार सह-प्रभारी होंगे। वहीं किन्नौर जिले में अजय राणा को प्रभारी और विजय परमार को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कर्मचारी वर्ग ने प्रदेश सरकार का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने राज्य सरकार की ओर से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 3 फीसदी महंगाई भत्ता प्रदान करने तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि समय पर जारी करने के निर्णय पर आभार व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्ग ने कहा कि यह राहतपूर्ण कदम महंगाई के दौर में आर्थिक संबल प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों की भलाई के लिए उठाया गया यह कदम उनकी संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। महंगाई भत्ते में वृद्धि और धनराशि की त्वरित उपलब्धता निश्चित रूप से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाएगी। विश्वविद्यालय परिवार ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए पुनः विश्वास दिलाया कि वह कृषि क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों के माध्यम से राज्य और देश की सेवा के लिए निरंतर समर्पित रहेगा।

### समय पर नहीं दिए जा रहे वेतन भत्ते

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इक्कू-2 व बनेर-3 हाइड्रो प्रोजेक्ट कर्मचारी संगठन (संबंधित सीटू) की एक बैठक राज्य सचिव रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के प्रधान रविंद्र पाल व योगराज ने बताया कि प्रबंधन द्वारा पिछले तीन-चार वर्षों से कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के कर्मचारी भत्तों का भुगतान भी समय पर नहीं हो रहा है, जिससे कर्मचारी लगातार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। संगठन ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार संबंधित प्रबंधन को सूचित किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बैठक में संगठन के सचिव चमन कुमार, विवेक शर्मा तथा यूनियन के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला, तो आंदोलन की राह अपनाई जाएगी।

## दीपावली पर घर आने व वापस जाने वाले लोगों के लिए एचआरटीसी की विशेष प्लानिंग

# हरिद्वार, दिल्ली और शिमला के लिए चलेंगी स्पेशल बसें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**दीपावली** पर घर आने लोगों और उन्हें वापस अपने रोजगार स्थल पर वापस पहुंचाने के लिए एचआरटीसी ने प्लानिंग कर दी है। इसी कड़ी में एचआरटीसी दीपावली के दिन हरिद्वार, दिल्ली और शिमला के लिए स्पेशल बसें चलाएगा, क्योंकि इस दिन शाम 5 बजे स्थानीय बसों के पहिए थम जाएंगे। ऐसे में जरूरी कार्य के लिए अन्य स्थानों पर जाने में यात्रियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए एचआरटीसी स्पेशल बसों की सुविधा उपलब्ध करवाएगा। यह जानकारी



### दिवाली के दिन शाम 5 बजे थम जाएंगे स्थानीय बसों के पहिये

डीएम एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला पंकज चड्डा ने शनिवार को प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 20 अक्तूबर सायं पांच बजे सभी स्थानीय व लंबें रूटों पर चलने वाली बसों के पहिये थम जाएंगे। ऐसे में हरिद्वार, दिल्ली या शिमला जाने वाले यात्रियों को असुविधा न हो, उसके लिए विशेष बसें चलाने की योजना बना ली गई है। इसके तहत जोगिंद्रनगर से हरिद्वार के लिए दोपहर 2:50 बजे जोगिंद्रनगर से बस चलेगी, जोकि 3:44 बजे बैजनाथ पहुंचेगी।

इसके बाद सायं 4:50 बजे पालमपुर, नगरोटा बगवां 5:15, जबकि छह बजे कांगड़ा पहुंचेगी। धर्मशाला से हरिद्वार के लिए सायं पांच बजे बस चलेगी, जो सायं छह बजे कांगड़ा पहुंचेगी। सवारियों की उपलब्धता अनुसार उपरोक्त दोनों बसों के सवारियों को इकट्ठा कर एक ही बस में भेजा जाएगा। बैजनाथ डिपो की बस बैजनाथ से रात नौ बजे दिल्ली के लिए हिमधारा बस चलेगी, जोकि 10:50 बजे कांगड़ा पहुंचेगी। वहीं, धर्मशाला से आने वाली सवारियों को इस बस में बैठाकर आगे दिल्ली भेजा जाएगा। धर्मशाला से शिमला के लिए रात दस बजे बस चलेगी। चंबा डिपो से एक बस वाया पठानकोट-दिल्ली, जबकि दूसरी बस चंबा से शिमला भेजी जाएगी।

### दिल्ली, चंडीगढ़ और बद्दी के लिए आज भी स्पेशल बसें

**डीएम** पंकज चड्डा ने बताया कि 17 अक्तूबर को दिल्ली, चंडीगढ़ व बद्दी से 38 बसें आई हैं, इनमें चंडीगढ़ से 25, दिल्ली से 12 जबकि बद्दी से एक बस आई है। शनिवार को 60 गाड़ियां आई हैं। दिल्ली से 12, चंडीगढ़ से 33 जबकि बद्दी से 15 बसें शामिल हैं। रविवार, 19 अक्तूबर को भी तीनों स्थानों से विशेष बसें आएंगी। दिवाली के बाद भी यात्रियों को बद्दी, चंडीगढ़ व दिल्ली के लिए भेजने को लेकर विशेष बसें चलाई जाएंगी।

## अरविंद चौधरी भाजयुमो प्रदेश मीडिया सह प्रभारी किए नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**शाहपुर** क्षेत्र के ऊर्जावान, कर्मठ एवं संगठन के प्रति समर्पित युवा नेता अरविंद चौधरी को भाजयुमो हिमाचल प्रदेश का मीडिया सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके दीर्घ संगठनात्मक अनुभव, निरंतर समाजसेवा, निष्ठा और राष्ट्रहित के कार्यों के प्रति समर्पण का परिणाम है। अरविंद चौधरी ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत छात्र राजनीति से की।



वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और छात्र जीवन में अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सफलता से निभाईं। उन्होंने युवा मोर्चा में जिला कांगड़ा महामंत्री, प्रभारी नगरोटा विधानसभा, प्रभारी धर्मशाला विधानसभा, एवं जिला सचिव के रूप में उत्कृष्ट संगठनात्मक कार्य किया। साथ ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित स्वयंसेवक हैं, जिन्होंने समाज में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और समरसता को सुदृढ़ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। सामाजिक क्षेत्र में वे भारतीय युवा जागृति मंच के संस्थापक सदस्य एवं अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में यह मंच युवाओं को देशहित, नशामुक्त जीवन, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के लिए प्रेरित कर रहा है। उनकी नियुक्ति से न केवल शाहपुर, बल्कि सम्पूर्ण कांगड़ा जिला एवं हिमाचल प्रदेश के युवाओं में उत्साह और गर्व की लहर है। संगठन को पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा की मीडिया टीम और अधिक प्रभावशाली, संगठित एवं सशक्त बनेगी।

## पराशर के प्रयासों से दस और युवाओं का भविष्य हुआ सुरक्षित

### मुंबई में दस युवाओं को मर्चेंट नेवी में दी नौकरी की स्पांसरशिप, रोजगार से जोड़ने का अभियान निंरतर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जसवां-परागपुर क्षेत्र में बेरोजगारी के दंश से आहत युवाओं के लिए कैप्टन संजय पराशर अब भी बड़ी उम्मीद हैं।

**प्रदेश** व जसवां-परागपुर क्षेत्र में बेरोजगारी के दंश से आहत युवाओं के लिए कैप्टन संजय पराशर अब भी बड़ी उम्मीद हैं। पराशर का युवाओं को रोजगार से जोडने् का अभियान निंरतर जारी है। पराशर ने दस युवाओं को रोजगार से जोड़ा है और अब इन्हें मर्चेंट नेवी में नौकरी करने का अवसर प्राप्त होगा।

सभी युवाओं को नौकरी की स्पांसरशिप प्रदान कर दी गई है। वहीं, बेरोजगारी खत्म करने की कवायद में जुटे संजय पराशर ने फिर से दोहराया है कि युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में मार्गदर्शन करना और नौकरी दिलवाना प्राथमिकता में शामिल है।

कैप्टन संजय प्रदेश व जसवां-परागपुर क्षेत्र में मिशन रोजगार को लेकर बड़े पैमाने पर स्तर पर काम कर रहे हैं। कोरोनाकाल से लेकर अब तक वह अकेले अपने दम पर एक हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के साधनों का सृजन कर चुके हैं। बड़ी बात यह भी है कि सभी युवाओं का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है और जसवां-परागपुर सहित प्रदेश के युवाओं को बड़ा प्लेटफार्म घर-द्वार पर ही उपलब्ध हो जाता है। एक बार पुनः युवाओं को उन्होंने तोहफा दिया है। इसी कड़ी में पराशर ने मुंबई स्थित कार्यालय में जसवां-परागपुर क्षेत्र के डाडासीबा से सुमित ठाकुर, समनोली से अभिनंदन, स्वाणा से वंश, रक्कड़ से अभिषेक धीमान, नारी (जसवां) से आदित्य डढवाल चन्नौर से राहुल पठानिया, नारी-चिंतपूर्णी ऊना से कुशाग्र, पालमपुर से प्रणय, हरोली, ऊना के इशान चड्ढा और का चयन डीएनएस के लिए हुआ है। इन युवाओं का चयन होने के बाद नौकरी की स्पांसरशिप पराशर द्वारा दी गई है। मुंबई से शब्बीर शेख को भी पराशर ने नौकरी की स्पांसरशिप प्रदान की है। चुने गए अभ्यर्थियों ने बताया कि वे साधारण परिवारों से संबंध रखते हैं। उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनका चयन मर्चेंट नेवी में इस तरह हो जाएगा। पराशर ने उन्हें रोजगार का अवसर उपलब्ध करवा दिया, जिसके लिए वह कैप्टन संजय के आजीवन आभारी रहेंगे। वहीं, इन युवाओं के अभिभावकों में राज कुमार, दिनेश, कुलदीप कुमार, बलवंत सिंह, वीरेंद्र सिंह, नंदकिशोर, सुरेंद्र और पवन कुमार ने बताया कि पराशर ने उनके बच्चों के भविष्य के लिए जो किया है, आज के दौर में कोई कहां किसी के लिए सोचता है। सही मायनों में संजय पराशर में बच्चों का भाग्योदय कर दिया है। संजय पराशर ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार सृजन के लिए उनके प्रयास जारी हैं और विदेशों में भी युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में काम मिले, इसके लिए हाल ही में उन्होंने कई नामी कंपनी प्रबंधकों के कार्यालयों में जाकर दौरा किया है। अब शीघ्र ही सीसीएमसी में भी क्षेत्र के दस युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

## दिवाली की उमंग में सजी रंगोली



गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर के गणित विभाग की ओर से दीपावली के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक सुमन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्रों ने रामायण के प्रसंगों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक इकाई के समन्वयक अरविंद कुमार और सहायक समन्वयक डॉ. शिल्पी के नेतृत्व में कार्यकम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक सुकांत अवस्थी ने किया। निर्णायक मंडल में सहायक प्राध्यापक डॉ. ध्रुव देव शर्मा, अनुराग शर्मा, वनीत राणा, डॉ. उषा शर्मा, डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. अदिति शर्मा, डॉ. राधिका तथा मोनिका चौधरी शामिल रहे।

## अमन राणा बने भाजुयमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी की लदोह पंचायत के रहने वाले अमन राणा पर विश्वास जताते हुए पार्टी ने उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया है। अमन को प्रदेश कार्यकारणी में स्थान मिलने पर स्थानीय लोगों व युवाओं ने खुशी जताई। 29 वर्षीय अमन ने संगठन के विभिन्न पदों पर अपनी भागीदारी निभाई है। अमन ने बताया कि वह 2009 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। 2013 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा महाविद्यालय पालमपुर में छात्र संघ के चुनाव में सहसचिव के पद पर नियुक्त हुए। इसके बाद एक वर्ष तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में अध्यक्ष का कार्य किया है। 2015 में अखिल भारतीय परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे। 2019 में भारतीय जनता युवा मोर्चा जयसिंहपुर के मंडल अध्यक्ष रहे। 2021 में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला पालमपुर के महामंत्री के रूप में कार्य किया। 2021 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवक से प्रथम वर्ष उसके साथ 2021 से जिला चंबा की भरमौर विधानसभा में विस्तार के नाते पार्टी का कार्य देखा। इसके साथ किसान मोर्चे में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिम्मेदारी का निर्वाहन किया।



## त्योहारी सीजन में बीएसएनएल का आकर्षक योजनाओं का पिटारा

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी उतारी आकर्षक 'वरिष्ठ नागरिक योजना'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भारत** संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने त्योहारी मौसम में ग्राहकों की खुशी को दोगुना करने के लिए विशेष दिवाली बोनान्जा सहित अन्य आकर्षक योजनाओं का पिटारा खोल दिया है। वरिष्ठ महाप्रबंधक बीएसएनएल, धर्मशाला विपिन कुमार मौर्या ने बताया कि बीएसएनएल ने हाल ही में विशेष दिवाली बोनान्जा के साथ-साथ अन्य आकर्षक योजनाएं शुरू की हैं, जिससे उपभोक्ता अपनी पसंदीदा प्लान के माध्यम से संचार सेवाओं का लाभ ले सकता है।

**ग्राहकों को लक्की ड्रॉ के माध्यम से भी लाभान्वित करने की योजना**



बीएसएनएल ने अपने नए ग्राहकों के लिए रुपए एक का दिवाली 4जी प्लान लॉन्च किया है, जिसमें अनलिमिटेड वॉयस कॉल, 2 जीबी/दिन हाई-स्पीड डेटा और 30 दिनों के लिए 100 एसएमएस/दिन शामिल हैं। यह ऑफर 15 नवंबर, 2025 तक मान्य है। 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के ग्राहकों के लिए, एक नया कनेक्शन प्लान 1812 लॉन्च किया गया है। इसमें असीमित कॉल, प्रतिदिन 2जीबी डेटा, प्रतिदिन 100 एसएमएस, 365 दिनों की वैधता, और एक निशुल्क सिम, 6 महीने के लिए बीआईटी प्रीमियम मनोरंजन मुफ्त।

यह ऑफर 18 नवंबर, 2025 तक मान्य हैं। अपने एंटरप्राइज और कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए, जो कम से कम 10 नए पोस्ट पेड बीएसएनएल कनेक्शन और एक एफटीटीएच कनेक्शन लेते हैं, उन्हें पहले महीने के एफएमसी पर 10 फीसदी की छूट दी जाएगी। यह ऑफर 18 नवंबर, 2025 तक मान्य है।

बीएसएनएल, सेल्फ-केयर ऐप या बीएसएनएल वेबसाइट के जरिए रुपए 485 और 1,999 वाले प्लान पर 5 फीसदी का त्योहारी लाभ दे रहा है। 2.5 फीसदी तत्काल छूट के रूप में ग्राहक को वापस कर दिया जाता है। शेष 2.5 फीसदी बीएसएनएल की ओर से सामाजिक सेवा कार्यों के लिए दान किया जाता है। यह ऑफर 18 नवंबर, 2025 तक मान्य है।

## आतिशबाजी के दौरान बच्चों के साथ रहें अभिभावक : सीएमओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वास्थ्य विभाग सीएमओ डॉ. विवेक करोल ने जनमानस को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. विवेक करोल ने कहा कि जिस तरह से बॉर्डर पर सेना के जवान देश की रक्षा के डटे हुए हैं, उसी तरह दीवाली के दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मचारी स्वास्थ्य योद्धा के रूप में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए डटे हुए हैं। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि दीवाली के दौरान बच्चों को बड़ों की उपस्थिति में आतिशबाजी, पटाखों को चलाने की सलाह दी है। डॉ. करोल ने जानकारी देते हुए बताया आतिशबाजी के दौरान सिंथेटिक वस्त्र न पहनें। उन्होंने खुले व सूती वस्त्र पहनकर आतिशबाजी करने की सलाह दी। डॉ. करोल ने खुशियों के त्यौहार दीवाली को सुरक्षित रूप से मनाने का संदेश दिया ।



## दिवाली, पर पटाखे चलाने को समय निर्धारित: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों की अनुपालना करते हुए कांगड़ा जिले के शहरी क्षेत्रों में भी दीपावली, गुरुपर्व, क्रिसमस तथा नववर्ष की पूर्व संध्या पर पटाखे चलाने के लिए समय निर्धारित कर दिया है। इस बाबत जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा की ओर से आदेश भी पारित किए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार इन पर्वों पर कम प्रदूषण वाले पटाखे ही चलाने की अनुमति है।

इसमें दीपावली 20 अक्तूबर को रात आठ बजे से लेकर रात दस बजे तक, गुरु पर्व 5 नवंबर को प्रातः चार बजे से पांच बजे तक तथा रात्रि नौ बजे से लेकर रात्रि दस बजे तक तथा क्रिसमस 25 दिसंबर को रात्रि 11:55 से लेकर प्रातः 12:30 तक ही पटाखे चलाए जा सकते हैं। इसी तरह से नववर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को रात्रि 11:55 से लेकर प्रातः 12:30 बजे तक की पटाखे चलाए जा सकते हैं।

### पटाखे बेचने के लिए एसडीएम से अनुमति लेना होगा जरूरी

**डीसी** ने कहा कि बाजार में सरकारी कार्यालय परिसरों, हेरिटेज बिल्डिंग और आवाज निषिद्ध क्षेत्रों में पटाखों के चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला दंडाधिकारी के आदेशों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में पटाखे बेचने के लिए संबंधित एसडीएम से अनुमति लेना भी अनिवार्य होगा। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में उपमंडलाधिकारियों द्वारा चिह्नित या निर्धारित जगहों पर ही पटाखे बेचे जा सकते हैं। इन आदेशों की अवेहलना करने वाले के खिलाफ संबंधित उपमंडलाधिकारियों को कार्रवाई के लिए प्राधिकृत किया गया है। इसके साथ ही नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पंचायतों को पटाखों से उत्पन्न होने वाले कूड़ा-कचरा के वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन के लिए भी उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

### आदेशों के तहत जरूरी हिदायतें

**चिह्नित** स्थानों पर पटाखों की दुकानों में बिना किसी रुकावट के आपातकालीन निकासी होना जरूरी है। पटाखों की दुकानों पर सेल्जमैन पटाखों की हैंडलिंग में दक्ष होने चाहिए। मार्केट या भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पटाखे बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी, चिह्नित स्थानों पर पटाखों की दुकानों की आपसी दूरी कम से कम तीन मीटर होनी चाहिए। पटाखों की दुकानों के आसपास लैंप, मोमबती जलाने तथा स्मोकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने जसूर बाजार में 4 बच्चों को भीख मांगते पकड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 के माध्यम से शनिवार को सूचना प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि कुछ बच्चे जसूर बाजार में भीख मांग रहे हैं और लोगों को परेशान कर रहे हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन जिला प्रभारी मनमोहन ने चौधरी बताया कि भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन टीम कांगड़ा द्वारा विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में उन्होंने एसपी कांगड़ा अशोक रत्न से दूरभाष के माध्यम से संपर्क साधा और जसूर बाजार में हो रही बाल भिक्षावृति की सूचना दी व नूरपुर पुलिस स्टेशन से दो पुलिस अधिकारी और चाइल्डलाइन की टीम मौका पर गई, जिन्होंने भीख मांगने वाले बच्चों को देखा और अपने पास बुलाया और भीख मांगने का कारण पूछा। बच्चों ने बताया कि उनके माता पिता भी पास में बनी झुगियों मे रहते है।

पुलिस व चाइल्ड हेल्पलाइन टीम पास में बनी झुग्गी-झोपड़ियों में गए व बच्चों के माता-पिता से मिले और बच्चों द्वारा भीख मंगवाने का कारण जाना। माता-पिता ने बताया कि वे घूमंतु लोग हैं और हिमाचल में काम की तलाश में आए हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन व पुलिस टीम ने उन्हें समझाया कि बाल भिक्षावृत्ति कानूनन अपराध है, माता-पिता ने अपनी गलती स्वीकार की और कहा कि अब वे अपने बच्चों से भीख नहीं मगवाएंगे और इन बच्चों कों स्कूल में दाखिल करवाएंगे।

## होली फेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करवाई रंगोली प्रतियोगिता

# जुपिटर सदन से महक ग्रुप प्रथम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**होली** फेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार में दिवाली के उपलक्ष्य पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने सुंदर रंगोली बनाई। मार्च सदन से खुशी, अंशिका, कृतिका, अवनी सोनी और वीनस सदन से अवनी डोगरा, एंजिल, तनवी धीमान, अनुष, और शगुन, सैटर्न सदन से सेजल, रिदम और दीक्षा, जुपिटर सदन से महक, अदिति सूर्या, आरुषि , दीपांशु ने भाग लिया।

जुपिटर सदन से महक ग्रुप प्रथम, मार्स सदन खुशी ग्रुप ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और सैटर्न सदन से दीक्षा ग्रुप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवीं से दिया डेकोरेशन प्रतियोगिता कराई गई।

कक्षा छठी और सातवीं से वॉल हैंगिंग प्रतियोगिता करवाई गई। छठी और सातवीं कक्षा से सक्षम और शुभ गोयल ने प्रथम, हर्षिता धीमन और अभय चौधरी ने द्वितीय तथा अखिलेश और आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रबंधक दीपक सूद तथा प्रधानाचार्या शशि सूद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर से सम्मानित किया। प्रधानाचार्या शशि सूद ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दी।



होली फेथ स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग।

## ग्रामीणों ने की झणेसा में रेनशेल्टर बनाने की मांग

**पवन डोगरा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** विधानसभा नगरोटा बगवां के उपरली कोठी की पंचायत बग गुलेहड़ के झणेसा में रेनशेल्टर बनाने की मांग लोगों की ओरसे उठाई गई है। यहां पर अभी तक कोई भी स्थायी रेनशेल्टर नहीं है। यहां पर सवारियां बारिश और धूप में खुले में खड़े होने को मजबूर होती हैं। यहां पर बग, झणेसा, चौंकी, रणैटा, ललेहड़, नेहड़ और अन्य जगहों की सवारियां भी बस का इंतजार करती हैं। लेकिन आज तक किसी ने भी यहां पर रेनशेल्टर बनवाने की कोशिश नहीं की। अब लोगों द्वारा यहां पर एक रेनशेल्टर बनाने की मांग लोग कर रहे हैं। लोगों का यह भी कहना है कि बाकि हर जगह रेन शेल्टर बनाए गए हैं, तो एक रेनशेल्टर यहां पर भी बनवाया जाए। यहां से होते हुए लोग पैदल भी आते-जाते हैं। यहां पैदल चलने वालों के लिए भी सुविधा होगी, अगर रेन शेल्टर बन जाए तो थोड़ी देर के लिए यहां बैठ भी सकते हैं। यहां से होती हुई दिन भी बसें आती-जाती रहती हैं और यहां पर काफी सवारियां उतरती और बैठती हैं। विभाग को चाहिए कि यहां पर एक रेनशेल्टर बनाकर लोगों की इस समस्या का हल किया जाए, ताकि आने-जाने वाले पैदल यात्रियों और बस की सवारियों को इस रेन शैल्टर की सुविधा मिल सके।

## शांता ने रोहड़ू में दलित बालक की आत्महत्या पर जताया दु :ख

### बोले- छुआछूत बड़ा अपराध और सबसे बड़ा पाप

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पूर्व** मुख्यमंत्री शांता कुमार ने शिमला जिले के रोहड़ू क्षेत्र में घटित एक दर्दनाक घटना पर गहरा दुःख और चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि एक 12 वर्षीय दलित बालक केवल इसलिए आत्महत्या करने को मजबूर हुआ, क्योंकि उसे ऊंची जाति के घर में जाने के कारण अपमानित किया गया। शांता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि बालक गलती से पड़ोस के एक ऊंची जाति के घर में चला गया था। घर की महिला ने उसे पकड़ लिया और कहा कि घर अपवित्र हो गया है, जिसके बाद उसे गोशाला में बंद कर दिया गया। अगले दिन जब वह किसी तरह घर लौटा, तो अपमान और मानसिक पीड़ा से टूटकर उसने जहर खा लिया। मरने से पहले उसने अपनी मां से कहा था कि वह इस अपमान को सहन नहीं कर पा रहा। शांता कुमार ने इस घटना को अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि जिन छुआछूत जैसी कुरितियों के कारण महान भारत को सदियों की गुलामी सहनी पड़ी, वे आज भी कहीं-कहीं जीवित हैं। यह न केवल समाज के लिए कलंक है, बल्कि भगवान का भी अपमान है, क्योंकि भगवान ने सभी को समान बनाया है। उन्होंने कहा कि छुआछूत सबसे बड़ा अपराध और सबसे बड़ा पाप है। यह देखकर दुख होता है कि 21वीं सदी के भारत में अब भी ऐसी मानसिकता मौजूद है, जिसने एक मासूम की जान ले ली।

उन्होंने कहा कि इतनी गंभीर घटना को मीडिया ने उचित स्थान नहीं दिया और समाज व सरकार ने उस पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने सरकार और समाज दोनों से गंभीर आत्मचिंतन करने की अपील करते हुए कहा कि जहां कहीं भी यह पागलपन शेष है, उसे समाप्त करने की ठोस योजना बनानी चाहिए। ऐसी घटनाएं केवल मानवता के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी गहरा आघात हैं।

## डगेरा स्कूल की कामिनी ने 400 व 600 मीटर में गोल्ड



कामिनी ठाकुर ने 400 और 600 मीटर में गोल्ड मेडल जीता है।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** जिला कांगड़ा के पंचरुखी सलियाना में खेली गई अंडर-14 जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिक्षा खंड थुरल क्लस्टर घराना राजकीय मिडल स्कूल डगेरा की कामिनी ठाकुर ने 400 और 600 मीटर में गोल्ड मेडल, जबकि डगेरा की ही आरुषिका ठाकुर ने 100 मीटर में सिल्वर मेडल जीत कर अपने स्कूल और गांव का नाम रोशन किया। बच्चों के कोच व राष्ट्रीय खिलाड़ी माथुर धीमान ने बताया कि अब यह बच्चे नवंबर माह में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में धर्मशाला में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि डगेरा स्कूल के ही सक्षम राणा राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता चंबा में भाग लेगा। माथुर धीमान ने बताया कि इस पिछड़े क्षेत्र में खेल सुविधाएं न होने के वावजूद भी हर साल यहां के बच्चे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचते हैं।

### प्रदेश के स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता और मानकीकरण होगा सुनिश्चित

# बोर्ड ने किया क्वालिटी असेसमेंट एंड अस्यूरेंस फ्रेमवर्क का प्रारूप तैयार

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता और मानकीकरण सुनिश्चित होगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने क्वालिटी असेसमेंट एंड अस्यूरेंस फ्रेमवर्क का प्रारूप तैयार कर लिया है। यही नहीं बोर्ड ने हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (स्टेज 2) के डिजिटल प्रारूप का खाका भी तैयार कर लिया है।

**हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (स्टेज 2) का डिजिटल प्रारूप भी तैयार**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बोर्ड ने विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन के लिए हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (स्टेज 2) का डिजिटल प्रारूप भी तैयार किया है, जिससे उनके शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक प्रदर्शन का पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने के लिए एनसीईआरटी और परख के सहयोग से कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है, ताकि योग्यता आधारित प्रश्न पत्र तैयार करने की प्रक्रिया और प्रभावी हो सके। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसे सरकार द्वारा स्टेट स्कूल स्टैंडर्ड सेटिंग अथॉरिटी (एसएसएसए) के रूप में अधिसूचित किया गया है। इसी क्रम में बोर्ड ने स्कूल क्वालिटी असेसमेंट एंड अस्यूरेंस फ्रेमवर्क (एसक्यूएएएफ)का प्रारूप भी तैयार किया है, जिससे राज्यभर के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और मानकीकरण सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि बोर्ड निरंतर सुधारों के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल राज्य स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहा है।

#### एक साल तक संरक्षित रहेगी सीसीटीवी फुटेज



**बोर्ड** अध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड ने नकल पर रोक लगाई है, जिसके चलते बोर्ड परीक्षाओं की वीडियोग्राफी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के सीसीटीवी फुटेज को बोर्ड की ओर से एक साल तक संरक्षित कर रखा जाएगा, जिसका बोर्ड समय अनुसार प्रयोग कर सके। उन्होंने कहा कि उनका ध्येय, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को सीबीएसई से आगे ले जाने का है तथा बोर्ड इस दिशा में कार्य कर रहा है।

# दीपावली से पहले पर्यटन नगरी में जुटी भीड़

**राज शर्मा, अनंत ज्ञान**



पर्यटन नगरी घरेलू पर्यटकों के साथ विदेशियों ने भी मैक्लोडगंज में डेरा जमाना शुरू कर दिया है।

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी भी फेस्टिवल सीजन में गुलजार होने लगी है। दीपावली से पहले मैक्लोडगंज में भीड़ जुटना शुरू हो गई है। आलम यह है कि घरेलू पर्यटकों के साथ विदेशियों ने भी मैक्लोडगंज में डेरा जमाना शुरू कर दिया है। बरसात में पर्यटन क्षेत्र पर पड़ी मंदी की मार के बाद अब धीरे-धीरे पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ने लगा है। पर्यटन क्षेत्र में मंदी की मार झेल रहे पर्यटन कारोबारियों के चेहरों पर खुशी लौटने लगी है।

**घरेलू पर्यटकों के साथ विदेशियों ने भी डाला डेरा**

इस बार अक्तूबर माह में ही धौलाधार में बर्फबारी का दीदार हो चुका है।

ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि सर्दियों के दौरान अच्छी बर्फबारी भी पर्यटन विकास को गति प्रदान करेगी। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों का कहना है कि जुलाई व सितंबर में बरसात से पर्यटन कारोबार एक तरह से ठप हो गया था, अब पर्यटकों की आमद से पर्यटन गति पकड़ने लगा है। इन दिनों धर्मगुरु दलाईलामा भी मैक्लोडगंज में हैं, उनसे मिलने भी देश-विदेश के डेलीगेट्स आते रहते हैं। यही नहीं देश-विदेश के बौद्ध अनुयायी भी धर्मगुरु के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। पर्यटन उद्यमियों की मानें तो आगामी दिनों में पर्यटन और बढ़ेगा तथा पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी होगी। इस माह के अंत से मैक्लोडगंज में धर्मशाला फिल्म फेस्टिवल का भी आयोजन होगा, जिसमें देश-विदेश के फिल्म निर्माता व निर्देशक शिरकत करेंगे, साथ ही फिल्मों के कलाकार भी पर्यटन नगरी पहुंचेंगे।

# स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल पर जोर

### भ्रांता साईं में आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी संकल्प कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश और विधायक विपिन ने की शिकरत।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी संकल्प कार्यशाला का मंडल स्तरीय आयोजन ग्राम केंद्र भ्राता साईं सर्वेश्वर मंदिर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा रहे, जबकि कार्यक्रम में सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार की विशेष उपस्थिति रहे।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि राकेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी संकल्प के बारे में जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने लोकल फार बोकल की बात कही। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग विदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करते हैं। सभी को आत्मनिर्भर बनना होगा, हमें अपनी बनाई वस्तुओं का इस्तेमाल करना होगा। इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और किसी अन्य देश पर निर्भर भी नहीं रहना पड़ेगा। मंडलाध्यक्ष थुरल विकास धीमान ने भी अपने विचार रखे। सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री की उपलब्धियों के बारे में कहा कि पिछले 11 सालों में 2014 से यह विकास की यात्रा चली थी और 2025 तक हम कहां से कहां तक आ गए हैं।

उन्होंने पहलगांव नरसंहार की बात भी की कि 28 दिनों के अंदर अंदर आतंकवादी अड्डों को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि अब भारत को किसी दुश्मन देश के साथ युद्ध लड़ने के लिए सीमा पर नहीं जाना पड़ता, अब वह देश से ही ब्रह्मोस मिसाइल के जरिए दुश्मन के ठिकानों को तबाह करने की ताकत रखता है। इसे कहते हैं आत्मनिर्भर भारत। उन्होंने मोदी की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

# 24 को सयुल खड्ड में जुटेंगे किसान नेता और सैकड़ों किसान

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पौंग विस्थापितों की अधूरी पुनर्वास यात्रा और किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर किसान सभा रियासत डाडासीबा फिर एक बार निर्णायक मोर्चा खोलने जा रही है। संगठन की ओर से 24 अक्तूबर को प्रात: 11 बजे सयुल खड्ड में विशाल बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश और क्षेत्र स्तर के किसान नेता हिस्सा लेंगे। बैठक की अध्यक्षता किसान सभा रियासत डाडासीबा के अध्यक्ष सुरजीत सिंह सिपहिया करेंगे, जबकि हिमाचल प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप तनवर मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर विधायक ठियोग एवं प्रदेश महासचिव राकेश कुमार विशेष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सभा के दौरान किसान पौंग बांध विस्थापितों के पुनर्वास, भूमि उपलब्ध करवाने, और किसानों की आजीविका से जुड़ी जमीनी समस्याओं को लेकर सरकारों के सामने नई रणनीति तय करेंगे। किसानों का कहना है कि हिमाचल और राजस्थान की सरकारें पिछले लगभग 50 वर्षों से पौंग औसथियों के बसने की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाल पाई हैं, जिसके चलते हजारों परिवार अब भी अस्थायी हालात में जीने को मजबूर हैं। किसान सभा ने इलाका निवासियों, सभी पदाधिकारियों और पौंग औसथियों से अपील की है कि वे 24 अक्तूबर को समय से पहले सयुल खड्ड पहुंचकर अपनी सहभागिता दर्ज करें। यह बैठक केवल चर्चा नहीं बल्कि किसानों के हक की लड़ाई को नई दिशा देने का मंच साबित हो सकती है।

# नुक्कड़ नाटकों से किया आपदा प्रबंधन बारे जागरूक



तलवाड़, जलेट, काथला और कर्णघट में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आपदा प्रबंधन पर जागरूकता अभियान चलाया गया।

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से शिवा ग्रुप संगीत एवीएम सांस्कृतिक कला मंच जयसिंहपुर के संबद्ध कलाकारों ने तलवाड़, जलेट, काथला और कर्णघट में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आपदा प्रबंधन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्थानीय लोगों को आपदा से बचाव के संदेश दिए। कलाकारों ने मकान निर्माण से पहले जगह की जांच करवाने और विशेषज्ञ की सलाह लेने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि घर बनाने के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाने चाहिए और मकान निर्माण के लिए ऐसी जगह का चयन करना चाहिए, जिसकी ढलान 30 से 40 मीटर से ज्यादा न हो। साथ ही, नदी-नालों से कम से कम 500 मीटर की दूरी पर ही घर बनाने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त, भूकंप जैसी आपदा आने पर लोगों को क्या-क्या एहतियाती कदम उठाने चाहिए, की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान कलाकार हरनाम धीमान, कश्वी, शशि शर्मा, संजीव समकरिया, शशि कुमार दिशांत, नजीना, परी, भारती, तलवाड़ पंचायत के रीनू देवी, जलेट प्रधान ज्योती राणा, व मास्टर ओम प्रकाश विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## हरीश धनोटिया को ओबीसी कल्याण बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की कमान



**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रदेश सरकार ने ओबीसी कल्याण बोर्ड का गठन किया है, जिसमें हरीश धनोटिया को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर बनाया गया है। हरीश कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। हरीश धनोटीया पहले से ही जिला कांगड़ा के 20 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य भी हैं। हरीश ने मुख्यमंत्री सुक्खू और उपज मंडी जिला कांगड़ा के चेयरमैन निशु मोगरा का आभार व्यक्त किया है।

## रविता भारद्वाज को किया प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा सचिव नियुक्त

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान,** बैजनाथ। बैजनाथ भाजपा की महिला नेत्री और समाज सेविका रविता भारद्वाज को प्रदेश महिला मोर्चा का सचिव नियुक्त किया है। रविता राजनीति के साथ-साथ कई सामाजिक हित के संगठनों में कार्य करती रही हैं।वर्तमान में भारत विकास परिषद में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। रविता भारद्वाज ने बताया कि 2014 से भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता की तरह कार्य कर रही है। जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष तथा किसान मोर्चा की प्रदेश सचिव भी रह चुकी हैं। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, जयराम ठाकुर, राजीव बिंदल, अनुराग ठाकुर विपिन सिंह परमार और मुल्कराज प्रेमी का आभार जताया है।



### शाहपुर कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट आयोजित

# आदित्य व निधि सर्वश्रेष्ठ एथलीट 400 मीटर दौड़ में संगम प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

शाहपुर कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। धर्मशाला कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास का आधार हैं, जो अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों में आत्मसंयम, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर आदित्य और निधि को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में आदित्य प्रथम, शुभम द्वितीय तथा अंशुल तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुजल द्वितीय और शुभम तथा अरविंद सिंह संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

400 मीटर दौड़ में संगम ने प्रथम, शुभम ने द्वितीय और वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में अरविंद प्रथम, सुजल द्वितीय और कार्तिक (बीए-तृतीय रहे। शॉटपुट में इशान प्रथम, स्पर्श द्वितीय और जतिनतृतीय रहे। डिस्कस थ्रो में जतिन ने प्रथम, अविनाश ने द्वितीय और विकास कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप में इस्माइल दीन प्रथम, आदित्य चंबियाल द्वितीय और निखिल तृतीय रहे। लांग जंप में आदित्य चंबियाल ने प्रथम, अंशुल ने द्वितीय और इस्माइल दीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में ईशा प्रथम, स्नेहा द्वितीय और सोनिया तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में निधि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अन्निका द्वितीय और दिया शर्मा (तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर दौड़ में निधि ने प्रथम, ईशा ने द्वितीय और नीसोजी नंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में निधि प्रथम, सोनिया द्वितीय और ममता शर्मा तृतीय रहीं। डिस्कस थ्रो में स्नेहा ने प्रथम, अंबिका ने द्वितीय और ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप में निधि प्रथम, स्नेहा द्वितीय और अंचल ठाकुर तृतीय रहीं। लॉन्ग जंप में भी निधि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, रिया शर्मा द्वितीय और अंबिका तृतीय रहीं। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# साइबर ठगी के पांच आरोपी राजस्थान से किए गिरफ्तार

### आरोपियों से बरामद की 9.20 लाख रुपए की राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले के विभिन्न लोगों से साइबर ठगी करने के 5 आरोपियों को साइबर टीम ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम पुलिस थाना उत्तरी क्षेत्र धर्मशाला की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ 9.20 लाख रुपए बरामद किए हैं।

**ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर शातिरों ने की थी ठगी**

पांचों आरोपियों की उम्र 25 से 31 वर्ष तक की है। राजस्थान में गिरफ्तार 5 आरोपियों को संबंधित पुलिस थाना के अंतर्गत नोटिस जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 2 जून 2023 को साइबर क्राइम थाना में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर शातिरों ने उनसे 40 लाख रुपए की ठगी की है। इस मामले में थाना की टीम निरीक्षक कमलेश कुमार, अमित कटोच, विशाल पटियाल और अनीश कुमार ने आरोपी खुशदीप दिवाकर निवासी मदेरणा कॉलोनी, कृषि मंडी, मंडोर रोड, जोधपुर, राजस्थान को जोधपुर के माता का थान पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र से गिरफ्तार किया। 30 सितंबर 2023 थाना में पालमपुर की महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि ऑनलाइन चैनल रिव्यू जॉब के नाम पर 6.60 लाख रुपए ठगे गए। इस मामले में टीम ने पुलिस स्टेशन प्रतापनगर सदर, जिला जोधपुर पश्चिम के अधिकार क्षेत्र से आरोपी गिरफ्तार किए। इस मामले में शाहरुख खान निवासी मेघवालों का शमशानघाट, प्रतापनगर, अहमद राज निवासी आदा बाजारर मोचियों की गली निवार घरो का मोहल्ला, जोधपुर और राहुल चौधरी निवासी कबूतरों का चौक, भिस्तियों का बास, पटेल चौक, जोधपुर को गिरफ्तार किया है।

इसके अलावा 5 फरवरी, 2024 एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर शातिरों ने 22.25 लाख रुपए की ठगी की है। इस मामले में दिनेश निवासी हवेली चौक, लूनी, जोधपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। एएसपी साइबर क्राइम पुलिस थाना धर्मशाला प्रवीण धीमान ने पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से 9.20 लाख रुपए बरामद किए गए हैं।

### कायाकल्प संस्थान के 20 वर्ष पूर्ण

## शांता ने की दिवाली से पहले बोनस और वेतनवृद्धि की घोषणा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विवेकानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कायाकल्प संस्थान की वार्षिक बैठक में कहा कि संस्था ने अपने सफल संचालन के 20 वर्ष पूरे कर लिए हैं। हिमाचल के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा जीवनशैली जनित रोगों का प्राकृतिक उपचार करना संस्थान का प्रमुख उद्देश्य रहा है। शांता ने बताया कि कायाकल्प को क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया और आईएसओ 9001:2015 की मान्यता प्राप्त हुई है। अब तक देश-विदेश से 50,000 से अधिक लोग संस्थान से लाभान्वित हो चुके हैं।

स्कूली बच्चों के लिए योग शिविरों का आयोजन नियमित रूप से हो रहा है, जिससे अब तक 300 से अधिक छात्र लाभ प्राप्त कर चुके हैं। संस्थान की खासियत यह है कि समस्त आय संस्थान के रखरखाव और कर्मचारियों पर खर्च की जाती है। बैठक में सभी कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व बोनस और वार्षिक वेतनवृद्धि की घोषणा की गई। शांता ने बताया कि विवेकानंद ट्रस्ट की चारों संस्थाएं मिलकर 500 लोगों को रोजगार दे रही हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से दीपावली के बाद कायाकल्प आकर 'स्वास्थ्य का उत्सव' मनाने की अपील की।

# प्रदेश में बिना प्रधानाचार्य के चल रहे 900 विद्यालय : प्रवक्ता संघ

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**

**जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के उपमंडल जयसिंहपुर की बैठक उपमंडल अध्यक्ष पृथीपाल सिंह, महिला अध्यक्ष परविंदरा जग्गी एवं सचिव राजीव भंडारी और महिला सचिव चंद्र जयोति की ओर से आयोजित गई। बैठक में प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार वित्त सचिव तिलक राज राणा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में प्रवक्ताओं से संबंधित ज्वलंत समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई। प्रवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रवक्ता से प्रधानाचार्य की पदोन्नति लगभग अढ़ाई वर्ष से अधर में लटकी हुई है।

राज्य के लगभग 900 से अधिक विद्यालय बिना मुखियाओं के चल रहे हैं। शिक्षा सचिव एवं शिक्षा मंत्री से लगातार गुहार लगाने के बाद भी कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आए हैं। पदोन्नति की आस लगाए कुछ प्रवक्ता सेवानिवृत्त हो गए हैं और कुछ सेवानिवृत्ति की कतार में खड़े हैं। 27 वर्ष तक प्रवक्ता पद पर सेवाएं देने के बाद भी प्रवक्ता पद से ही सेवानिवृत्त होने को मजबूर है। विभागीय उपेक्षा के शिकार वरिष्ठ प्रवक्ता खिन्न हैं, जिसका विपरीत प्रभाव उनके कर्मक्षेत्र में भी पड़ना लाजमी है। शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2025 में संचालित दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाओं में बोर्ड आदेशों के अनुसार, अधीक्षक, उपाधीक्षक, पर्यवेक्षक तथा अन्य प्रारुप में अपनी सेवाएं दे चुके प्रवक्ताओं को अभी तक मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। बोर्ड सचिव से बात करने पर वह यही दोहराते हैं कि आपके शिक्षा विभाग के पास शिक्षा बोर्ड का लाखों रुपया फंसा है। प्रवक्ता संघ ने मांग की कि जल्द बोर्ड भुगतान करे। बैठक में लंबित एरियर जारी करना,अध्यापक उपस्थिति का एक ही विकल्प रखना, क्लस्टर प्रणाली जारी करने से पहले प्रत्येक अध्यापक के अधिकारों को संरक्षित रखना, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अनुरूप राज्य विद्यालयों का जो चयन हुआ है, उसमें समस्त राज्य प्रवक्ता एवं अन्य अध्यापकों को ही समायोजित किया जाए अलग से कोई काडर न बने आदि पर गंभीर चर्चा हुई। प्रवक्ता से प्रधानाचार्य की पदोन्नति अविलंब की जाए, क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन लाने की कोशिश बिना प्रधानाचार्य फलीभूत होना नामुमकिन है। संघ ने कहा कि जल्द जनरल हाउस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिलेभर के प्रवक्ताओं की समस्याओं एवं सुझावों को आमंत्रित कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।




जयसिंहपुर में आयोजित बैठक में प्रवक्ताओं से संबंधित ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई।

## एफएसडब्ल्यू, टीजी और आईडीयू के नए प्रचलन बारे चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सीएमओ सभागार धर्मशाला में सामुदायिक सलाहकार बोर्ड की दूसरे चरण की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद, एमएस धर्मशाला अस्पताल डॉ. अनुराधा शर्मा आदि मौजूद रहे। इस दौरान कैब मीटिंग की समीक्षा की गई, जिसमें कुल 30 लोगों ने भाग लिया। इस समीक्षा में हाई रिस्क ग्रुप जैसे एफएसडब्ल्यू, टीजी और आईडीयू के नए प्रचलन के बारे में गहन चर्चा की गई। इस समीक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज में हाई रिस्क ग्रुपों की गतिविधियों को रोकने या कम करने के बारे में नीति बनाने की कोशिश की गई। समीक्षा के तहत स्वास्थ्य विभाग की सहूलियत के लिए पुलिस विभाग और कल्याण विभाग को मिलकर कार्य करने के लिए आह्वान किया गया, ताकि एचआईवी एड्स को खत्म करने की मुहिम को सुचारू रूप से चलाया जा सके। डॉ. राजेश सूद ने बताया कि जिले में एचआईवी की जोखिमपूर्ण आबादी का सर्वे किया जा रहा है, ताकि उनकी संख्या का पता लगाया जा सके जिससे एचआईवी की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाई जा सके।

# कबीर पंथी सभा ने आए दिन हो रहे हमलों पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**मस्तराम** प्रदेशाध्यक्ष कबीर पंथी समाज सुधार सभा हिमाचल प्रदेश ने प्रेस बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश एक शांति प्रिया प्रदेश होने के नाते यहां पर कुछ शरारती तत्व प्रदेश में जहर घोल कर जाति प्रथा को बढ़ावा दे रहे हैं, जबकि अनुसूचित जाति समाज हमेशा समानता एवं मानवता की बात करता है, जिस तरह प्रदेश में अनुसूचित जातियों पर आए दिन जानलेवा हमले हो रहे हैं, उससे प्रदेश का समस्त अनुसूचित जाति समाज अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में रोहड़ू तथा कुल्लू के मामले ठंडे भी नहीं हुए थे कि प्रदेश के जिला सोलन की सांई पंचायत के पूर्व उपप्रधान सोहन लाल की उसके साले ने 17 अक्तूबर को कथित तौर पर गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। आपको बता दें कि इनकी शादी कुछ महीने पहले इंटरकास्ट हुई थी। लड़का कबीरपंथी समाज से था,जबकि लड़की राजपूत समाज से है। इस कथित घटना से प्रदेश का समस्त अनुसूचित जाति समाज भारी आक्रोश में है। संबंधित पुलिस ने विभिन्न धाराओं में आरोपी के खिलाफ केस तो दर्ज किया है, लेकिन अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

इस हत्याकांड की विभिन्न अनुसूचित जाति संगठनों ने जिसमें हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा, कोली समाज सभा, महाशा सभा इत्यादि ने इस गोलीकांड की कड़े शब्दों में निंदा की है। कबीर पंथी समाज सुधार सभा ने मुख्यमंत्री से इस घटना पर कड़ा संज्ञान लेने तथा आरोपियों को तुरंत सलाखों के पीछे लाने की मांग की है। सभा ने प्रदेश सरकार एवं जिला सोलन प्रशासन को चेतावनी दी कि प्रदेश में समस्त अनुसूचित जाति समाज धरना-प्रदर्शन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेवारी प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन की होगी।

## अनुराधा ने उपाध्यक्ष बनने पर शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, हिमाचल प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर अनुराधा शर्मा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया है। अनुराधा शर्मा ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर और राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश हित में महिलाओं के सशक्तिकरण व संगठन को मजबूत करने की दिशा में वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। अनुराधा शर्मा ने क्षेत्र के पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान व सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भी धन्यवाद किया।



## न्यूज ब्रीफ

### डीसी ने किया 'व्यास प्योर' स्टॉल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला प्रशासन की ओर से आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार ने शनिवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला सदस्यों द्वारा संचालित 'व्यास प्योर' स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर एवं उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) राजदीप सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शित विभिन्न उत्पादों का गहन अवलोकन किया। स्टॉल पर महिला सदस्यों द्वारा स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए शुद्ध खाद्य उत्पाद, अचार, पापड़, मुरब्बा, मसाले, हैंडमेड वस्तुएं, पर्यावरण अनुकूल उत्पाद और घरेलू उपयोग की सामग्री प्रदर्शित की गई थी। इन उत्पादों की गुणवत्ता, पैकिंग और प्रस्तुति देखकर अधिकारीगण विशेष रूप से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि व्यास प्योर' ब्रांड न केवल स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता का परिचायक है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, लगन और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक भी है। एनआरएलएम के तहत इन महिलाओं ने जिस समर्पण और कौशल के साथ यह कार्य किया है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका के अवसर भी दे रहे हैं।

### मजारी स्कूल में करवाया रामायण का पाठ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में दीवाली की छुट्टियों से पूर्व एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र व शिक्षाओं से परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका श्वेता के नेतृत्व में समस्त विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा रामायण का सामूहिक पाठ किया गया। तत्पश्चात रामायण पर आधारित अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों के ज्ञान की परख की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने कहा कि आज की पीढ़ी श्रीराम के नाम से तो परिचित है, लेकिन उनके आदर्शों से दूर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम् जैसे विचारों को साकार करता है और छात्रों को ऐसे चरित्रों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर अंतर सदनीय रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सभी सदनों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### कलाकारों ने आपदाओं से बचाव के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** स्वारघाट विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत स्वारघाट व सवाहण में जन चेतना कला मंच झंडूता के कलाकारों ने फोक मीडिया के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत-संगीत के माध्यम से उपस्थित लोगों को विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से बचाव एवं प्रबंधन बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करते हुए वज्रपात के बचाव हेतु अपनाएं जाने वाले तरीके के सुझाव समझाए। उन्होंने बताया कि वज्रपात के शिकार व्यक्ति के श्वसन व नाड़ी की जांच करें। यदि व्यक्ति की सांस न चल रही हो तो मुख से मुख जोड़कर कृत्रिम रूप से सांस देना बहुत कारगर हो सकता है। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करते हुए बताया कि अंतिम गर्जन की आवाज सुनाई देने के 30 मिनट बाद तक सुरक्षित स्थान से बाहन निकलना जोखिम भरा हो सकता है। कलाकारों ने भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे धार्मिक पूजास्थल, मेले, उत्सवों आदि में सावधान रहें व अनुशासित तरीके से चलें। यह भी बताया कि भगदड़ मचने की स्थिति में संयम व धैर्य बनाए रखें व यदि संभव हो तो भगदड़ वाले मार्ग से हट जाएं।

### कांग्रेस 23 को नम्होल में करेगी धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झुखाला की बैठक शुक्रवार को रेस्ट हाउस नम्होल में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर और पूर्व महासचिव विकास ठाकुर ने की। बैठक में आगामी धरना-प्रदर्शन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि 23 अक्तूबर को कांग्रेस कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करेंगे। विकास ठाकुर ने कहा कि आरएसएस देश में मनुवादी विचारधारा फैलाकर समाज को बांटने का काम कर रही है और भाजपा इस विचारधारा को संरक्षण दे रही है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के भाई पर लगे रेप केस का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि भाजपा नेता इस पर चुप क्यों हैं।

# धनतेरस पर दुकानों पर उमड़ी भारी भीड़, लोगों ने जमकर की खरीदारी

## बर्तनों और गहनों की दुकानों पर दिखे सबसे ज्यादा कस्टमर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

धनतेरस का पर्व इस बार बिलासपुर जिला मुख्यालय में खूब रौनक लेकर आया। शनिवार को सुबह से ही बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम होते-होते सड़कों और गलियों में इतनी चहल-पहल थी कि बाजारों में पैर रखने तक की जगह मुश्किल से मिल रही थी। धनतेरस पर पारंपरिक रूप से खरीददारी शुभ मानी जाती है, इसलिए हर कोई कुछ न कुछ नया खरीदने निकला। सबसे अधिक भीड़ बर्तनों की दुकानों और सुनारों की दुकानों पर देखने को मिली। लोग पीतल, तांबे और स्टील के बर्तन खरीदने में व्यस्त रहे। वहीं, सोने-चांदी की दुकानों पर सिक्कों, आभूषणों और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की खरीदारी के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई दुकानदारों ने बताया कि इस बार बिक्री पिछले सालों की तुलना में बेहतर रही और ग्राहकों का उत्साह देखकर व्यापारियों के चेहरे खिल उठे।



धनतेरस पर्व पर दुकानों में खरीदारी करते लोग।

धनतेरस की खरीदारी में इस बार कपड़ों की दुकानों का भी अच्छा कारोबार हुआ। महिलाएं पारंपरिक परिधान और साड़ियां चुनती नजर आईं, जबकि युवाओं ने ट्रेंडी परिधानों में दिलचस्पी दिखाई। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को लुभाने के लिए विशेष छूट और सजावट का इंतजाम किया था। वहीं, आतिशबाजी के स्टालों पर भी बच्चों और युवाओं की भीड़ देखी गई। रंग-बिरंगी फूलझड़ियां, अनार और चकरी खरीदने वालों का उत्साह देखने लायक था। हालांकि प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिगत आतिशबाजी की दुकानों को मुख्य बाजार से बाहर लगाया था, फिर भी वहां लोगों का तांता लगा रहा।

### भीड़ नियंत्रित करने में पुलिस के छूटे पसीने

**शहर** के मुख्य बाजार, कॉलेज चौक, गांधी चौक और लुहणू चौक क्षेत्र में शाम के समय ट्रैफिक पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। वाहन पार्किंग स्थलों पर लंबी कतारें और जाम के हालात भी बने रहे। धनतेरस की इस चहल-पहल ने पूरे शहर को त्योहार के रंग में रंग दिया। हर ओर जगमग रोशनी, दुकानों की सजावट और मिठाइयों की महक माहौल को और भी खुशनुमा बना रही थी। लोगों ने कहा कि लंबे समय बाद बाजारों में ऐसी रौनक देखने को मिली है, जिसने दीपावली के उत्सव की शुरुआत को यादगार बना दिया।

# झंडूता में दीपावली की भीड़ और अतिक्रमण से बढ़ा खतरा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



दीपावली के त्योहार के चलते झंडूता के बाजारों में खरीददारी के लिए उमड़ी भीड़ और दुकानदारों द्वारा सड़कों पर किए गए अतिक्रमण ने सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। बाजारों में संकरे रास्तों और जाम की स्थिति के कारण आपातकाल में दमकल वाहनों का पहुंचना मुश्किल हो सकता है, जिससे अनहोनी की स्थिति में बड़ा नुकसान होने का अंदेशा है। मुख्य बाजार में दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों के बाहर फड़ियां लगाकर कई फीट तक सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ है। इससे बाजार की सड़कें इतनी संकरी हो गई हैं कि दोपहिया वाहनों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बची है। खासकर झंडूता बाजार से ब्लॉक जाने वाले रास्ते की स्थिति सबसे खराब है। ऐसी स्थिति में दमकल गाड़ियों का पहुंचना लगभग असंभव है।

### आपातकाल में दमकल वाहनों के लिए घटनास्थल पर पहुंचना बना चुनौती

झंडूता दमकल विभाग के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम लगातार बाजार में निगरानी कर रही है और दुकानदारों से सड़कों पर सामान न रखने की अपील की जा रही है। दमकल वाहन के लिए रास्ता सुनिश्चित करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए विभाग की गाड़ी द्वारा लगातार घोषणाएं भी की जा रही हैं। त्योहार के मद्देनजर दमकल विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। वहीं, पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया की अगर बाजार में समस्या बढ़ी तो नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# घुमारवीं नगर में अस्थायी ट्रैफिक रूट डायवर्जन लागू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

त्योहारी सीजन के दौरान घुमारवीं नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और आम जनता को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अस्थायी यातायात रूट डायवर्जन लागू करने का निर्णय लिया है। जिला दंडाधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार ने 18 अक्तूबर से 23 अक्तूबर तक इन अस्थायी रूट परिवर्तनों को मंजूरी प्रदान करते हुए आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार, त्योहारी भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए चंडीगढ़-नेरचौक फोरलेन से घुमारवीं नगर की ओर आने वाला यातायात भगेड़ मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। इसी प्रकार कुठेड़ा, जाहू, सरकाघाट और धर्मपुर की ओर जाने वाले हल्के वाहनों को पनोह-टकरेड़ा-बरोटा-सिल्ह सड़क मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। वहीं, भारी वाहनों (एचएमवी) की आवाजाही घुमारवीं मुख्य एनएच-103 मार्ग से ही होगी। इसके अतिरिक्त, हमीरपुर से घुमारवीं की ओर आने वाले हल्के व भारी वाहन निहारी-बरठीं मार्ग से डायवर्ट किए जाएंगे।

यह अस्थायी रूट डायवर्जन 18 अक्तूबर से 23 अक्तूबर तक प्रभावी रहेगा। उपायुक्त ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वह प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों का पालन करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# बंदला स्कूल की बेटियों ने संगीत में रचा इतिहास

## जिला स्तरीय अंडर-14 प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार जीता जिला खिताब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए जिला स्तरीय अंडर-14 सांस्कृतिक प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर हैट्रिक बना ली है। यह प्रतियोगिता नम्होल में आयोजित हुई, जहां बंदला स्कूल की छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सुगम संगीत में निहारिका ठाकुर, शास्त्रीय संगीत में कामिनी, और भाषण प्रतियोगिता में निहारिका ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, समूह गान प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने अपनी मधुर और सुमधुर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया और प्रथम स्थान अपने नाम किया। समूह गान में भाग लेने वाली छात्राओं में निहारिका ठाकुर, वंशिका, अंकिता, कामिनी, नीतिका, निधि, अपर्णा, तन्वी, यशीता, दिव्या, नव्या और पलक शामिल थीं, जिन्होंने अपनी सुमेलित आवाज़ से मंच पर ऐसा वातावरण बनाया कि दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठे।



इन छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के पर्यटन विषय के अध्यापक अभिषेक डोगरा को दिया, जिन्होंने अपनी लगन, मेहनत और मार्गदर्शन से बच्चियों को लगातार तीन वर्षों तक सफलता के इस मुकाम तक पहुंचाया। अभिषेक डोगरा ने न केवल अपने विषय में उत्कृष्ट योगदान दिया है, बल्कि अपने शौक और समर्पण से स्कूल की प्रतिभाओं को नई दिशा दी है।

समापन समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल के प्रधानाचार्य प्रीत लाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर विजेता छात्राओं को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने बच्चियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि बंदला की बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि अगर इच्छाशक्ति मजबूत हो और मार्गदर्शन सही मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा भी हर मंच पर चमक सकती है।

# शिवा इंटरनेशनल स्कूल में इनडोर शूटिंग रेंज का लोकार्पण



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

शिवा इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल बिलासपुर में शनिवार को अलंकरण समारोह बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में इनडोर शूटिंग रेंज का विधिवत लोकार्पण मल्लिका नड्डा (स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्ष) तथा दिलीप सिंह चंदेल (भारतीय निशानेबाजी कोच) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में मल्लिका नड्डा (स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्ष) उपस्थित रहीं। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलीप सिंह चंदेल (भारतीय निशानेबाजी कोच) तथा जोगिंदर जम्वाल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं और विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करते हैं।

### स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया अलंकरण समारोह

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के हेड ब्वॉय वेदांत शर्मा, हेड गर्ल इप्शिता शर्मा, तथा स्पोर्ट्स कैप्टन शौर्य सुपइया की घोषणा की गई। विद्यालय परिवार ने इन छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आयुष शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें सदैव उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# पंचायत चुनाव स्थगित करने का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पंचायत समिति घुमारवीं की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का जो निर्णय प्रदेश सरकार एवं राज्य आयुक्त सचिव एवं अध्यक्ष राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा लिया गया है, वह पूर्णतः स्वागत योग्य है। समिति ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश में आपदा प्रबंधन एवं जनहित से जुड़े कार्यों को और अधिक गति मिलेगी, जिससे आम जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा।

बैठक में कोठी वार्ड के सदस्य रवि कौशल ने यह स्वागत प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा, जिसे सभी पंचायत समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। प्रस्ताव में कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा आपदा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पंचायत चुनावों को स्थगित करना एक दूरदर्शी कदम है, जिससे आपदा से निपटने और राहत कार्यों को प्रभावी रूप से संपन्न किया जा सकेगा। समिति ने इस निर्णय के लिए प्रदेश सरकार, राज्य सचिव एवं अध्यक्ष आपदा प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया।

# अल्फा स्कूल बरठीं में विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



विज्ञान मेले के समापन समारोह में मुख्यातिथि का स्वागत करता अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का स्टाफ।

**अनंत ज्ञान बरठीं**

झंडूता उपमंडल के बरठीं में स्थित अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित विज्ञान मेले का समापन समारोह 18 अक्तूबर को धूमधाम से संपन्न हुआ। समापन समारोह में मदन शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए।

स्कूल के प्रधानाचार्य टीडी शर्मा ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह और गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। विज्ञान मेले के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। मेले में विज्ञान प्रश्नोत्तरी, एक्टिविटी कॉर्नर और मैथमेटिकल ओलंपियाड जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों ने न केवल छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया, बल्कि उनके तार्किक और गणितीय कौशल को भी निखारा। प्रधानाचार्य टीडी शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्यातिथि मदन शर्मा ने भी छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने स्कूल के शैक्षणिक माहौल को और समृद्ध किया।

# संघ के खिलाफ प्रदर्शन कांग्रेस की बौखलाहट का सबूत : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ प्रदर्शन करना कांग्रेस की बौखलाहट का सबूत है।



उन्होंने कहा कि संघ के खिलाफ पुतले जलाना या आंदोलन करना किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, जो राष्ट्रवादी विचारधारा, अनुशासन, एकता और निस्वार्थ सेवा की भावना के साथ देशहित में काम कर रहा है।

विधायक ने कहा कि संघ व्यक्ति निर्माण के साथ समाज जागरण का भी काम करता है, और भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। ऐसे संगठन के खिलाफ आंदोलन करना कांग्रेस के नेताओं की राजनीतिक हताशा और दिशाहीनता को उजागर करता है। रणधीर शर्मा ने कहा कि इस वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है और खंड स्तर पर आयोजित पथ संचलन कार्यक्रमों को देखकर कांग्रेस के नेताओं की नींद उड़ी हुई है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा — अगर अभी इन कार्यक्रमों की शुरुआत से ही कांग्रेस इतनी बेचैन है, तो आगे होने वाले बड़े आयोजनों में तो उनकी हालत और खराब हो जाएगी। विधायक ने कांग्रेस नेताओं को सलाह दी कि वे संघ जैसे सामाजिक संगठन के खिलाफ आंदोलन कर जनता के बीच हास्य का पात्र न बनें। उन्होंने कहा कि संघ ने हमेशा देश के हर संकट में सेवा की मिसाल पेश की है — चाहे गुजरात भूकंप हो या कोई प्राकृतिक आपदा, स्वयंसेवक सबसे पहले राहत कार्यों में जुटे हैं। संघ ने पिछड़े क्षेत्रों में एकल विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा का प्रसार किया है और समाज में समरसता व राष्ट्रीय चेतना को बल दिया है।

रणधीर शर्मा ने दो टूक कहा कि कांग्रेस चाहे जितनी भी आलोचना कर ले, जब-जब संघ पर प्रतिबंध लगे हैं, तब-तब संघ और मजबूत होकर उभरा है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक इन धरनों या प्रदर्शनों से डरने वाले नहीं, बल्कि और अधिक जोश से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहते हैं।

# रिजुल और प्रेरणा बने बेस्ट वालंटियर

## डंगार स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, दधोल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में दमोदार दास(समाज सेवी व सेवानिवृत्त सीएचटी) ने शिरकत की। इस शिविर में 18 लडकियों और 23 लड़कों ने भाग लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्कूल कैंपस की ब्यूटीफिकेशन, डंगार उप स्वास्थ्य केंद्र, हरि देवी मंदिर, डंगार बाजार के आसपास के क्षेत्रों तथा गोद लिए गांव के जल स्त्रोतों व आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। साथ ही फूलों की क्यारियों की साज-सज्जा, स्कूल की पानी की टंकियों को साफ-सफाई व स्कूल में रखे गमलों की साफ-सफाई की। स्वयंसेवियों ने विद्यालय में 25 किलो आलू, लहसुन, पालक, मूली गाजर व सरसों आदि की भी विजाई की। शिविर के समापन वाले दिन स्वयंसेवियों ने शुबह 8 बजे से 9 बजे तक विद्यालय के मुख्य गेट के पास सड़क के दोनों ओर फूलों व ऑरनामेंटल पौधों की निराई की व आलू की क्यारियों में कम्पोस्ट खाद अच्छर सिंह के घर से ढो कर डाली।





स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसमें प्रेरणा, शगुन, कुसुम, नयन व यशस्वी तथा सहेलियों ने नृत्य पेश कर सभी उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर एनएसएस बेस्ट वालंटियर ब्वॉयज में रिजुल व गर्ल्स में प्रेरणा को चुना गया। बेस्ट ग्रुप लीडर में रोहित व शगुन, बेस्ट मैस एनएसएस वालंटियर में सक्षम व शगुन शर्मा को चुना गया। बेस्ट प्रोजेक्ट वर्कर निर्षाद व कुसुम को चुना गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी अतिथियों को भोजन कराया गया व स्वयंसेवी भी भोजन कर सभी बर्तनों को साफ करके अपने अपने घरों को रवाना हो गए।

**शिलान्यास** नगर एवं ग्राम नियोजन व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने रखी भवन की आधारशिला

# 1.14 करोड़ रुपए से बनेगा दकड़ी पंचायत का भवन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जनता को सुप्रीम मानकर सभी विभागीय अधिकारी कार्य करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों के कल्याण एवं उत्थान को अनेंकों जन कल्याणकारी योजनाओं को शुरू करती है, लेकिन धरातल में विभागीय अधिकारियों की लेटलतीफी के कारण योजनाओं का लाभ आम जनमानस तथा पात्र लोगों को समयबद्ध नहीं मिल पाता है। धर्माणी घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दकड़ी में लगभग 1.14 करोड़ की लागत से बनने वाले पंचायत भवन की अधारशिला रखने के उपरांत एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दकड़ी पंचायत का यह भवन आने वाले समय में एक जन सुविधा केंद्र के तौर पर कार्य करेगा। जिसके माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा लाभ आसानी से पंचायत के लोगों को एक ही छत के नीचे सुनिश्चित होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह पंचायत भवन अपनी निर्धारित निर्माण अवधि के भीतर ही बनकर तैयार कर लिया जाएगा।



दकड़ी में पंचायत भवन की आधारशिला रखते तकीनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

राजेश धर्माणी ने कहा कि लोगों को समयबद्ध एवं त्वरित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों के राजस्व मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित बनाने को विशेष राजस्व अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व मामलों के निपटारे के लिए सरकार द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत मात्र 15 दिनों के भीतर ही संपूर्ण प्रदेश में लगभग 98 हजार इंतकाल के मामलों का निपटारा सुनिश्चित बनाया गया है।

### कहा- दकड़ी को बनाएंगे आदर्श पंचायत

**मंत्री** ने कहा कि दकड़ी पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि आने वाले समय में इस पंचायत को एक आदर्श पंचायत के तौर विकसित करने के हरसंभव प्रयास होंगे। उन्होंने कहा कि चुवाड़ी-दाड़ा संपर्क सड़क निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। साथ ही कहा कि नांगलू बस्ती संपर्क सड़क को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा, जबकि गलयाना संपर्क सड़क निर्माण के लिए टैंडर लगा दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि कुलारू-चुवाड़ी संपर्क सड़क के निर्माण कार्यों के लिए भी 10 लाख के टेंडर लगा दिए गए है तथा जल्द ही पक्की हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बल्ही में लगभग 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा पंचायत में उपस्वास्थ्य केंद्र तथा पशु स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए जमीन संबंधित विभागों के नाम स्थानांतरित कर दी गई है। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से हिमाचल शिवा प्रोजेक्ट के साथ भी जुड़ने का आह्वान किया ताकि किसानों एवं बागवानों की आर्थिकी को सुदृढ़ किया जा सके।

# युवा नेतृत्व को नई दिशा : नेकराज ठाकुर बने भाजयुमो के प्रदेश सचिव

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** चंबा विधानसभा क्षेत्र के साहो मंडल से संबंध रखने वाले एडवोकेट नेकराज ठाकुर को हाल ही में भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। संगठन में यह जिम्मेदारी उन्हें उनके दीर्घ अनुभव, निष्ठा, अनुशासन और संगठनात्मक कार्यों के प्रति समर्पण को देखते हुए सौंपी गई है। नेकराज ठाकुर ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 2013 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से की थी। विद्यार्थी जीवन के दौरान उन्होंने कैंपस अध्यक्ष चम्बा, जिला संयोजक चम्बा, तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैसे अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए संगठन को नई ऊर्जा दी।



उच्च शिक्षा के लिए नेकराज ठाकुर ने प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में प्रवेश लिया, जहां उन्होंने वर्ष 2016 से 2019 तक बैचलर ऑफ लॉ (एल.एल.बी) की पढ़ाई पूरी की। विश्वविद्यालय काल के दौरान वे एबीवीपी की कैंपस में जॉइंट सेक्रेटरी, सोशल मीडिया संयोजक, के रूप में सक्रिय रहे। वर्ष 2020 से 2025 तक उन्होंने जनजातीय मोर्चा हिमाचल प्रदेश के आईटी संयोजक के रूप में कार्य करते हुए संगठन में डिजिटल विस्तार और युवा जुड़ाव को नई दिशा दी। संगठन में उनकी लगातार सक्रियता और प्रतिबद्धता को देखते हुए अब उन्हें प्रदेश सचिव युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नेकराज ने कहा कि मैंने विद्यार्थी जीवन से ही प्रदेश सेवा में योगदान देना शुरू किया था। हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ निभाया है। भविष्य में भी जब-जब संगठन, जिला या प्रदेश स्तर पर मेरी आवश्यकता महसूस करेगा, मैं सदैव तत्पर रहूंगा। उनकी यह नियुक्ति न केवल युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है, बल्कि यह हिमाचल में युवा नेतृत्व के सशक्त उदय का प्रतीक भी मानी जा रही है।

# चौगान नंबर-2 में फिर चोरी, मेहनतकश महिलाओं की उम्मीदों पर फिरा पानी

## न्याय की तलाश में अंजू और अनीता कुमारी, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा शहर के चौगान नंबर-2 में मेहनत से अपनी आजीविका चलाने वाली दो गरीब महिलाएं अंजू और अनीता कुमारी एक बार फिर असहायता की स्थिति में हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत दोनों महिलाएं हस्तशिल्प, अचार और घरेलू उत्पाद बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं। लेकिन बीते डेढ़ महीने से ये महिलाएं लगातार चोरी और तोड़फोड़ की घटनाओं का सामना कर रही हैं।

पहले भी इनकी कैनोपी से सामान चोरी हो चुका था, लेकिन 18 अक्तूबर की रात को फिर चोरों ने धावा बोला। इस बार चोर अचार के 10 डिब्बे और अन्य सामान उठा ले गए। जब दोनों महिलाएं शनिवार सुबह चौगान पहुंचीं, तो उनके सामने टूटी-फूटी कैनोपी और बिखरा हुआ सामान था। अनीता ने बेबस आवाज़ में कहा कि हम गरीब हैं, पर मेहनत से अपनी इज्जत की रोटी कमाते हैं। मगर यहां तो ईमानदारी से काम करने भी नहीं दिया जा रहा। रोज सुबह अपने बिखरे सामान को देखकर हिम्मत टूट जाती है। दोनों महिलाओं ने सिटी चौकी, थाना चंबा में शिकायत दर्ज करवाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जवाब हर बार वही जांच जारी है। यह घटना सरकार के महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के दावों पर बड़ा सवाल उठाती है। चौगान नंबर-2 की ये महिलाएं अपने परिवार की रीढ़ हैं, लेकिन जब उनकी मेहनत पर बार-बार चोरी का साया मंडराए और प्रशासन मौन रहे — तो ऐसे प्रयासों का क्या अर्थ बचता है?



### स्थानीय लोगों की नाराजगी व सुझाव

**स्थानीय** लोगों ने भी रात्री सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि चौगान नंबर-2 में देर रात नशे में धुत युवक उत्पात मचाते हैं। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे लगाने या एक स्थायी सुरक्षा गार्ड तैनात करने की मांग की है। साथ ही लोगों ने चौगान में स्वच्छता की गंभीर समस्या पर भी ध्यान दिलाया। कई जगहों को लोगों ने शौचालय में बदल दिया है, जिससे पूरे क्षेत्र में बदबू फैली रहती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को ऐसे लोगों पर सख्त जुर्माना लगाना चाहिए ताकि चौगान की गरिमा बनी रहे। गरीबी में भी अपनी इज्जत की रोटी कमाने वाली ये महिलाएं समाज की असली ताकत हैं। अब जरूरत है कि प्रशासन इनकी सुरक्षा और सम्मान की जिम्मेदारी निभाए, ताकि अंजू और अनीता जैसी मेहनतकश महिलाओं का हौसला टूटने न पाए।

# मांधा स्कूल में विद्यार्थियों ने बनाई रंग-बिरंगी रंगोलियां

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांधा में दीपावली का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंग-बिरंगी आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सुंदर और मनमोहक रंगोलियां बनाई जिन्हें देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

इस अवसर पर प्रवक्ता हिंदी सुभाष शर्मा ने विद्यार्थियों को दीपावली के महत्व के बारे में जानकारी दी और विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली प्रेम, सत्य और सद्भाव का त्योहार है और प्रदूषण मुक्त एवं पर्यावरण अनुकुल दीपावली मनाना हम सब की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक मौजूद रहे और बच्चों और उनके अभिभावकों को दीपावली की शुभकामनाएं दी इस मौके पर टीजीटी आर्ट्स अरुण कुमार ने भी बच्चों से सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकुल दीपावली मनाने और पटाखों का उपयोग न करने की अपील की। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी सुशील पठानिया ने बच्चों और उनके अभिभावकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बच्चों को पटाखों से दूर रहने और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश दिया और उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मे सम्मानित किया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### आज से चंबा प्रवास पर रहेंगे विस अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** 19 अक्तूबर से चार दिवसीय चम्बा प्रवास पर रहेंगे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार 19 अक्तूबर को कुलदीप सिंह पठानिया सायं 7 बजे सिहुंता पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 22 अक्तूबर को विधानसभा अध्यक्ष ग्राम पंचायत जंद्रोंग के गांव जंद्रोंग में नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन करेंगे।

### नुक्कड़ नाटक से दिया आपदा जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग और स्थानीय रंगमंच समूहों ने मिलकर 'समर्थ-2025' अभियान के तहत आपदा न्यूनीकरण को लेकर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया। सराहन के आर्ट एंड कल्चर ग्रुप ने होली और गरोला में जबकि चम्बा रंग दर्शन समूह ने सुंडला और तेलका में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। कलाकारों ने भवन निर्माण में आपदा सुरक्षा की अनिवार्यता, आपातकालीन किट की तैयारी और टोल-फ्री हेल्पलाइन 1077 की जानकारी देकर लोगों को सजग रहने का संदेश दिया। इस दौरान बताया गया कि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा प्रयास आवश्यक है। 'समर्थ-2025' अभियान के अंतर्गत 1 से 31 अक्तूबर तक राज्य भर में जागरूकता गतिविधियां जारी रहेंगी।

### 48 गांवों को आदर्श ग्राम बनाने की योजना

**अनंत ज्ञान, पांगी।** विकास खंड अधिकारी पांगी योगेश वर्मा ने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर नेतृत्व और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन आदि कर्मयोगी उत्तरदायी शासन और जनजातीय समुदायों के समावेशी विकास के लिए भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है। इसके तहत विकास खंड पांगी की ग्राम पंचायत सेचु, साच, साहली, कुमार, फिन्डरु मे 17 और 18 अक्टूबर 2025 को दो दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि विकास खंड पांगी की 19 पंचायत के 48 गांव में को आदर्श गांव के रूप रेखा तैयार करने के लिए 10 से 15 लोगों की आदि कर्म योगी व आदि सहयोगी टीम का गठन करके प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गांव वालो के साथ विलेज एक्शन प्लान पर सामूहिक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव स्तर पर प्रशिक्षित आदि कर्मयोगी व आदि सहयोगी और सरकारी अधिकारियों और जनजातीय समुदाय के बीच एक पुल की तरह काम करना है, जिसमें गांव के सचिव, प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला मंडल, युवक मंडल, जलशक्ति विभाग व वन विभाग के कर्मचारी व सिलाई अध्यापिका और समाजसेवी 'आदि सहयोगी' के रूप में समुदाय का मार्गदर्शन करेंगे ताकि ब्लॉक स्तर के अधिकारी कर्मचारी बैठ कर गांव की समस्याओं का निराकरण कर सकें और ग्रामवासियों को प्रशासन की योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके एवं प्रशासन और गांव के बीच समन्वय स्थापित हो सके। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमन ठाकुर प्राइमरी हेल्थ सेंटर साच विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### 3 दिन बंद रहेगा मां बगलामुखी रोपवे का संचालन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला में पंडोह कैंची मोड़ से माता बगलामुखी मंदिर के लिए स्थापित रोपवे का संचालन तीन दिनों के लिए स्थगित किया जा रहा है। रोपवे एंड रेपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम ड्वल्पमेंट कॉर्पोरेशन के उप महाप्रबंधक मुनीष साहनी ने आज यहां बताया कि तिमाही मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते इस रोपवे का संचालन 22 से 24 अक्टूबर तक बंद रहेगा। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की है।

### राम-हनुमान मंदिर में आज लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, महादेव।** धनोटू- बग्गी मार्ग स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौक के नजदीक दूर-दूर तक मशहूर राम-हनुमान मंदिर में 19 अक्तूबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा वहीं पूर्व संध्या और अगले दिन-रात पवनसुत हनुमान की चालीसा पाठ एवं भजन आदि गाए जाएंगे। वीर हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर लगाए जाने वाले इस भंडारे को लेकर प्रमुख सेवा कर्ता राणा महेंद्र ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि वह इस धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करें और संकट मोचन वीर हनुमान के समक्ष नतमस्तक होकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाएं।

# ग्रामीणों को डिजिटल लेन-देन को अपनाने के लिए किया प्रेरित




**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**रुणहकोठी के सामरा में वित्तीय डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन**

**भरमौर।** राज्य सहकारी बैंक शाखा छतराडी द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से ग्राम पंचायत रुणहकोठी के गांव सामरा में वित्तीय डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक सुरेंद्र कुमार एवं अशोक कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बचत खाता, चालू खाता, एसएमआरवाई आदि वित्तीय योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक सुरक्षा एवं डिजिटल लेन-देन को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डिजिटल ठगी से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। बैंक में लोगों से अपील की कि अज्ञात कॉल करने वाले को अपने एटीएम कार्ड का पिन, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें, और संदिग्ध कॉल या संदेशों पर विश्वास न करें। प्रतिभागियों को किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र के लिए मिलने वाली ऋण सुविधाएं बताईं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों को दिए जाने वाले लाभों की भी जानकारी दी।

# बारिश से मकान पर मंडरा रहा खतरा, पीड़ित ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। ग्राम चीमा (डाकघर सरू) निवासी हरविंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय सरण सिंह का मकान भी अब गंभीर खतरे की चपेट में आ गया है। उनके घर के नीचे की ज़मीन बारिश के कारण लगातार धंस रही है और मकान की दीवारों में दरारें आ चुकी हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि मकान कभी भी गिर सकता है।

हरविंदर सिंह ने उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल को एक ज्ञापन सौंपकर इस आपदा से बचाने के लिए त्वरित सहायता की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि कुछ समय पहले राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा सड़क कटिंग का कार्य किया गया था, जिससे उनके घर का रास्ता खत्म हो गया और सुरक्षा के लिए बनाया गया डंगा भी अब गिर चुका है। हरविंदर सिंह ने बताया कि उनका परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है और रोज़ी-रोटी के लिए मेहनत-मजदूरी पर निर्भर है। ऐसे में मकान को हो रहे नुकसान से वे जान-माल की हानि झेल सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत मौके का निरीक्षण करवाकर मकान के नीचे मजबूत सुरक्षा डंगे बनवाए जाएं, जिससे घर को स्थायी सुरक्षा मिल सके। हरविंदर सिंह ने खतरे की स्थिति को दर्शाने वाली तस्वीरें भी प्रशासन को सौंपी हैं।

# सलूणी के किलोड़ में युवक की संदिग्ध मौत, पिता ने जताई हत्या की आशंका

**अनंत ज्ञान, सलूणी**

**सलूणी** उपमंडल के अंतर्गत आने वाले किलोड़ गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मृतक युवक विजय कुमार के पिता सतपाल गोस्वामी ने अपने पुत्र की मृत्यु को संदिग्ध बताते हुए पुलिस अधीक्षक चम्बा अभिषेक यादव से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

सतपाल गोस्वामी ने अपने लिखित आवेदन में बताया कि 26 सितम्बर की रात विजय कुमार का शव गांव के पास एक नाले में मिला था। उस समय मानसिक आघात और शोक की स्थिति में वे कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर सके। लेकिन अब कुछ नई परिस्थितियों के उजागर होने पर उन्हें शक है कि यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि किसी साजिश या हत्या का मामला हो सकता है। परिजनों का कहना है कि घटना से कुछ दिन पहले विजय का कुछ स्थानीय लोगों के साथ विवाद हुआ था। वहीं, हादसे वाली रात वह कुछ परिचितों के साथ एक दुकान में शराब पीने गया था, जिसके बाद वह कभी घर नहीं लौटा और अगली सुबह उसकी लाश मिली।

पिता सतपाल ने मांग की है कि पुलिस घटना से जुड़े सभी लोगों से गहन पूछताछ करे और जो भी दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि एक पिता के रूप में वह केवल अपने बेटे की मौत की सच्चाई जानना चाहते हैं और न्याय की मांग करते हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस घटना को गंभीर मानते हुए प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि विजय की मौत के पीछे का सच सामने आ सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।



**विजय की रहस्यमयी मौत से गांव में सनसनी, निष्पक्ष जांच की मांग तेज**

## पार्ट टाइम मल्टीटास्क वर्कर यूनियन ने बैठक में उठाई वेतन व नीति निर्धारण की मांग

# न्याय न मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष : रोहित चौहान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

शनिवार को जिला चंबा में पार्ट टाइम मल्टीटास्क वर्कर यूनियन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष रोहित चौहान ने की। इसमें शिक्षा विभाग में कार्यरत अनेक पार्ट टाइम कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में कर्मचारियों की समस्याएं, सरकार द्वारा की जा रही उपेक्षा और संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। रोहित चौहान ने कहा कि प्रदेशभर में 8,000 से अधिक कर्मचारी तीन वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सरकार ने वेतन वृद्धि की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। उन्हें केवल ₹5625 प्रतिमाह, वह भी दस माह के लिए दिया जा रहा है, जो मौजूदा समय में बेहद कम है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने इन कर्मचारियों को मिलने वाले अन्य लाभ जैसे सस्ता राशन, अपंग व विधवा पेंशन और बीपीएल प्रमाण पत्र भी छीन लिए हैं। बैठक में सर्वसम्मति से यह मांग उठाई गई कि इन कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय दिया जाए और शीघ्र ही उनके लिए स्थायी नीति बनाई जाए। जिला अध्यक्ष ने कर्मचारियों से एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया और कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।



चंबा में पार्ट टाइम मल्टीटास्क वर्कर यूनियन ने जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

# लूणा-छतराड़ी सड़क दो महीने से बंद बस सेवा ठप होने से ग्रामीण परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

- बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत
- निजी वाहनों पर निर्भरता से जेब पर भार
- विभाग की कार्यप्रणाली से दो पंचायतों के लोग बेहाल

**अगस्त** महीने में हुई भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई लूणा-छतराड़ी सड़क अब तक दुरुस्त नहीं हो सकी है। लगभग दो महीने बीत जाने के बावजूद विभाग द्वारा इस मार्ग पर बस सेवा बहाल नहीं की जा सकी है, जिससे क्षेत्र की दो पंचायतों के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क पर दो सरकारी बस सेवाएं संचालित थीं, लेकिन बारिश से कई जगह डंगे टूटने और भूमि धंसने के कारण बसें बंद कर दी गई हैं। अब लोग 10 से 12 किलोमीटर तक निजी टैक्सियों और वाहनों से मुख्य सड़क तक पहुंचने को मजबूर हैं, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ गया है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली छात्रों को हो रही है, जिन्हें रोजमर्रा के कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। खासकर सर्दियों में बड़ी संख्या में लोग कांगड़ा के निचले क्षेत्रों की ओर जाते हैं, परंतु बस सुविधा न होने के कारण उनकी यात्रा और अधिक कठिन हो गई है।

स्थानीय लोगों ने विभाग पर काम में सुस्ती और लापरवाही का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कार्य का जिम्मा कुछ ठेकेदारों को सौंपा गया है, लेकिन निर्माण की रफ्तार बेहद धीमी है। यदि जल्द ही काम पूरा नहीं किया गया तो थोड़ी सी बारिश में सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि इस सड़क की मरम्मत युद्धस्तर पर कराई जाए, ताकि जल्द से जल्द बस सेवा बहाल हो और लोगों को राहत मिल सके।

**आदेश** | राजस्व, बागवानी मंत्री की अध्यक्षता में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

# नेगी ने सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भरमौर के अंतर्गत लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में आयोजित परियोजना सलाहकार समिति बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में विभिन्न विभागों द्वारा अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक में विधायक डॉ. जनक राज विशेष रूप से उपस्थित रहे। जगत सिंह नेगी ने जनजातीय उपमंडल भरमौर में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उप मंडलीय प्रशासन को सड़क नेटवर्क के विस्तार को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ नियमित अंतराल के भीतर समीक्षा बैठक आयोजित करने को कहा।

साथ में उन्होंने लंबित संपर्क सड़कों और पुलों इत्यादि की विस्तृत सूचना उपलब्ध करवाने भी के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने चोली- कुवांरसी संपर्क सड़क में प्रस्तावित हिक्किम पुल को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 शामिल करने तथा तुंदा-बन्नी संपर्क मार्ग के अंतर्गत भद्रा गांव तक विस्तार देने के लिए निजी भूमि का अधिग्रहण शुरू करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

जगत सिंह नेगी ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154-ऐ के अंतर्गत चंबा से भरमौर तक के विभिन्न स्थानों में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हिस्सों का जल्द निर्माण कार्य शुरू करने को कहा। बैठक में ऐतिहासिक एवं धार्मिक चौरासी मंदिर परिसर के समीप जनजातीय संग्रहालय स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। जगत सिंह नेगी ने जल शक्ति विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सिंचाई योजनाओं को और विस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने ऐतिहासिक एवं धार्मिक चौरासी मंदिर परिसर में अर्धगंगा के जल को बाहरी प्रदूषण से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को भी निर्देशित किया। कैबिनेट मंत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं के निर्माण कार्यों के अंतर्गत सबसे पहले इंटेक सोर्स का निर्माण करने के पश्चात ही अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएं। उन्होंने वन विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही महत्वकांक्षी राजीव गांधी वन संवर्धन योजना की समीक्षा कर वन संपदा के विस्तार को लेकर आवश्यक कदम उठाने को कहा। जगत सिंह नेगी ने साडा क्षेत्र भरमौर के तहत डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण व्यवस्था को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उपमंडल मुख्यालय भरमौर के समीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बॉयज हॉस्टल निर्माण करने के लिए प्रक्रिया शुरू करने को कहा।

बैठक में अध्यक्ष जिला कृषि उपज एवं विपणन समिति ललित ठाकुर, सदस्य जनजातीय सलाहकार परिषद रवि दत्त, हेम राज, उपयुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य वन आरण्यपाल राकेश कुमार, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुलबीर सिंह राणा, वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार, कुलदीप जमवाल, उप निदेशक उद्यान डॉ. प्रमोद शाह, कृषि डॉ. भूपेंद्र सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जय सिंह, जिला रोजगार अधिकारी अरविन्द सिंह चौहान, अधिशासी अभियंता मीत शर्मा, हमिंद्र चौणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।



राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी भरमौर में आयोजित परियोजना सलाहकार समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

# लिल्ह क्षेत्र में बस न पहुंचने से लोगों को हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाली पंचायत किलोड कुनेड गांण प्रीणा को जोड़ता एकमात्र मार्ग जो चूड़ी पुल से होकर लिल्ह अरनहर व प्रीणा के लिए जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है पिछले कई महीनों से लिल्ह क्षेत्र में बस के न पहुंचने से आम लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे दूर दराज की पंचायतों जैसे किलोड कुनेड गाण प्रीणा जैसी पंचायत के लोगों को दिक्कतें पेश आ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ कॉलेज के छात्र-छात्राओं प्रियांश ठाकुर, कार्तिक ठाकुर, अंतरिक्ष शर्मा, विशाल, अंजली ठाकुर, स्नेहा शर्मा ,कनिका शर्मा ,वेदिका शर्मा इत्यादि विद्यार्थियों का कहना है। कि लिल्ह क्षेत्र में बस के न पहुंचने से हमें सुबह शाम टैक्सी हायर करके यहां पहुंचना पड़ रहा है वह कुछ छात्रों को भारी भरकम कमरे का किराया देकर मजबूरन यहां रहना पड़ रहा है। जिससे अभिभावकों पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, स्थानीय लोगों व स्कूली छात्र-छात्राओं ने इस जन समस्या का अतिशीघ्र समाधान करने की गुहार लगाई है।

# केजीबीवी किहार की छात्रा गुलनाज का राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगी दम


**अनंत ज्ञान, चंबा**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय किहार की छात्रा गुलनाज ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में स्थान हासिल कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है।

गुलनाज ने सबसे पहले ब्लॉक जोन स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया। इसके बाद बनीखेत में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ट्रायल में सफलता पाकर विजेता बनी। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उसका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ, जहां गुलनाज ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अब वह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

इसी विद्यालय की छात्रा रिया गौतम ने भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर उप शिक्षा निदेशक (क्वालिटी) भाग सिंह और समन्वयक डॉ. कविता बिजलवान ने दोनों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इन उपलब्धियों से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किहार का नाम गौरवान्वित हुआ है और यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।



**रिया गौतम ने झटका कांस्य पदक**

जीवन एक अवसर है, इससे लाभ लें। जीवन सौंदर्य है, इसकी प्रशंसा करें। जीवन एक सपना है, इसे साकार करें। -मदर टेरेसा

## संपादकीय

# पाक की कायराना हरकत

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहा अपरोक्ष युद्ध अब एक खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है। इतिहास गवाह है कि जब भी राजनीति, धर्म या सत्ता की भूख खेल के मैदानों में उतरती है, तो वहां न केवल खिलाड़ियों का जोश मरता है, बल्कि मानवता भी घायल होती है। पक्तिका प्रांत में हुई पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक इसी शर्मनाक अध्याय का ताजा उदाहरण है। जिस देश ने आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का औजार बना लिया है, वह अब अपने पड़ोसी की जमीन पर निर्दोष लोगों और खिलाड़ियों पर भी बम बरसाने से नहीं चूक रहा।

फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों ने सोचा नहीं होगा कि उनकी आखिरी पारी मैदान में नहीं, बल्कि मौत के मुंह में लिखी जा चुकी है। पाकिस्तान की ओर से किए गए इस हवाई हमले में तीन अफगानी क्रिकेटरों समेत आठ निर्दोष लोग मारे गए और सात घायल हुए। इस घटना ने न केवल अफगानिस्तान की जनता को हिला दिया, बल्कि पूरी खेल दुनिया में आक्रोश की लहर दौड़ गई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान की इस कायराना हरकत के विरोध में जो कदम उठाया यानी पाकिस्तान में होने वाली आगामी टी-20 त्रिकोणीय सीरीज से नाम वापस लिया वह न केवल साहसिक बल्कि नैतिक रूप से भी सही निर्णय है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अब किसी तीसरी टीम को शामिल करने की जुगत में है, पर इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जब तक पाकिस्तान की नीतियों में दोहरापन रहेगा, तब तक वहां की धरती पर शांति नाम की कोई चीज नहीं हो सकती।

दरअसल, पाकिस्तान की सैन्य नीति और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई हमेशा से पड़ोसी देशों के खिलाफ दोगली रणनीति अपनाती आई है। एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और आतंकवाद विरोधी सहयोग की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर उसकी जमीन आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाह बनी हुई है। भारत हो, ईरान हो या अब अफगानिस्तान- हर पड़ोसी देश किसी न किसी रूप में पाकिस्तान की दखलअंदाजी और आतंकी समर्थन से परेशान है। अफगानिस्तान में 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने यह सोच लिया था कि काबुल अब उसका अधीन सहयोगी बन जाएगा, मगर हुआ इसका उल्टा। तालिबान शासन के भीतर भी पाकिस्तान के खिलाफ एक गहरी नाराजगी है। तालिबान के कई धड़े पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकी ठिकानों को नष्ट करने और ड्रोन हमले कराने के आरोप लगाते रहे हैं। हाल के महीनों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने पाकिस्तान के खिलाफ कई हमले किए हैं। इसने इस्लामाबाद को अंदर से अस्थिर कर दिया है।

अब पक्तिका पर हुआ हवाई हमला शायद उसी बौखलाहट का परिणाम है-एक ऐसी निराशाजनक कोशिश जिसमें पाकिस्तान अपने अंदर की विफलताओं को बाहरी दुश्मन पर थोपकर ढकना चाहता है, पर जो बात सबसे दुखद है, वह यह कि इस संघर्ष की कीमत हमेशा निर्दोष नागरिकों और खिलाड़ियों को चुकानी पड़ती है। क्रिकेट, जो दोनों देशों के बीच कभी दोस्ती का पुल बना था, अब नफरत और बदले की आग में झुलसता जा रहा है। खेल का उद्देश्य हमेशा भाईचारे और शांति का संदेश देना होता है, लेकिन पाकिस्तान ने उसे भी अपनी राजनीतिक चालों में उलझा दिया है। यह पहली बार नहीं है जब क्रिकेट को राजनीति ने बंधक बनाया हो। भारत-पाक क्रिकेट संबंध भी दशकों से इसी तनाव के शिकार रहे हैं। मुंबई हमलों के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट संबंध खत्म कर दिए थे और तब से दोनों टीमों का सामना केवल आईसीसी टूर्नामेंटों में होता है। अब अफगानिस्तान का यह निर्णय कि वह पाकिस्तान में खेलने नहीं जाएगा, दरअसल एक नई चेतावनी है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को अपनी नीति का हिस्सा बनाए रखेगा, तब तक कोई भी देश उसके साथ सामान्य संबंध नहीं रख पाएगा। पाकिस्तान की यह 'युद्ध नीति' उसके अपने लिए भी आत्मघाती साबित हो रही है। एक ओर उसकी अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है, विदेशी मुद्रा भंडार घटते जा रहे हैं, मुद्रास्फीति आसमान छू रही है और दूसरी ओर वह अपनी जनता की भलाई के बजाय हथियारों और ड्रोन पर करोड़ों खर्च कर रहा है। आम पाकिस्तानी नागरिक बेरोजगारी, महंगाई और असुरक्षा से जूझ रहा है, जबकि उसका नेतृत्व अपने अस्तित्व को बचाने के लिए पड़ोसियों के साथ झगड़े खड़े कर रहा है। भारत को इस पूरे घटनाक्रम को बहुत सतर्कता से देखना होगा।

पाकिस्तान का आतंकवादी ढांचा अक्सर तब सक्रिय होता है जब वह खुद घरेलू राजनीतिक संकट से जूझता है। अफगानिस्तान पर हमला केवल अफगान संप्रभुता पर प्रहार नहीं, बल्कि यह संकेत है कि पाकिस्तान अपने भीतर की अस्थिरता को बाहरी संघर्षों में मोड़ना चाहता है। यही रणनीति उसने भारत के खिलाफ भी कई बार अपनाई है। इस बार फर्क यह है कि वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की साख पहले ही गिर चुकी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# एक्शन हीरो, देशभक्त नेता

अजय सिंह देओल, जिन्हें सनी देओल के नाम से जाना जाता है, एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और राजनीतिज्ञ हैं। उनका जन्म 19 अक्तूबर 1957 को अभिनेता धर्मेंद्र के घर हुआ था। सनी देओल ने 1983 में फिल्म 'बेताब' से अपने करियर की शुरुआत की, जो एक बड़ी व्यावसायिक सफलता रही। इसके बाद उन्होंने 'अर्जुन' (1985), 'पाप की दुनिया' (1988), 'त्रिदेव' (1989) जैसी एक्शन फिल्मों में काम कर दर्शकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई।



सन्नी देओल
जन्म :19 अक्तूबर,1957

1990 में आई फिल्म 'घायल' में एक हत्या के आरोपी मुक्केबाज की भूमिका ने उन्हें अभूतपूर्व सफलता दिलाई। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। उनकी लोकप्रिय फिल्मों में 'घातक', 'दामिनी', 'बॉर्डर', 'गदर : एक प्रेम कथा' 'गदर 2' शामिल हैं। वह अपने दमदार संवादों और गुस्सैल एक्शन हीरो की छवि के लिए प्रसिद्ध हैं। सनी देओल ने 2019 में भाजपा के टिकट पर पंजाब के गुरदासपुर से लोकसभा चुनाव जीतकर राजनीति में कदम रखा और 2024 तक सांसद रहे। चार दशकों से अधिक के करियर में उन्होंने 100 से अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय किया है और भारतीय सिनेमा में एक प्रतिष्ठित स्थान अर्जित किया है। ■



कविता

## मुझे हर बातें स्वीकार तेरी

डॉ. कौमार्या मनोज

तू है दोस्त मेरी या प्यार मेरी।
कुछ तो बता दे यार मेरी।।
मैं देखूं तुझको अपनों में ।
हर रोज दिखे तू सपनों में।।
कर आग्रह को स्वीकार मेरी।
कुछ तो बता दे यार मेरी।।
क्या मानूं तुझको मैं अपना।
क्या देखूं मैं तेरा सपना।।
मेरी जीत तेरी, तेरी हार मेरी।
मुझे हर बातें स्वीकार तेरी।।
मेरी बातों का तू ज्ञान तू रख ।
हूं प्यार तेरा ये मान तो रख।।
मैं तेरा हूं , तू मेरी है ।
इन बातों का तू मान तो रख ।।
तेरा तू अपना सब रहने दे ।
तू मेरी है इसका ज्ञान तो रख।।
मेरी जीत तेरी, तेरी हार मेरी।
मुझे हर बातें स्वीकार तेरी।।

# दीपावली : आत्मिक प्रकाश और सामाजिक समरसता का पर्व



डॉ. प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह मन के अंधकार को मिटाकर आत्मा में उजाला भरने का एक अवसर है। आज जरूरत इस बात की है कि हम इसे दिखावे या प्रदूषण का उत्सव न बनाकर, सादगी, करुणा और प्रेम का पर्व बनाएं। जब हम दूसरों के जीवन में रोशनी बांटते हैं, तभी सच्चा सुख और सुकून प्राप्त होता है। दीपावली का असली अर्थ है- हर मन में शांति, हर घर में प्रेम और हर समाज में समरसता का प्रकाश।

यह पर्व केवल अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक नहीं है, बल्कि मनुष्य के भीतर के तमस को दूर कर आत्मिक प्रकाश जगाने का संदेश भी देता है। इस दिन लोग अपने घरों को सजाते हैं, दीपक जलाते हैं, नए वस्त्र पहनते हैं और मिठाइयां बांटते हैं, लेकिन क्या हमने कभी ठहरकर सोचा है कि क्या असली दीपावली केवल बाहरी सफाई और सजावट से पूरी हो जाती है? वह अंधकार, जिसे मिटाने के लिए हम यह पर्व मनाते हैं, क्या केवल घर की दीवारों और आंगनों में होता है, या कहीं हमारे मन और व्यवहार में भी छिपा रहता है?

आज का समाज बाहरी चमक में इतना उलझ गया है कि भीतर की रोशनी धुंधली पड़ने लगी है।दीपावली अब अक्सर दिखावे, खर्च और प्रतिस्पर्धा का पर्व बनती जा रही है। लोग अपने घरों को हजारों लाइटों से सजाते हैं, लेकिन अपने मन में बसे अंधकार-ईर्ष्या, अहंकार,असंतोष और असहनशीलता को अनदेखा कर देते हैं, जबकि त्योहार का असली उद्देश्य था कि हम भीतर झांकें, संबंधों को सहेजें और चारों ओर स्नेह की रोशनी फैलाएं। दुर्भाग्यवश, यह भावना अब बाजार और भौतिकता के शोर में कहीं खोती जा रही है।

दीपावली केवल लक्ष्मी के आगमन का नहीं, आत्ममंथन का भी समय है। जब हम घर में सफाई करते हैं, तो यह हमें याद दिलाता है कि अपने मन की भी धूल झाड़नी चाहिए- पुरानी शिकायतें, मतभेद और कटुता दूर करनी चाहिए।

आज के समय में दीपावली का मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व है। तेज भागदौड़, सामाजिक दबाव, कामकाजी तनाव और डिजिटल दुनिया की आपाधापी में इंसान भीतर से खाली होता जा रहा है। त्योहार भी अब केवल इवेंट बन गए हैं-फोटोशूट, सोशल मीडिया पोस्ट और महंगे उपहारों ने उनकी आत्मा को कमजोर कर दिया है। हमें यह समझना होगा कि दीपावली का असली आनंद केवल बाहरी सजावट में नहीं, बल्कि उस मानसिक सुकून में है, जो अपनत्व, संवाद और आत्मीयता से प्राप्त होता है। आज के बच्चे और युवा पटाखों की चमक में खुशियां ढूंढते हैं, लेकिन क्या हमें यह अधिकार है कि अपनी खुशी के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएं? धुएं और शोर से भरी हवा में सांस लेता हर जीव, बच्चा और बुजुर्ग इस खुशी की कीमत चुका रहा है। अब यह जिम्मेदारी बन गई है कि हम पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाएं-मिट्टी के दीपक, प्राकृतिक सजावट और स्थानीय उत्पादों के उपयोग से यह पर्व और भी सुंदर बन सकता है। इस दीपावली हमें एक और अंधकार को भी मिटाने की जरूरत है-वह है अकेलेपन और मानसिक बेचैनी का।



त्योहार का समय जहां बहुतों के लिए खुशियां लेकर आता है, वहीं कुछ के लिए यह यादों और उदासी का भी समय होता है। जिनके अपने दूर हैं, जिन्होंने किसी प्रिय को खो दिया है, या जो आर्थिक व सामाजिक संघर्षों से जूझ रहे हैं-उनके लिए यह रोशनी चुभन बन सकती है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि अपने आसपास ऐसे लोगों को भी इस रोशनी में शामिल करें। दीपावली का असली अर्थ तभी पूर्ण होगा, जब किसी और के घर का अंधकार भी हमारे दीप से दूर हो सके। हमारे शास्त्रों में कहा गया है- 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'- अर्थात हमें अंधकार से प्रकाश की ओर जाना चाहिए। यह प्रकाश केवल दीपक का नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और करुणा का है। जब मन में करुणा का दीप जलता है, तो वह हजारों दीपों से अधिक उजाला फैलाता है। दीपावली हमें यही सिखाती है कि जीवन में प्रकाश फैलाना केवल दीये जलाने से नहीं, बल्कि दया, सत्य और प्रेम की राह पर चलने से होता है।

त्योहारों का उद्देश्य केवल परंपरा निभाना नहीं होता, वे हमें रुककर सोचने का अवसर देते हैं कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। दीपावली हमें याद दिलाती है कि जो प्रकाश बाहर है, वह तब तक स्थायी नहीं हो सकता जब तक भीतर भी उजाला न हो। जब हम अपने भीतर के राम को जागृत करते हैं और रावण रूपी अहंकार, द्वेष व लोभ को मिटाते हैं, तभी सच्ची दीपावली मनती है।

आज यह भी आवश्यक है कि हम दीपावली को समावेशिता का पर्व बनाएं। समाज में जाति-धर्म, वर्ग और विचारों के जो भेद हैं वे ही आज के युग का सबसे बड़ा अंधकार हैं। अगर हर व्यक्ति अपने स्तर पर थोड़ा सा प्रकाश फैला सके-किसी गरीब को भोजन दे दे, किसी बच्चे की पढ़ाई में मदद करे, या किसी बीमार की सेवा करे तो यही दीपावली सबसे उज्ज्वल होगी। दीपावली व्यापार का पर्व भी मानी जाती है। बाजारों की रौनक, ग्राहकों की भीड़ और लाभ की उम्मीदें-यह सब इसकी पहचान है, लेकिन व्यापारी वर्ग को यह नहीं भूलना चाहिए कि असली लाभ केवल आर्थिक नहीं, नैतिक भी होता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल के पंचायत चुनावों पर भीषण प्राकृतिक आपदाओं का प्रभाव



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन

हिमाचल प्रदेश में आई भीषण प्राकृतिक आपदाओं ने जहां आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है, वहीं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। राज्य में प्रस्तावित पंचायत चुनावों को भारी वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ की गंभीर परिस्थितियों के कारण प्रशासन ने स्थगित कर दिया है। यह निर्णय राहत और पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता देने के साथ-साथ चुनावी माहौल और ग्रामीण राजनीति को प्रभावित करने वाला भी साबित हुआ है।

इस वर्ष मानसून ने हिमाचल में अभूतपूर्व तबाही मचाई। जुलाई-अगस्त के दौरान राज्य के कई क्षेत्रों में सामान्य से कई गुना अधिक वर्षा हुई, जिससे पुल टूट गए, सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं और सैकड़ों घर तबाह हो गए। विशेष रूप से मंडी, कांगड़ा, सोलन, शिमला और कुल्लू जिलों में भारी नुकसान हुआ। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार, सैकड़ों जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिससे संचार और परिवहन व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। कई गांवों का जिला मुख्यालय से संर्क कट गया और राहत सामग्री पहुंचाना कठिन हो गया।

पंचायत चुनावों की तैयारियां प्रशासन और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की जा चुकी थीं। मतदान केंद्रों का निर्धारण, कर्मचारियों की नियुक्ति और चुनाव सामग्री की व्यवस्था चल रही थी, परंतु आपदा के कारण कई मतदान केंद्र बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आ गए। सड़कों के टूटने से दूरस्थ पंचायतों तक पहुंचने में बाधा आई। कई स्कूल और सामुदायिक भवन जिन्हें मतदान केंद्र बनाया जाना था, राहत शिविरों में परिवर्तित हो गए। प्रशासन पूरी तरह से राहत कार्यों में जुट गया, जिससे चुनावी गतिविधियां प्रभावित हुईं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने निर्वाचन आयोग के साथ विचार-विमर्श के बाद पंचायत चुनावों को अगली अधिसूचना तक स्थगित करने का निर्णय लिया। चुनाव स्थगित करना प्रशासनिक और मानवीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण था। हिमाचल में पंचायत चुनावों के लिए समय निर्धारण पहले से ही चुनौतीपूर्ण रहा है। सर्दियों में भारी हिमपात के कारण कई क्षेत्र बंद हो जाते हैं, जबकि मानसून में भूस्खलन आम है।

इस वर्ष मानसून ने इतनी तबाही मचाई कि कई मतदान केंद्र क्षतिग्रस्त हो गए। मंडी जिले की कई पंचायतों में मतदान केंद्र के भवन भूस्खलन और बाढ़ में डूब गए या टूट गए। पुल टूटने से वैकल्पिक रास्ते बनाना भी कठिन हो गया।

चुनाव स्थगित होने से प्रशासन को राहत कार्यों में सहयोग मिला, लेकिन प्रत्याशियों और ग्रामीण जनता के लिए नई चुनौतियां उत्पन्न हुईं। कई प्रत्याशी महीनों से प्रचार कर रहे थे, लेकिन अब उनका ध्यान राहत कार्यों पर केंद्रित हो गया। ग्रामीण मतदाता भी चुनाव को प्राथमिकता में पीछे रख रहे हैं। घर, कृषि भूमि और आजीविका की क्षति से ग्रामीण अस्त-व्यस्त हो गए हैं। कई जगहों पर ग्रामीणों ने स्वयं चुनाव स्थगित करने की मांग की ताकि पहले पुनर्वास कार्य हो सके।

राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनाव स्थगित करने के निर्णय का समर्थन किया है। सत्तारूढ़ दल ने कहा कि लोकतंत्र तभी सार्थक है जब जनता सुरक्षित और व्यवस्थित स्थिति में मतदान कर सके। वहीं विपक्षी दलों ने सरकार की आपदा प्रबंधन में नाकामी पर सवाल उठाए। कुछ क्षेत्रों में राहत वितरण में पक्षपात और राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोप भी लगे हैं, जिनकी जांच के लिए प्रशासन ने समितियां गठित की हैं।

पंचायत चुनावों के स्थगित होने के सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव भी गहरे हैं। राजनीतिक समीकरणों में बदलाव होगा, प्रत्याशियों की रणनीतियां बदलेंगी। भविष्य के लिए यह स्पष्ट हो गया है कि आपदा-संवेदनशील राज्यों में चुनाव योजना बनाते समय आपदा प्रबंधन को शामिल करना अनिवार्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मारिया कोरिना की राजनीति और राहुल गांधी की सियासी उलझन



हरीश शिवनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वैश्विक राजनीति अक्सर ऐसी जटिल उलझनें पैदा कर देती है जहां सिद्धांत और व्यावहारिक राजनीति के बीच का अंतर पेचीदा हो जाता है। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 विजेता वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो और भारत के कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर दिलचस्प परिदृश्य उत्पन्न हो गया गया है।

मारिया अपने देश में सरकार के खिलाफ, लोकतंत्र, मतदान में धांधली, भ्रष्टाचार आदि को लेकर संघर्ष कर रही है। कांग्रेस और राहुल गांधी उनकी इस राजनीति की सराहना करते हैं, क्योंकि ऐसा ही वे भारत में अपनी राजनीति में करने का दावा करते हैं। कांग्रेसी मारिया और राहुल को एक ही डाल का पंछी मानते हैं। यहां तक कि कांग्रेस के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने तो राहुल गांधी के लिए भी नोबेल की मांग कर डाली। वे मारिया को राहुल गांधी की समर्थक मानते हैं। मारिया ने एक बार राहुल गांधी की तारीफ में ट्वीट भी किया था। दूसरी ओर वास्तिवकता यह है कि राहुल गांधी और कांग्रेस की सियासत और मारिया की राजनीति एवं विचारधारा में गहरा अंतर्विरोध है। यह अंतर्विरोध ही राहुल और कांग्रेस के लिए जटिल उलझन और गले की फांस बन गया गया है। मारिया की राजनीति अपनी जगह उनके लिए मुफीद है, लेकिन राहुल गांधी की सियासत अलग है।

मारिया को नोबेल की घोषणा करते हुए नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने उन्हें 'लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही के खिलाफ अथक प्रयास' के लिए सराहा। हालांकि, मचाडो की धुर दक्षिणपंथी विचारधारा-जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन, इजराइल की नीतियों की पक्षधरता और आर्थिक निजीकरण की वकालत शामिल है- ने कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए पसोपेश वाली स्थिति पैदा कर दी है। मारिया कोरिना मचाडो का राजनीतिक उदय वेनेजुएला की समाजवादी सरकारों के खिलाफ प्रतिरोध पर आधारित है। 1967 में जन्मी मचाडो, एक पूर्व सांसद और इंजीनियर, 2012 से विपक्षी गठबंधन की प्रमुख रही हैं। उन्होंने ह्यूगो चावेज और निकोलास मादुरो की सरकारों पर चुनावी धांधली, भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोप लगाए। ऐसा ही राहुल गांधी भारत में भाजपा सरकार के खिलाफ करते हैं। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में मादुरो सरकार ने मारिया को अयोग्य घोषित कर दिया, जिसके बाद उन्होंने एडमुंडो गोंजालेज को समर्थन देकर विपक्ष को एकजुट किया। इन प्रयासों ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाई, जिसमें अमेरिकी प्रतिबंधों और विदेशी सहायता की मांग शामिल थी।

मारिया की विचारधारा की अपनी राजनीति है। उन्होंने अपना पुरस्कार ट्रंप को समर्पित करते हुए उन्हें 'हमारे संघर्ष का निर्णायक समर्थक' बताया। मारिया ने अपने देश में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप की भी वकालत की, जिससे वेनेजुएला में आर्थिक संकट बढ़ा। इसराइल के प्रति उनका रुख साफ है। उन्होंने इसराइल को 'स्वतंत्रता का सच्चा सहयोगी' कहा और गाजा संघर्ष में इसराइली कार्रवाइयों का समर्थन किया। इसके अलावा, मचाडो राज्य तेल कंपनी पीडीवीएसए के निजीकरण की भी पक्षधर हैं, जो समाजवादी विचारधारा के विपरीत है।

इस बीच मारिया को नोबेल की घोषणा होते ही भारत में कांग्रेस ने मारिया के पुरस्कार को अपने राजनीतिक नैरेटिव से जोड़ने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि मारिया ने वेनेजुएला में लोकतंत्र के लिए जो संघर्ष किया, वही राहुल गांधी भारत में कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने सोशल मीडिया पर मचाडो की तुलना राहुल गांधी से की, उन्हें 'संविधान बचाने का योद्धा' बताते हुए उनके लिए भी नोबेल पुरस्कार की मांग कर डाली। यह तुलना कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है, जहां राहुल गांधी को चुनावी धांधली, संस्थागत क्षरण और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मुखर दिखाया जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# त्योहारी सीजन में मिलावटी दूध ,दही ,पनीर और मिठाई से रहें सावधान



लकेश चंदेल
स्वतंत्र लेखक, बिलासपुर

त्योहारों के सीजन में यह आमतौर पर सुनने व देखने को मिलता है कि बहुत बड़ी मात्रा में नकली मिठाइयां, दूध, दही और पनीर बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पकड़ा गया। अगर हम स्पष्ट शब्दों में कहें तो इसका सीधा अर्थ है कि अप्रत्यक्ष रूप से इंसान को जहर खिलाया जाता है।

अगर आप इन दिनों बाजार में जाएंगे तो आपको तरह-तरह की मिठाइयां देखने को मिल जाएंगी। अलग-अलग रंग रूप की मिठाइयां ग्राहकों को लुभाने के लिए बाजार में सजी होती हैं, लेकिन साथ ही मिठाइयों में मिलावट की खबरें भी अलग-अलग शहरों से आती हैं। त्योहार से पहले ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए मिठाई कारोबारी लोगों को मीठा जहर बेचते हैं। दिवाली में शायद ही ऐसा कोई घर हो जहां मिठाइयां न आती हों, लेकिन मुंह मीठा करने के लिए लाई मिठाइयां अगर मिलावटी हों तो ये आपके और आपके परिवार के लिए जानलेवा बन सकती हैं।



दिवाली पर धड़ल्ले से मिलावटी मिठाइयों, दूध, दही तथा पनीर का कारोबार चल रहा होता है। त्योहार का सीजन आते ही बाजार में मिठाइयों, दूध, दही और पनीर की डिमांड बढ़ जाती है। मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटखोर नकली और केमिकल से बने रंगों वाली मिठाइयां बेचते हैं जिन्हें खाने से पेट में इन्फेक्शन के साथ कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इसके अलावा मिलावटी मिठाइयां लिवर, किडनी और हार्ट के लिए भी खतरनाक हैं। अगर आपको दिवाली के ऊपर मिठाइयां खानी ही है तो सबसे सुरक्षित तरीका है कि आप खीर, लड्डू और अन्य मिठाइयां घर पर ही बनाएं।

त्योहारी सीजन में मिलावट को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग को दुकानों का निरीक्षण और नमूने लेना, नकली उत्पादों को नष्ट करना, दुकानदारों को जागरूक करना, और उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नमूनों की लैब में जांच करवाना सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होना चाहिए। मिलावटी मिठाई से शुरुआत में पेट में तेज दर्द और उल्टी दस्त की समस्या होती है। कई बार मिठाई में ज्यादा केमिकल का इस्तेमाल होने से यह स्थिति गंभीर भी हो जाती है, जो जानलेवा भी साबित हो सकती है। इन मिलावटी दूध, दही और पनीर इत्यादि को खाने से शरीर को हुए नुकसान का असर असाध्य रोगों को जन्म देता है। अत: हर मनुष्य का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वह ईमानदारी के रास्ते पर चले। अगर उसे लगता है कि कहीं भी दूध, दही, पनीर और मिठाई इत्यादि में मिलावट हो रही है, तो वह तुरंत संबंधित विभाग को जानकारी दें ताकि समय रहते मानवीय जीवन बचाया जा सके। जैसे कि कहा भी गया है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा निवास करती है और स्वास्थ्य ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है।

एक गहन विचार करने योग्य बात यह भी है कि मनुष्य ही मिलावट करके नकली मिठाइयां बनता है और उन नकली मिठाइयों को उन्हीं के सगे संबंधी-रिश्तेदार खाकर अपनी अनमोल जिंदगी को नष्ट कर लेते हैं। दूध-दही में मिलावट करने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए। अगर इन मिलावटखोरों को कुछ जुर्माना लगाकर छोड़ दिया जाए तो इनके हौसले बुलंद होते रहेंगे।

मलावटखोरों के खिलाफ कानून इतना सख्त बनाना चाहिए कि मिलावट करने वाले लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि समाज में कोई भी व्यक्ति दूसरी बार मिलावट करने की हिम्मत न करें। इंसान को इतना नहीं गिर जाना चाहिए कि अपने मुनाफे के लिए लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# हिमाचल में बिजली उत्पादन को मिलेगी नई उड़ान

## बीबीएमबी लगाएगा 13 हजार मेगावाट के मेगा प्रोजेक्ट्स, 65 हजार करोड़ की लागत अनुमानित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश के बिजली उत्पादन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड और हिमाचल प्रदेश सरकार मिलकर राज्य में 13 हजार मेगावाट की क्षमता वाले मेगा प्रोजेक्ट्स स्थापित करने जा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना में लगभग 65 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी और इससे प्रदेश की ऊर्जा क्षमता में भारी इजाफा होगा।

बीबीएमबी के चेयरमैन इंजीनियर मनोज त्रिपाठी ने बताया कि इस परियोजना के तहत कुल 8 विद्युत परियोजनाएं चरणबद्ध तरीके से स्थापित की जाएंगी। इसके लिए बीबीएमबी और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच एक एमओयू का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। इस मसौदे पर चर्चा के लिए बीते 10 अगस्त को बोर्ड की बैठक भी आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि इन प्रस्तावित परियोजनाओं से प्रदेश की कुल ऊर्जा क्षमता कई गुना बढ़ सकती है। इससे हिमाचल को अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने साथ-साथ अतिरिक्त बिजली से आर्थिक लाभ भी कमा सकेगा। बिजली उत्पादन में वृद्धि का सीधा असर सूबे के राजस्व संग्रहण पर पड़ेगा। बिजली की बिक्री से मिलने वाली रॉयल्टी, कर और अन्य शुल्कों के माध्यम से राज्य सरकार की आमदनी में बड़ा इजाफा हो सकता है। इन मेगा प्रोजेक्ट्स के निर्माण और संचालन के दौरान हजारों प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे और सफल क्रियान्वयन से हिमाचल राष्ट्रीय ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में सहयोगी भूमिका निभा सकता है।

### 4300 मेगावाट की दो परियोजनाओं से होगी शुरुआत: मनोज त्रिपाठी

**इंजीनियर** मनोज त्रिपाठी ने कहा कि शुरुआत में दो प्रमुख परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इनमें 1500 मेगावाट की भाखड़ा परियोजना और 2800 मेगावाट की पौंग परियोजना शामिल हैं। इन दोनों परियोजनाओं की संयुक्त क्षमता 4300 मेगावाट होगी। उन्होंने कहा कि जैसे ही हिमाचल सरकार और बीबीएमबी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर होते हैं, इन परियोजनाओं की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बननी शुरू कर दी जाएगी। डीपीआर तैयार करने में लगभग 18 महीने का समय लगेगा। इसके बाद 5 से 6 महीनों में सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी से स्वीकृति मिलने की संभावना है।



- प्रदेश सरकार और बीबीएमबी के मध्य ऐतिहासिक एमओयू का ड्राफ्ट तैयार
- भाखड़ा व पौंग से शुरू होगा शुरुआती चरण

### 6 वर्षों में धरातल पर उतरेंगी परियोजनाएं

**मनोज** त्रिपाठी ने कहा कि इन दो परियोजनाओं को पूरी तरह कार्यान्वित करने में लगभग 6 साल का समय लगेगा। निर्माण कार्य को डीपीआर और स्वीकृति के बाद चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के शुरू होते ही न केवल हिमाचल की विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बल मिलेगा।

### शेष छह परियोजनाएं भी की जाएंगी शुरू: चेयरमैन

**बीबीएमबी** के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर आगामी 31 अक्तूबर को बीबीएमबी की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है, जिसमें एमओयू के मसौदे को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। इसके साथ ही परियोजना के विभिन्न चरणों पर औपचारिक मुहर लग सकती है। इन प्रारंभिक दो परियोजनाओं के बाद बाकी 6 प्रोजेक्ट्स पर भी काम शुरू किया जाएगा। सभी परियोजनाएं बीबीएमबी के माध्यम से संचालित होंगी और इसमें भागीदारी वाले सभी राज्यों की एक संयुक्त कमेटी भी बनाई गई है, जो परियोजना की निगरानी और समन्वय का कार्य करेगी।

# दीपावली पर इतिहास विभाग की अनूठी पहल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पोस्टकार्ड के माध्यम से कुलपति को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थी।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग ने इस वर्ष दीपावली के पावन पर्व पर एक अनूठी और सराहनीय पहल की। विभाग द्वारा पोस्टकार्ड के माध्यम से दीपावली की शुभकामनाएं विश्वविद्यालय के कुलपति, अधिष्ठाताओं, शिक्षकों, कर्मचारियों, स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों, सगे-संबंधियों एवं मित्रों को प्रेषित की गईं। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में, जब शुभकामनाएं केवल क्षणिक संदेशों तक सीमित हो गई हैं, ऐसे में हाथ से लिखा पोस्टकार्ड आत्मीयता, भावनाओं और मानवीय जुड़ाव का सजीव प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यह पहल भारतीय संवाद परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कुलपति ने विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, सृजनशीलता और मानवीय मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह पहल केवल दीपावली शुभकामनाओं तक सीमित नहीं है बल्कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को भी समर्पित है। उन्होंने कहा कि विभाग ने दीपावली पर्व को लौहपुरुष पटेल की जयंती वर्ष की भावना के साथ जोड़कर मनाया जा रहा है, जिससे भारतीय संस्कृति, संवाद परंपरा और सामाजिक संवेदना का समन्वय हुआ है। डॉ. शर्मा ने आगे बताया कि विद्यार्थियों ने स्वयं 500 पोस्टकार्ड शुभकामना संदेश तैयार किए और उन्हें विश्वविद्यालय डाकघर के माध्यम से भेजा। इस प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने न केवल रचनात्मकता का परिचय दिया, बल्कि संवाद और संवेदना की भारतीय परंपरा को भी जीवंत किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण आचार्य राजेश कुमार शर्मा, कार्यक्रम संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा, सहायक आचार्य डॉ. रामपाल व विकेश कुमार, शोधार्थी वेद प्रकाश, राहुल, सुरेखा, इतिहास सोसायटी अध्यक्ष सानू कुमार, सचिव लखविंदर सिंह, मीडिया क्लब अध्यक्ष दीपक दीपांशु सहित विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय समुदाय और स्थानीय नागरिकों ने इतिहास विभाग की इस पहल को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह प्रयास आधुनिकता के दौर में भी मानवीय संबंधों की गर्माहट बनाए रखने का सुंदर संदेश देता है।

## न्यूज ब्रीफ

### समाजसेविका शकुंतला का निधन, क्षेत्र में शोक

**अनंत ज्ञान, महादेव।** गंगलोह, बिलासपुर की सुप्रसिद्ध समाजसेविका शकुंतला ठाकुर (64) का निधन हो गया है। वे लंबे समय से महिलाओं के उत्थान, बच्चों और बुजुर्गों के पोषण व देखभाल के कार्यों से जुड़ी रहीं। स्वच्छ समाज के निर्माण के लिए उन्होंने जीवनभर समर्पण भाव से कार्य किया। शकुंतला ठाकुर ने 35 वर्षों तक अपने बीमार पति सोहन सिंह ठाकुर की सेवा की, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। वे स्वतंत्रता सेनानी गोकल सिंह ठाकुर की पुत्रवधू थीं। उनके जीवन में सेवा, त्याग और पतिव्रता धर्म की मिसाल मिलती है। उनके निधन पर कृष्ण चंद्र महादेविया, बीएस चौहान, अंतरराष्ट्रीय पहलवान जितेंद्र चौहान व क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के संयोजक सुरेंद्र सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। महादेविया ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वे अतिथि को भगवान मानती थीं और कभी किसी को अपने घर से भोजन कराए बिना नहीं जाने देती थीं।

### डीए देने का आभार, अन्य मांगे पूरी करने की गुहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के अध्यक्ष आत्माराम शर्मा, संयोजक हरीश शर्मा और महासचिव हुकम सिंह ठाकुर ने संयुक्त वक्तव्य में सभी जिलों के प्रधान, सचिव और अन्य सभी घटकों के पदाधिकारियों व सदस्यों का संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर जिला मुख्यालयों में इकठ्ठा होकर धरना प्रदर्शन कर उपायुक्तों के माध्यम से पेंशनरों की लंबित मांगों से संबंधित मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह पेंशनर्स की एकता व शक्ति का परिणाम ही है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 15 अक्टूबर को तीन प्रतिशत डीए की किस्त देने की घोषणा कर दी और 1 अप्रैल से सितंबर तक 6 माह का एरियर पेंशनर्स के खाते में डालने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही लंबित दो 8% किस्तों की भी शीघ्र घोषणा करने और 2016 से 2022 के मध्य सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की पीड़ा का भी शीघ्र निवारण की मांग की।

# मंडी जिले को मिले प्रदेश अध्यक्ष या दलित नेता की हो ताजपोशी: चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कांग्रेस हाईकमान के पास प्रदेशाध्यक्ष के लिए चल रहे 3 नामों की कशमकश के बीच एक चौथा नाम भी सामने आ गया है। अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद ने कांग्रेस हाईकमान से मांग की है कि अब की बार रविदासी समुदाय से संबंधित व्यक्ति को यह जिम्मेदारी दी जाए, क्योंकि सीएम की इच्छा है कि प्रदेशाध्यक्ष दलित चेहरा होना चाहिए। परिषद के प्रदेश महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही व अशोक नागवंशी, सन्नी इप्पन प्रदेश संयोजक, पिछड़ा वर्ग के सह संयोजक कर्म सिंह, वाल्मीकि सुधार सभा के प्रदेश संस्थापक चंद्रवीर कागरा, गुरु रविदास समाज सुधार समिति के प्रदेश प्रचार सचिव गोविंद वर्धन, विश्वकर्मा समाज के प्रचार सचिव सूबेदार रणवीर सिंह, यशवंत पूर्व प्रदेश सचिव सेवा दल, कबीर सभा के संयोजक भगतराम आदि ने कहा है कि सीएम की यह सोच काबिलेतारीफ है कि इस बार प्रदेशाध्यक्ष का पद दलित वर्ग को दिया जाए, जिसमें उपाध्यक्ष एनएसएसए बोर्ड हिप प्रकाश चंद गांधी परिवार के नजदीकी हैं व रविदासी समुदाय से हैं।



बता दें कि रविदास समुदाय को आज दिन तक प्रदेशाध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि 68 की 68 विधानसभा में रविदासी समुदाय की संख्या सबसे अधिक है। हालांकि विनय कुमार के नाम पर भी चर्चा चली हुई है, लेकिन चौधरी पीरू राम, केडी सुल्तानपुरी और मिल्खी राम गोमा के रूप में कोली समुदाय को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पद पर प्रतिनिधित्व मिल चुका है। आज दिन तक ज्यादातर टिकट कोली समुदाय को मिले हैं। राही ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक को पत्र सौंप हिमाचल की राजनीति के जातीय समीकरणों के बारे में अवगत करवाया था। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग से वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची भी गांधी परिवार के नजदीकी हैं, इनका नाम भी आगे आ रहा है। इसके अलावा दो बार प्रदेशाध्यक्ष रहे कौल सिंह ठाकुर भी सबसे अनुभवी नेता हैं व उनके कार्यकाल में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि मंडी प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा जिला होने के कारण यहां जर्जर हुए कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी। यह स्थिति कांग्रेस को दोबारा सत्ता में ला सकती है। राही ने कहा कि सामान्य वर्ग से रामलाल ठाकुर, कुलदीप राठौर व आशा कुमारी भी सामान्य वर्ग से हैं, लेकिन इनके जिलों से प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बने हुए हैं, लेकिन मंडी नेतृत्व बिहीन हो चुका है।

# अंजना को मंडी और ईशा को चौंतड़ा मंडल की मिली कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि विभिन्न मोर्चे के जिला में कुछ नई नियुक्तियां की गई। अंजना कुमारी को मंडी मंडल और ईशा राठौर को चौंतड़ा मंडल की मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त भाजयुमो जिला मंडी अध्यक्ष योग राज डोगरा ने सौरभ गुलेरिया को मंडी मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंडी अध्यक्ष खेमचंद संध्याना ने हरीश चंद्र को मंडी मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजपा किसान मोर्चा जिला मंडी अध्यक्ष दलीप कुमार ने राकेश सेन को मंडी मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजपा महिला मोर्चा जिला मंडी अध्यक्ष सीमा शर्मा ने की जिला कार्यकारिणी सदस्याओं की घोषणा। भाजपा महिला मोर्चा जिला मंडी की जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा ने भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर, भाजपा जिला मंडी अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा से विचार विमर्श करने के उपरांत जिला कार्यकारिणी सदस्याओं एवं बचे हुए मंडलों की मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। कार्यकारिणी सदस्याओं की नियुक्त करते अंजना ठाकुर थुनाग, अंजु शर्मा जंजैहली, पार्वती बालीचौकी, रीता गुलेरिया नेरचौक, तारावती नेरचौक, दासी देवी नेरचौक, निशा शर्मा बल्ह-रिवाल्सर, चंद्रकांता दरंग, सरिता हांडा मंडी, वनित मंडी, रीता देवी कोटली, शकुंतला दरंग, शारदा, शांति देवी पधर, चंद्रकांता स्नोर, माया देवी लडभड़ोल, निर्मला देवी जोगिंद्रनगर व निर्जला ठाकुर, चौंतड़ा मंडल को जिला कार्यकारिणी सदस्या नियुक्त किया गया है।

# नाचन में दो योजनाओं की शुरुआत करेगा नवभारत जनविकास फाउंडेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



नवभारत जन विकास फाउंडेशन ने शनिवार को धनोटू में प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान की अध्यक्षता में बैठक की। उन्होंने कहा कि फिलहाल मंडी जिले के नाचन से फाउंडेशन की दो योजनाओं से शुरुआत की जा रही है।

उन्होंने कहा कि फाउंडेशन पहली योजना के तहत किसानों की उपज को सीधे खरीदेगी और उचित मूल्य देकर आगे सप्लाई करेगी। इससे किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम मिलेगा और क्षेत्र के अन्य लोगों को भी लाभ होगा, जबकि दूसरी योजना के तहत गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में शगुन व खर्च फाउंडेशन उठाएगी। इस बैठक में समन्वयक मीरा ठाकुर ने बताया कि नाचन में 25-30 सस्ते राशन के डिपु खोले जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे नाचन के कई युवकों को इन डिपुओं के माध्यम से रोजगार मिलेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि नाचन में फाउंडेशन की और भी गतिविधियां शुरू की जाएगी। इसमें युवाओं को उनकी योग्यता के हिसाब से रोजगार और अन्य मौके भी दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने नाचन के युवाओं को फाउंडेशन से ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ने का आह्वान किया है।

- फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने धनोटू में बैठक कर बनाई रणनीति
- किसानों की उपज खरीदेगा फाउंडेशन, बेटियों की शादी में भी करेगा सहयोग

# प्राकृतिक आपदाओं के कारणों का गहन विश्लेषण जरूरी: सूर्यकांत

## मंडी में विशाल विधिक साक्षरता शिविर अभियान का शुभारंभ, नशामुक्त समाज के लिए शिक्षा, जागरूकता अहम: संधावालिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में मंडी में विशाल विधिक साक्षरता शिविर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सूर्यकांत मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह शिविर नशामुक्त समाज-भारत का संकल्प, पर्यावरण संरक्षण-भूमंडल रक्षण तथा आपदा पीड़ित पुनर्वास विषयों पर केंद्रित रहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश से उनका गहरा भावनात्मक संबंध रहा है। हाल के समय में राज्य में आई प्राकृतिक आपदाओं से भारी जनहानि हुई है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में राज्यवासियों ने आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए आगे बढ़कर जो मानवीय संवेदना प्रदर्शित की है, वह हमारे देश की महानता, चरित्र और सहयोग भावना का प्रतीक है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा राहत कोष की स्थापना को सराहनीय पहल बताया, जिसके माध्यम से पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान की गई है।



मंडी में विशाल विधिक साक्षरता शिविर अभियान के शुभारंभ अवसर पर सामूहिक चित्र में गणमान्य।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं से व्यापक स्तर पर नुकसान हुआ है, जिसके कारणों का गहन विश्लेषण आवश्यक है। हमारी संस्कृति में प्रकृति को माता के रूप में पूजने की परंपरा रही है, परंतु वर्तमान में मानव और प्रकृति के मध्य बढ़ते संघर्ष ने पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचाई है। इस चुनौती के समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस दिशा में केरल राज्य में एक विशेष योजना आरंभ की है, जिसके अंतर्गत पैरा-लीगल वॉलंटियर्स ग्रामीण स्तर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के प्रति जनजागरूकता फैला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु सरकारें कई योजनाएं संचालित करती हैं, परंतु यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इन योजनाओं का लाभ वास्तव में पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे। इस दिशा में विधिक सेवा प्राधिकरण के स्वयंसेवक प्रभावित लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों के परिवारों को कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से वीर सैनिक सहायक योजना इसी वर्ष से आरंभ की गई है, जिसके लिए प्रत्येक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में व्यवस्था की गई है। नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि नशा किसी भी रूप में व्यक्ति के जीवन में प्रवेश करता है, तो वह पूरे परिवार को प्रभावित कर देता है। कठोर कानून होने के बावजूद नशे की प्रवृत्ति में वृद्धि चिंताजनक है। इसे रोकने के लिए समाज को एकजुट होकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में नशा नियंत्रण हेतु पुलिस प्रशासन एवं पैरा-लीगल वॉलंटियर्स के साथ सहयोग करें। परिवारों का सहयोग इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संदीप शर्मा, न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवाल दुआ, न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य, न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा, न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह, न्यायमूर्ति रंजन शर्मा, न्यायमूर्ति बिपिन चंद्र, न्यायमूर्ति राकेश कैंथला, न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज, न्यायमूर्ति रोमेश वर्मा, रजिस्ट्रार जनरल भूपेश शर्मा, महाधिवक्ता अनूप रत्न, सीएम के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, हिमाचल बार काउंसिल के अध्यक्ष लवनीश कंवर, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हमेंद्र सिंह, उप सॉलिसिटर जनरल बलराम शर्मा, उपायुक्त अपूर्व देवगन, एसपी साक्षी वर्मा सहित कई मौजूद रहे।

# अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज के आठ छात्रों की राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'साधनम 2025' में उत्कृष्ट भागीदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट चैलचौक जिला मंडी के आठ छात्रों ने प्रतिष्ठित 10 दिवसीय आवासीय क्लीनिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम 'साधनम 2025' में भाग लेकर संस्था और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयुर्वेद अकादमी, बेंगलुरु द्वारा रामनगर, कर्नाटक में आयोजित किया गया था।

छात्रों का चयन आयोजकों द्वारा आयोजित ऑडिशन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया, जिसमें देशभर से आए 900 से अधिक प्रतिभागियों में से केवल 300 छात्रों का चयन किया गया। यह अत्यंत गर्व की बात है कि अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट उत्तर भारत का एकमात्र निजी आयुर्वेदिक कॉलेज था, जिसके छात्रों को इस राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर में स्थान मिला। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को आयुर्वेद के प्रख्यात विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष प्रशिक्षण, नैदानिक अनुभव और व्यावहारिक शिक्षण प्राप्त हुआ। इन छात्रों का मार्गदर्शन डॉ. विकास कुमार सह-प्रोफेसर द्वारा किया गया, जिनके निर्देशन और प्रेरणा से छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



आवासीय क्लीनिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम 'साधनम 2025' में गणमान्य।

इस उपलब्धि पर अभिलाषी विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी ने कहा कि हमारे छात्रों की 'साधनम 2025' में भागीदारी व सफलता अभिलाषी विवि की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है। मैं सभी चयनित छात्रों और उनके मार्गदर्शक डॉ. विकास कुमार को हार्दिक बधाई देता हूं। साथ ही प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, माननीय कुलपति प्रो. एचके चौधरी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार व रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, डीन डॉ. डी.के. मिश्रा तथा प्राचार्य डॉ. दिव्य दीपक ने भी छात्रों और उनके मार्गदर्शक को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अभिलाषी विवि प्रबंधन ने भी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्था की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो उच्च गुणवत्ता वाले आयुर्वेदिक शिक्षण, नैदानिक प्रशिक्षण और अनुसंधान उन्नयन के लिए सदैव समर्पित रही है।

# महादेव क्षेत्र में पेयजल रिसाव से सड़कों पर कीचड़, लोग परेशान



खस्ताहाल सड़क।

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह पेयजल की पाइपों से रिसाव होने का जश्र ढह सिलसिला लंबा हो चला है। जलशक्ति विभाग पर सीधे-सीधे आरोप लग रहे हैं कि वह सड़कों, नालियों, नालों, खड्डों आदि में व्यर्थ बह रहे पानी की बर्बादी को रोक पाने में असमर्थता दिखा रहे हैं। गांव घुकनू महादेव, धनोटू, नगवाहन लोअर धनोटू आदि घनी आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पाइपें सरकारी संस्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों में रिसाव होने से लगातार कीचड़ हो रहा है और सड़क मार्ग पर अन्य गंदगी घुलकर प्रदूषण फैलता जा रहा है, जिससे एक तरह का नारकीय हालात बन गए हैं जबकि संबंधित विभाग एवं प्रशासन से कई बार इस संबंध में सुधार करने की बात उठाई जा चुकी है मगर अभी तक इस दिशा में किसी भी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण प्रेमियों एवं लोगों में भारी गुस्सा व्याप्त है।

लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही रिसाव से प्रभावित पेयजल आपूर्ति पाइपों का सुधार करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

**खेतीबाड़ी** कृषि विज्ञान केंद्र ने गेहूं, जौ व चने की उपयुक्त किस्मों की जानकारी साझा की

# मौसम व मिट्टी के अनुसार फसल चयन की दी सलाह

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय ने कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक सलाह दी है कि वे मौसम एवं मिट्टी की स्थिति के अनुसार उपयुक्त फसलों एवं किस्मों का चयन करें ताकि अधिक उत्पादन और गुणवत्ता प्राप्त की जा सके।

जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने बताया कि निचले व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों के किसान सिंचित एवं असिंचित भूमि में गेहूं की बिजाई अक्तूबर माह के अंतिम सप्ताह से नवंबर के मध्य तक करें। इन क्षेत्रों के लिए एचएस-542, एचएस- 562, एचपी डब्लयू- 368 और वीएल-829 किस्में उपयुक्त हैं। जौ की खेती के लिए हिम पालम जौ-1, हिम पालम जौ-2 और एचबीएल-113 किस्मों की अनुशंसा की गई है। बिजाई पूर्व बीज को फफूंदनाशक 2.5 ग्राम बैविस्टिन या वीटावैक्स अथवा 1.0 ग्राम रैक्सिल प्रति किलोग्राम बीज से उपचारित करें।

पंकज सूद ने कहा कि यह समय चने की बिजाई के लिए उपयुक्त है। चने की बिजाई के लिए हिमाचल चना-1, हिमाचल चना-2, जीपीएफ-2 एवं एचपीजी.-17 किस्मों की बीजाई सिफारिश की गई है। बिजाई कतारों में करें और बीज की गहराई 10 सेंटीमीटर रखें। छोटे दाने वाली किस्मों में 3.2 से 3.6 किलोग्राम तथा बड़े दाने वाली किस्मों में 6.4 किलोग्राम बीज प्रति बीघा प्रयोग करें। मसूर की खेती के लिए विपाशा व मारकंडे किस्में उपयुक्त हैं। बीज की मात्रा 2.0 से 2.8 किलोग्राम प्रति बीघा रखें तथा देर से बिजाई की स्थिति में बीज की मात्रा 20 से 25 प्रतिशत बढ़ा दें।

### तिलहनी फसलें

**डॉ.** पंकज सूद ने कहा कि तिलहनी फसलों में इस समय राया की आरसीसी-4 व करण राई, गोभी सरसों की नीलम, शीतल व ओएनके-1, भूरी सरसों की केबीएस-3, एचपीबीएस-1 व अलसी की हिम पालम अलसी-1, हिम पालम अलसी-2 किस्मों को लगाएं। अलसी में बीज की मात्रा 3.2 किलो ग्राम तथा राया, गोभी सरसों एवं भूरी सरसों में 480 ग्राम प्रति बीघा रखें। गोभी सरसों को 45 सेंटमीटर की दूरी पर पंक्तियों में लगाएं।

### पशुधन प्रबंधन

**पंकज** सूद ने कहा कि गौशालाओं की नियमित सफाई करें और पशुओं को रोगों से बचाने के लिए सतर्क रहें। बीमारियों के लक्षण दिखने पर तुरंत पशु चिकित्सक की सलाह लें। नवजात बछड़ों को जन्म के 1 से 2 घंटे के भीतर खीस अवश्य पिलाएं। पशुओं को संतुलित आहार एवं खनिज लवण दें। घासनियों से हरी घास काटकर सुखाकर भंडारित करें। मछली पालक दिन के शुरुआती घंटों में तालाबों में ताजा पानी मिलाएं। मुर्गीपालक किसान बिछावन को सूखा रखें और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करें।

### सब्जी उत्पादन

**पंकज** सूद ने कहा कि निचले पर्वतीय क्षेत्रों में मटर की अगेती किस्में जैसे पालम त्रिलोकी, अरकल, वीएल-7 व मटर अगेता की बिजाई करें। बीजाई से पहले खेत में पर्याप्त जैविक खाद डालें और अनुशंसित मात्रा में रासायनिक खाद का प्रयोग करें। इसी समय लहसुन की किस्म जीएचसी-1, एग्री-फाउंड पार्वती व सोलन सिलेक्शन की बिजाई भी की जा सकती है। इसके अलावा पालक, मेथी, धनिया, मूली, गाजर, शलगभ व फूलगोभी, बंदगोभी, ब्रोकली की पौध रोपाई भी इस अवधि में की जा सकती है। प्रदेश के मध्यवर्ती क्षेत्रों में फूलगोभी, बंदगोभी, गांठ गोभी, चाईनीज बंदगोभी तथा ब्रोकली की तैयार पौध की रोपाई करें। इन्हीं क्षेत्रों में मूली की पूसा हिमानी, मीनो अर्ली, आल सीजन, शलजम की पीटीडब्ल्यूजी, पालक की पूसा हरित, पूसा भारती, आलग्रीन, मेथी की पालम सौम्य, पूसा कसूरी, आईसी-74 तथा लहसुन की जीएचसी-1, एग्री-फाउंड पार्वती किस्मों की बीजाई करें। साथ ही प्याज की नर्सरी तैयार करने का यह उचित समय है।

# बगैला के पाटी गांव में प्राकृतिक जलस्रोतों को किया चकाचक



ग्राम पंचायत बगैला में प्राकृतिक जलस्रोतों की सफाई करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सुरेश ओबरॉय संगीत साधना संस्था द्वारा ग्राम पंचायत बगैला वार्ड एक गांव पाटी में कई प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सफाई की गई। इन जल स्त्रोतों से लालग पाटीसेरी कोटलू पाटी पाटलू आदि कई गांवों द्वारा पानी पीने के लिए लिया जाता है। संस्था के अध्यक्ष एवं संस्थापक सुरेश ओबरॉय एक संगीत शिक्षक व समाजसेवी ने कहा कि समय-समय पर इन जल स्त्रोतों की सफाई भी की जाती है तथा स्वच्छ पानी पीने से शरीर स्वस्थ व कई रोगों से निजात मिलता है। यह संस्था लगभग अठारह बर्षो से जल स्त्रोतों की सफाई व जल संरक्षण पर्यावरण स्वच्छता नशा निवारण उच्च शिक्षा योग खेल पौधरोपण चित्रकला लोक संस्कृति का संरक्षण एवं सम्वर्धन निशुल्क लोक संगीत व शास्त्रीय संगीत स्कूल कॉलेजों अलग-अलग शिक्षण संस्थानों तथा गांव के बच्चों को संगीत सीखाना आदि कई सामाजिक कार्य कर रहे हैं जिसमें बच्चों को सामाजिक जानकारी का अनुभव मिलता है। आगामी दिनों में पौधारोपण भी किया जाएगा। संस्था के सहयोग में अन्य सदस्यों द्वारा अमन चौहान घनश्याम रीना हरगुन मेधांश पूष्पेन्द्र गुंजन कनिका व दीक्षा ने भी भरपूर सहयोग दिया।

# सतीश गोगी तीसरी बार बने द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रधान

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**द** न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट की तीसरी बार कमान सतीश गोगी को मिली है। प्रबंधन समिति के सात वार्डों में हुए चुनाव के बाद प्रबंधन समिति के पदाधिकारी चुनने के लिए किए गए चुनाव में सात में से चार सदस्यों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से सतीश गोगी को प्रबंधन समिति का प्रधान चुन लिया गया।

**अभिनव पुरी के सिर सजा उपप्रधान का ताज**

उपप्रधान पद पर अभिनव पुरी की ताजपोशी हुई है। प्रबंधन समिति के सदस्यों के चुनाव के बाद नवनिर्वाचित सदस्यों की बैठक बुलाई गई। बैठक में सतीश गोगी, बलकार सिंह, पवन कुमार व अभिनव पुरी ने भाग लिया। हालांकि तीन सदस्य संजय कुमार, विनय शर्मा व विक्रम सिंह बैठक से नदारद रहे। बैठक का कोरम पूरा होते ही बैठक में मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से सतीश गोगी को द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी का प्रधान चुन लिया, जबकि अभिनव पुरी को उपप्रधान चुना गया है। नवनिर्वाचित प्रधान सतीश गोगी ने शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न होने पर सोसायटी के तमाम सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सोसायटी के कार्य को तमाम सदस्यों के सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा। उधर सहकारिता निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रबंधन समिति के सदस्यों के चुनाव के बाद प्रबंधन समिति के प्रधान व उपप्रधान का चुनाव समिति सदस्य करते हैं। इसके लिए चुनाव संपन्न होने के पंद्रह दिन तक का समय होता है। उन्होंने कहा कि अगर सात सदस्यीय समिति है तो बैठक में चार सदस्यों का होना लाजिमी है।

# कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : मुकेश

## बोले-एचआरटीसी कर्मचारियों और पेंशनरों के एरियर, पेंशन और अन्य देयों के लिए जारी की राशि

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** प्रदेश सरकार एचआरटीसी कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनों के लंबित एरियर, पेंशन, लीव एनकैशमेंट और अन्य वित्तीय देयों के निपटारे के लिए बड़ी राशि जारी की है। यह बात उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना में पत्रकार वार्ता में बताया कि 75 वर्ष से अधिक आयु के 647 पेंशनरों को 23 करोड़ का एरियर जारी किया गया है। यह एरियर वर्ष 2022 में घोषित हुआ था और 1 जनवरी 2016 से देय था। इसके अलावा 222 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 29 करोड़ 47 लाख रुपए की राशि जारी की गई है,



जिनकी पेंशन अप्रैल 2024 से लंबित थी। इसमें कम्यूटेशन राशि भी सम्मिलित है।

अग्निहोत्री ने बताया कि सितंबर, 2025 माह की पेंशन के भुगतान के लिए भी 23 करोड़ जारी किए गए हैं। साथ ही लीव एनकैशमेंट के लिए 33 करोड़ और डेथ-कम-रिटायरमेंट ग्रेच्युटी (डीसीआरजी) के लिए भी 33 करोड़ इसी महीने जारी किए जाएंगे। मुकेश ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी पेंशनर या कर्मचारी को अपने संवैधानिक और वित्तीय अधिकारों के लिए प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम प्रदेश की जनसेवा का प्रमुख माध्यम है और सरकार निगम को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है।

### उपमुख्यमंत्री ने बढ़ाया पहलवानों का हौसला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छेत्रां में आयोजित तीन दिवसीय विशाल कुश्ती दंगल का समापन उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि पहलवानों का उत्साहवर्धन किया और दंगल कमेटी को एक लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान की। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कुश्ती जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं, जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर खेलों को अपनाएं और स्वस्थ जीवन की दिशा में अग्रसर हों। इस अवसर पर एसडीएम विशाल शर्मा, डीएसपी मोहन रावत, पंचायत प्रधान विकास राणा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राय सहित कई पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन में प्रदेश व बाहरी राज्यों के नामी पहलवानों ने भाग लेकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

# डीएवी स्कूल कालू दी वड़ में मेधावी बच्चे किए सम्मानित



बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध किया।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**डीएवी** पब्लिक स्कूल कालू दी वड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने शिरकत की। प्रधानाचार्य कृष्ण कालिया ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी तथा स्कूल में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों के बारे में अवगत करवाया। स्कूल में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को मुख्य अतिथि सुदर्शन सिंह बबलू ने सम्मानित किया। मेधावी छात्र-छात्राएं वंश शर्मा, कामाक्षी, इशिता शर्मा, आरूषी शर्मा, स्तुति शर्मा शामिल हैं।

इसके अलावा वेटलिफ्टिंग में शगुन, अनुष्का, तमन्ना, आस्था, आंचल और ईशान पाराशर, कशली पराशर, वंश पाराशर को भी सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल कृष्ण कालिया ने कहा कि बच्चों के अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों में बच्चे अपने शारीरिक विकास के साथ-साथ अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं।

# हिमोत्कर्ष संस्था ने छात्राओं को बांटी मिठाई



हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान, संयुक्ता चौधरी में दीपावली के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**हिमोत्कर्ष** संस्था द्वारा हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान, संयुक्ता चौधरी में दीपावली के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष जतिंद्र कंवर, अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

उन्होंने प्रशिक्षण संस्थान की छात्राओं को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं और मिठाई भेंट कर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। जतिंद्र कंवर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली केवल प्रकाश और उत्सव का पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सकारात्मकता को अपनाने का अवसर भी है। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करके हम अपने जीवन में सुख, समृद्धि और ज्ञान का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें बुरी आदतों और नकारात्मक सोच को छोड़कर अच्छे विचारों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य नरेश सैनी, रजनीश लुंबा, वरुण नारंग (ऑस्ट्रेलिया), रमा कंवर, रंजू बाला और मीना ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## दिवाली पर व्यापारियों को राहत, जीएसटी 3बी रिटर्न दाखिल करने की तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** दीपावली के पर्व को ध्यान में रखते केंद्र सरकार के जीएसटी विभाग ने व्यापारियों और अकाउंटेंट्स को बड़ी राहत दी है। विभाग ने सितंबर माह की जीएसटी 3बी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्तूबर से बढ़ाकर अब 25 अक्तूबर कर दी है। इस निर्णय से प्रदेशभर के कारोबारियों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने राहत की सांस ली है। प्रदेश के विभिन्न व्यापारिक संगठनों और अकाउंटेंट्स ने केंद्र सरकार व जीएसटी विभाग के इस फैसले का तहे दिल से स्वागत किया है। उनका कहना है कि दीपावली का पर्व भारत वर्ष का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्यौहार है, ऐसे में कारोबारियों पर त्यौहार की तैयारियों और बिक्री के कारण कार्यभार अधिक रहता है।

## ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षक एवं प्रमाणन कार्यक्रम संपन्न

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रामपुर, ऊना में आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षक एवं प्रमाणन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कुल 8 अभ्यर्थियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रतिभागियों को सैद्धांतिक व व्यावहारिक ज्ञान दिया गया व कंप्यूटर आधारित परीक्षा और निर्माणाधीन भवन में व्यावहारिक मूल्यांकन द्वारा उनकी योग्यता का आकलन किया गया। समापन कार्यक्रम में पीएनबी ऊना के मुख्य प्रबंधक पीयूष ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित है। आरसेटी ऊना के निदेशक सुधीर शर्मा ने प्रशिक्षुओं को प्रभावी शिक्षण तकनीकों से अवगत कराया।

# महिलाओं के उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी, बिक्री शुरू

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** विकास खंड बंगाणा के कार्यालय प्रांगण में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री शुरू हो गई है। इन स्टॉलों पर मिट्टी के सुंदर दिए, झाड़ू, रंगोली के रंग, मिलेट्स (श्रीअन्न) से बनी मिठाइयां, पाइन नीडल (चीड़ की सुई) से बने सजावटी सामान, मोमबत्तियां तथा अन्य घरेलू उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। यह प्रदर्शनी एवं बिक्री स्टॉल 18 अक्तूबर से 21 अक्टूबर तक लगाई जाएगी। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वृद्धि करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इन उत्पादों की बिक्री से



महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में यह प्रदर्शनी अक्तूबर तक लगाई गई।

महिलाओं को न केवल आर्थिक सहायता मिलेगी बल्कि उनके हुनर को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल विकासखंड प्रशासन द्वारा एक सराहनीय कदम है। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के विपणन के अधिक अवसर मिल सके।

## किसानों को प्रशिक्षण शिविर में किचन गार्डन किट किए वितरित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**फसल** विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (जायका) चरण-2 के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा उप परियोजना लोअर भंजाल में अनुदेशन और आवश्यकता मूल्यांकन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 36 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड परियोजना प्रबंधक अधिकारी डॉ. गुलशन मनकोटिया ने की। किसानों को रबी सीजन के लिए किचन गार्डन किट वितरित की गई। कृषक विकास संघ के प्रधान श्री बालकृष्ण सहित उपस्थित सभी किसानों ने किचन गार्डन किट एवं उपयोगी जानकारी प्रदान करने के लिए जायका परियोजना टीम का आभार व्यक्त किया।

## द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के चुनाव में कांटे की टक्कर

# सतीश गोगी गुट के सात में से चार सदस्य जीते

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**ऊना** जिले की सबसे बड़ी द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट की प्रबंधन समिति के हुए चुनाव में कांटे की टक्कर देखने को मिली है। कई बड़े उल्टफेरों ने समीकरण ऐसे बिगाड़े हैं कि बड़े-बड़े दिग्गज धराशायी हो गए हैं।

**अब प्रधान पद के लिए लगा एड़ी-चोटी का जोर**

हालांकि दावा यह किया जा रहा है कि प्रबंधन समिति के चुनाव में सात में से चार सदस्य सतीश गोगी गुट के जीतकर आए हैं लेकिन अध्यक्ष के चुनाव के लिए जोड़-तोड़ की राजनीति शुरू हो गई है। मौजूदा समीकरण यह बता रहे हैं कि सतीश गोगी का लगातार तीसरी बार प्रधान बनना तय है।

अगर एक सदस्य भी इधर-उधर हिला तो परिणाम कुछ भी हो सकते हैं। शुक्रवार को हुए चुनाव में वार्ड नंबर एक में पवन कुमार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। कुल 38 मतों में से 27 मत पवन कुमार को मिले हैं, जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजेश कुमार को 11 मत ही मिल पाए हैं। वहीं, वार्ड नंबर दो में सबसे जबरदस्त टक्कर देखने को मिली है। यहां हार-जीत का अंतर महज दो वोट का रहा है। वार्ड नम्बर दो से राजकुमार को 19 मत मिले हैं, जबकि यहां से विजयी घोषित किए गए विनय शर्मा के हक में 21 वोट पड़े हैं। वार्ड नम्बर तीन से कुल 44 मतों में से 18 मत राम कुमार को मिले हैं, जबकि विक्रम ठाकुर 23 मतों के साथ विजयी घोषित किए गए हैं। वार्ड नंबर पांच से कुल 36 मतों में से 34 मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया।

संजय कुमार ने इस चुनाव की जीत दर्ज की है। संजय कुमार को 27 मत मिले हैं जबकि उनके प्रतिद्वंदी सुखदेव सिंह को मात्र सात मत मिले हैं। वार्ड नंबर छह से बलकार सिंह ने जीत दर्ज की है। कुल पड़े 38 मतों में से बलकार सिंह को 21 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी शशीपाल को 17 मत मिले हैं।

वार्ड नंबर छह से अभिनव पुरी ने जीत का स्वाद चखा है। अभिनव पुरी को 36 मतों में से 21 मत मिले हैं, जबकि परमजीत सिंह को 15 मत ही मिल पाए हैं। मौजूदा समीकरणों को देखें तो जीत दर्ज करने वाले चार सदस्यों को सतीश गोगी गुट का माना जा रहा है, जबकि संजय गुट के तीन सदस्य जीत दर्ज करके आए हैं। जाहिर है कि सतीश गोगी दो बार यहां प्रधान रह चुके हैं तो संजय कुमार भी सोसायटी के उपप्रधान के पद पर रह चुके हैं। ऐसे में अब प्रधान पद पर काबिज होने के लिए दोनों गुटों द्वारा एड़ीचोटी का जोर लगाया जा रहा है।

चुनाव अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि सात वार्डों में से एक वार्ड में निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ जबकि अन्य छह वार्डों में निष्पक्ष चुनाव के साथ चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। अब प्रबंधन समिति के सदस्य ही अपने में से प्रधान का चयन करेंगे।

**अंबोटा गांव का द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी पर दबदबा कायम :** द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी की प्रबंधन समिति के चुनाव में सात में से तीन सदस्य अंबोटा गांव से चुनकर आए हैं। इनमें निवर्तमान प्रधान सतीश गोगी, बलकार सिंह व विक्रम सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज की है।

## ऊना में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आउटरीच कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना की ओर से पूर्व सैनिकों, विधवाओं और आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पेंशन, स्पर्श पोर्टल, दस्तावेज़ों में त्रुटियों आदि से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना है। प्रत्येक सप्ताह एक तहसील में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी सूचना पूर्व सैनिकों को अग्रिम रूप से दी जाएगी। अब तक सपौरी और बंगाणा तहसीलों में कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं।

आगामी कार्यक्रम 24 अक्तूबर को हरोली और 29 अक्तूबर को घनारी में होंगे। इसके अलावा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पूर्व सैनिकों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता केंद्र भी स्थापित किया गया है, जहां सप्ताह में दो दिन – मंगलवार और शुक्रवार को– कानूनी सलाह उपलब्ध करवाई जाएगी।

# नुक्कड़-नाटकों से लोगों को किया जागरूक

## भूकंपरोधी भवन बनाने को लेकर पूर्वी कला मंच के कलाकारों ने जगाई अलख

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**जिला** आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना द्वारा आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समर्थ कार्यक्रम 2025 के तहत हरोली उपमंडल के मुख्य बाजार हरोली और टाहलीवाल चौक में लोगों को भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण करने को लेकर जागरूक किया गया।

इस दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध फोक मीडिया ग्रुप पूर्वी कला मंच जलग्रां टब्बा के कलाकारों ने लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के विभिन्न तौर तरीकों और मूलभूत ज्ञान से अवगत करवाया।

कलाकारों ने बताया कि भवन चाहे अवासीय हों या गैर आवासीय उसका निर्माण भूकंपरोधी तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी आपदा के समय जानमाल के नुकसान को रोका जा सके। भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक बदलाव करने से पहले अभियंता से परामर्श अवश्य लें, ताकि भूकंप से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

कलाकारों ने लोगों को भूकंपरोधी भवन बनाने के लिए उत्तम सीमेंट मोर्टार,



हरोली और टाहलीवाल चौक में भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण करने को लेकर जागरूक किया।

क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, इंट की दीवारों का सुदृढ़ीकरण, उद्घाटनों के जांब्स में खड़ी सुदृढ़ीकरण और नींव बनाने में प्रयोग होने वाले आवश्यक तत्वों बारे भी जागरूक किया। इसके अलावा कलाकारों ने आपदा की रोकथाम के लिए पर्यावरण संतुलन के महत्व के विषय में कलाकारों द्वारा पेड़ लगाओ – पर्यावरण बचाओ समूह गान भी प्रस्तुत किया गया जिसमें पौधारोपण के महत्व तथा भूमि कटाव की रोकथाम बारे विशेष संदेश दिया गया।

**आगामी जागरूकता कार्यक्रमों का शेड्यूलः** समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत 19 अक्तूबर को संतोषगढ़ और मैहतपुर, तथा 20 अक्तूबर को लठियाणी और थानाकलां में पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा के कलाकारों द्वारा लोगों को भूकंपरोधी भवन बनाने को लेकर जागरूक किया जाएगा। 21 अक्तूबर को बंगाणा और खुरवाईं, 22 अक्तूबर को चिंतपूर्णी और भंजाल, 23 अक्तूबर को अंब और नैहरियां, 24 को गगरेट और शिवबाड़ी तथा 25 अक्तूबर को कुनेरन और ओईल में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# अनुज शर्मा बने सहायक सब इंस्पेक्टर

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**चिंतपूर्णी** पुलिस थाना में कार्यरत अनुज शर्मा को सहायक सब इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति मिली है, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अनुज शर्मा की जीवन यात्रा संघर्षों से भरी हुई है, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।

अनुज शर्मा की उम्र मात्र साढ़े तीन साल थी, जब उनके पिता यशपाल शर्मा का निधन हो गया। इसके बाद उनकी मां सुनीता शर्मा ने घर-घर जाकर बर्तन साफ करके परिवार का पालन-पोषण किया और अनुज को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें जीवन के मूल्यों और संस्कारों की शिक्षा दी। अनुज शर्मा ने वर्ष 2006 में हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में अपनी सेवा आरंभ की। उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री की सुरक्षा टीम में कार्य किया, धर्मशाला में परम पावन दलाईलामा की सुरक्षा में योगदान दिया, और मंडी, कुल्लू, शिमला, मनाली, किन्नौर और भाखड़ा डैम



अनुज शर्मा की पदोन्नति पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

सिक्योरिटी जैसी महत्वपूर्ण तैनातियों पर अपनी निष्ठा और जिम्मेदारी से कर्तव्यों का निर्वहन किया। अनुज शर्मा ने अपनी पदोन्नति का श्रेय अपनी माता और मां चिंतपूर्णी को दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी मां की हिम्मत और संस्कारों ने उन्हें जीवन की हर परीक्षा में संभाला और सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। अनुज शर्मा की पदोन्नति का समाचार मिलने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। गांव के लोग उनकी सफलता को अपनी सामूहिक उपलब्धि मान रहे हैं और उनकी पदोन्नति पर बधाई दे रहे हैं। अनुज शर्मा की कहानी उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो जीवन में संघर्षों का सामना कर रहे हैं और सफलता की राह पर चलना चाहते हैं।

# राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण में लोग करें सहयोग : डीसी जतिन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**उपायुक्त** ऊना जतिन लाल ने जिले के सभी नागरिकों से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण में पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सहयोग से राज्य में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर यह सर्वेक्षण कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में जिला ऊना में विभाग के प्रगणक सितंबर, 2025 से टैब एप्लीकेशन के माध्यम से घर-घर जाकर जानकारी एकत्र कर रहे हैं। यह कार्य चयनित गांवों और शहरी वार्डों में किया जा रहा है।

सर्वेक्षण के माध्यम से जुटाई जा रही सूचनाओं से नागरिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का यथार्थ आंकलन किया जाएगा, जो सरकार की विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी



जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने अपील की कि लोग सर्वेक्षण कर्मियों को सही, सटीक और वास्तविक जानकारी प्रदान करें, ताकि जिला ऊना में यह कार्य सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। उन्होंने सभी नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में क्षेत्रीय कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण जिला और राज्य स्तर पर योजनाओं के निर्माण तथा जनजीवन के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# राम पॉल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष बने

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** भाजपा जिला अनुसूचित जाति मोर्चा में इंजीनियर राम पॉल की उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। चिंतपूर्णी क्षेत्र सहित अपर और लोअर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सभी ने इस नियुक्ति पर इं. रामपाल को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। भाजपा जिला नेतृत्व ने इंजीनियर राम पॉल को बधाई देते हुए कहा कि वे लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित रहे हैं। उनके अनुभव और कर्मठता से अनुसूचित जाति मोर्चे को एक नई दिशा मिलेगी। साथ ही, उनका जमीनी स्तर पर मजबूत जुड़ाव संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इंजीनियर राम पॉल की नियुक्ति को संगठन के लिए लाभकारी कदम बताया और कहा कि इससे



इंजीनियर राम पॉल ने माता चिंतपूर्णी मंदिर में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

अनुसूचित जाति समुदाय में पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी। अपनी नियुक्ति पर इंजीनियर राम पॉल ने भाजपा हाईकमान, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा संगठन मंत्री सिद्धार्थन, सांसद अनुराग ठाकुर, जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास और पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। इंजीनियर राम पॉल ने कहा कि वे अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने और पार्टी की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे। नियुक्ति के बाद इंजीनियर राम पॉल ने माता चिंतपूर्णी मंदिर में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी ग्राहकों की भारी भीड़

## कुल्लू जिला के बाजारों में बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक व ज्वेलर्स की दुकानों में दिनभर लगा रहा ग्राहकों का मेला

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में दिवाली से दो दिन पहले मनाए जाने वाले धनतेरस पर्व की खूब धूम रही। शनिवार सुबह से लेकर जिला कुल्लू के बाजारों में खूब रौनक देखी गई और इस अवसर पर स्वर्णकारों और बर्तन भंडारों सहित कार-स्कूटी-बाइक व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में लोगों ने जमकर खरीददारी की। आभूषणों व बर्तनों की खरीददारी के लिए माने जाने वाले धनतेरस उत्सव को लेकर घाटी के दुकानों में खूब चहल-पहल देखने को मिली। जिला के बाजारों में दिनभर खरीदारी के लिए लोगों का खूब भीड़ जुटी रही। उत्सव का असर यहां ढालपुर में चल रही दशहरा उत्सव की अस्थाई मार्केट में भी देखने को मिला है। यहां लगी बर्तन मार्केट में लोगों का भारी भीड़ उमड़ी और दुकानों में तो तिल धरने को भी जगह नहीं थी। लोगों ने कांसे, पीतल व स्टील के बर्तनों को खरीदने में अधिक दिलचस्पी दिखाई। धनतेरस पर लोग कांसे के बर्तनों की अधिक खरीददारी की है। यहां बर्तन स्टोर में दिनभर लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं, कुल्लू की भुट्टी कॉलोनी स्थित नागचला बर्तन स्टोर के एमडी राकेश कुमार ने बताया कि धनतेरस को बर्तनों की खरीद के लिए अच्छा पर्व माना जाता है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान में सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा है। उन्होंने बताया कि नागचला बर्तन स्टोर में लोगों ने बर्तनों की खरीदारी पर भारी छूट दी जा रही है।

अखाड़ा बाजार स्थित जैन ज्वैलर के एमडी प्रदीप जैन, लक्ष्मी ज्वेलर के एमडी राकेश, राम हरी ज्वेलर के मालिक जेइंद्र पाल सिंह, नामधारी ज्वेलर अखाड़ा बाजार ने बताया कि अन्य दिनों के मुकाबले धनतेरस को लोगों की भीड़ अधिक रही है। उन्होंने कहा कि लोगों ने इस अवसर पर चांदी के सिक्कों के साथ आभूषण खरीदे। वहीं, बर्तन की दुकान में खरीददारी को पहुंची पूजा, प्रियंका, दीपाली शर्मा, विमला ठाकुर, सुनीता ने कहा कि धनतेरस बर्तनों की खरीद-फरोख्त के लिए शुभ माना जाता है। ऐसे में उन्होंने रसोई के लिए सामान खरीदा है। इसके अलावा सरवरी स्थित न्यू मीडिया इलेक्ट्रॉनिक गोदरेज हब के एमडी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उनके यहां कई दिनों पहले ही इलेक्ट्रॉनिक सामान के लिए लोगों ने बुकिंग की थी। धनतेरस के दिन सुबह से लेकर शाम तक खरीदारी के लिए लोगों का तांता लगा रहा। यहां खरीदारी के लिए पहुंचे लोगों ने बताया कि इस दिन यह चीजें खरीदने से घर में बरकत आती है, इसी के चलते आज लोगों ने खरीदारी की है।



कुल्लू के लोअर ढालपुर स्थित राजा ज्वेलर्स के पास धनतेरस के दिन खरीदारी के लिए पहुंचे लोग।

**धनतेरस के दिन नए बर्तन सोना और वाहन खरीदना माना जाता है शुभ**

### लोगों ने वाहनों की भी की खूब खरीदारी

**कुल्लू** जिला में धनतेरस के मौके पर लोगों ने वाहनों की जमकर खरीदारी की। यहां पर मारूति, पदम होंडा सहित अन्य कंपनियों के शोरूम में लोगों ने नई कारें बाइक व स्कूटी की खरीददारी की। धनतेरस के मौके पर कई स्कूटी व बाइक की एडवांस बुकिंग करवाई गई थी और कुछ लोगों ने धनतेरस के मौके पर खरीददारी की। उनके अनुसार इस मौके पर करोड़ों रुपए का कारोबार हुआ है।

# विधायक ने पुलिस मुख्यालय केलांग में निरीक्षण कर दी दिवाली की शुभकामनाएं



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा करती हुईं।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने धनतेरस और दीपावली के अवसर पर पुलिस मुख्यालय केलांग का दौरा कर अधिकारियों और जवानों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला सहित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को मिठाई वितरित की और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर उनकी कार्यप्रणाली और समक्ष आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और जवानों से कहा कि वे आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखें तथा जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ और पारदर्शी रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।विधायक ने कहा कि पुलिस प्रशासन समाज का अभिन्न अंग है और उनकी सेवाओं के बिना शांति एवं विकास की कल्पना संभव नहीं। उन्होंने पुलिस कर्मियों के समर्पण और निष्ठा की सराहना की तथा उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा ने समस्त लाहौल-स्पीति वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जिले के सभी नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व प्रेम, प्रकाश और सकारात्मकता का प्रतीक है ।

## न्यूज ब्रीफ

### 105 विद्यार्थियों को किया प्रशिक्षित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कुल्लू द्वारा सीपीआर जागरूकता सप्ताह 13 से 17 अक्तूबर तक मनाया गया। इसमें हृदयगति रुकने की स्थिति में त्वरित प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में राजकीय डिग्री कॉलेज, सैंज तथा हरीपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 105 विद्यार्थियों को हिमाचल होमगार्ड के कंपनी कमांडर कमल भंडारी द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर वीके मौदगिल, सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने सीपीआर के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हृदयगति रुकने की स्थिति में तुरंत सीपीआर करने से व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया वे सीपीआर के बारे अन्य को भी जागरूक करें। इस कार्यक्रम के आयोजन में राजकीय महाविद्यालय सैंज व हरिपुर के प्रधानाचार्य व यूथ रेडक्रास के कार्यक्रम अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नए मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 2 नवंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देवता आदि ब्रह्मा जी के नए मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 2 नवंबर 2025 को की जाएगी। यह शुभ अवसर देवता के रोलाघी मंदिर में आयोजित होगा। करदार उत्तम राम ने जानकारी दी कि 17 अक्तूबर को पांच गढ़ के सभी हारियानों और देउलुओं की उपस्थिति में देवता ने यह निर्णय सुनाया। कार्यक्रम अनुसार 1 नवंबर को देवताओं का आगमन होगा, 2 नवंबर को मुख्य देव कार्य और 3 नवंबर को ब्रह्मा भोज (धाम) का आयोजन किया जाएगा। परंपरा अनुसार सभी देउलुओं को विधिवत निमंत्रण भेजा जा चुका है। कर्दार व हारियानों ने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि दोहरानाला से कावा तक की क्षतिग्रस्त सड़क को शीघ्र मरम्मत किया जाए। साथ ही जल शक्ति विभाग से मुझको-रोलाघी पेयजल योजना को बहाल करने की मांग की है, जो हाल की बारिश से क्षतिग्रस्त हुई है।

### ग्रीन एंड क्लीन दीपावली का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** दीपावली के पावन अवसर पर कार सेवा दल संस्था द्वारा 'ग्रीन एंड क्लीन दीपावली' का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर सीएमओ, एमएस, अन्य वरिष्ठ डॉक्टर स्टाफ, मेट्रनों, नर्सों व अस्पताल स्टाफ, संस्था के सदस्य व आम जनता ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान रंग बिरंगे फूलों के पौधों का वितरण किया गया और सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। सीएमओ डॉ. नागराज पवार ने कार सेवा दल के इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'हमें अपने स्तर पर 'ग्रीन एंड क्लीन दीपावली' मनाने का संकल्प लेना चाहिए ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण दे सकें।' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनता ने भी भाग लिया और सभी ने यह प्रतिज्ञा ली कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे तथा पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में योगदान देंगे। उपस्थित लोगों ने कहा कि बढ़ती आपदाओं को देखते हुए वृक्षारोपण ही संतुलित पर्यावरण का सबसे सशक्त उपाय है। कार्यक्रम के अंत में कार सेवा दल संस्था के अध्यक्ष मनदीप सिंह ने सभी का धन्यवाद करते हुए अपील की कि इस बार सभी 'ग्रीन एंड क्लीन दीपावली' मनाएं, आतिशबाजी का प्रयोग कम करें और पेड़ लगाकर प्रकृति को हराभरा बनाएं। साथ ही अध्यक्ष ने कहा कि हर वर्ष इसी तरह ग्रीन एंड क्लीन दीपावली मनाई जाएगी तथा अन्य विशेष अवसरों पर भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# महिलाओं ने महिला हिंसा और जातीय भेदभाव के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

**बलात्कार की घटनाओं पर जनवादी महिला समिति आक्रोशित**

**महिला सुरक्षा और न्याय की मांग को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन**

प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों और जातीय भेदभाव की घटनाओं के विरोध में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला कमेटी कुल्लू ने शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन समिति के राष्ट्रीय आह्वान पर आयोजित किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ममता नेगी और महासचिव चन्द्र कांता ने कहा कि प्रदेश में महिला शोषण, बलात्कार, हत्या और जातीय भेदभाव की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले के सैंज क्षेत्र में दलित महिला के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना गंभीर चिंता का विषय है। समिति ने आरोप लगाया कि सैंज पुलिस दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने सोलन जिले में एक राजनीतिक व्यक्ति के भाई द्वारा महिला के साथ यौन उत्पीड़न की घटना का भी हवाला दिया और सरकार से सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही, उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की गुमशुदगी और जातीय भेदभाव की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो समाज को पीछे धकेल रही हैं।

जनवादी महिला समिति ने उपायुक्त कुल्लू के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा, न्याय और जातीय भेदभाव को समाप्त करने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में प्रीता, पूजा, वीना, तनुजा, रूमी, रमा और विसा शामिल रहीं।

# बाल श्रम के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : भड़ाना

## डीसी ने त्रिलोकीनाथ मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग



लाहौल-स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना ने शनिवार को त्रिलोकीनाथ एवं उदयपुर क्षेत्र का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने त्रिलोकीनाथ मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। उदयपुर की ओर जाते समय उपायुक्त ने सड़क निर्माण कार्य में कुछ नाबालिग बच्चों को कार्यरत देखा। इस पर उन्होंने तत्काल बाल सहायता हेल्पलाइन को सूचना देकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए कि जिले में बाल श्रम जैसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि समाज की नैतिक जिम्मेदारी है कि हर बच्चे को शिक्षा और सुरक्षित बचपन मिले। इसके बाद उपायुक्त ने मृकुला माता मंदिर, उदयपुर में दर्शन कर माता का आशीर्वाद लिया तथा मंदिर परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त किरण भड़ाना ने कहा कि जिला प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने और बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा जनता के सहयोग से एक स्वच्छ, सुरक्षित और जागरूक समाज की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

### अवैध क्रशर को तत्काल बंद करने के निर्देश

**क्षेत्रीय** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उदयपुर के समीप एक अवैध क्रशर संचालित होते हुए पाया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को इसे तुरंत बंद करवाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### जिलावासियों को दीपावली की शुभकामनाएं

**उपायुक्त** किरण भड़ाना ने इस अवसर पर समस्त लाहौल-स्पीति वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जिले के सभी नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने आम जनता से आग्रह किया है कि दीपावली के शुभ अवसर पर पटाखे जलाते समय अपने बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान व सावधानी रखें।

# डीसी ने श्रमिकों को फल व बच्चों को दी चॉकलेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने स्टिंगरी स्थित सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कैंप में जाकर संगठन में विभिन्न निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों को फल वितरित किये तथा उनके बच्चों को चॉकलेट देकर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उपायुक्त ने कहा कि दीपावली पर्व केवल घर-परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ इसे मनाना सच्ची मानवीयता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में कार्यरत सीमा सड़क संगठन के कर्मचारी व श्रमिक जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में उनके परिश्रम और समर्पण के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना सभी का दायित्व है। किरण भड़ाना ने बीआरओ के अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने तथा दीपावली पर्व के दौरान भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन सदैव श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

# एनएचएआई की सुस्त चाल से बढ़ी ट्रैफिक जाम की समस्या

## वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक सड़क तैयार न होने से शहर में बढ़ा ट्रैफिक, सड़क सुधारने की मांग



अनंत ज्ञान, मनाली

एनएचएआई की सुस्त चाल से पर्यटन नगरी मनाली में ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ गई है। वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक सड़क तैयार न होने से शहर में ट्रैफिक जाम का भार बढ़ गया है। हालांकि अभी पर्यटन कारोबार ने गति नहीं पकड़ी है लेकिन वोल्वो स्टेंड से भूतनाथ नेशनल हाइवे के तैयार न होने से समस्या गहरा गई है। सड़क तैयार न होने से
पर्यटन कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। कारोबारियों ने एनएचएआई से जल्द सड़क सुधारने की मांग की है। दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी विभाग ने भी अलेउ के पास सड़क की हालत पूरी तरह नहीं सुधारी है। इस कारण मनाली नग्गर मार्ग के इस भाग पर भी ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ी है। ब्यास पुल से वैली ब्रिज के बीच भी सड़क तैयार न होने से ट्रैफिक जाम लग रहा है। गौर हो कि 26 अगस्त को ब्यास नदी पर आई भयंकर बाढ़ से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थी। हालांकि एनएचएआई ने कुल्लू से रांगड़ी के बीच सड़क अस्थाई तौर पर तैयार कर ली है लेकिन वोल्वो स्टेंड से भूतनाथ पुल तक सड़क तैयार नहीं हुई है। पर्यटन कारोबारी रमन, बोबी, सुरेश, रवि ब्यास, राजू व बंशी का कहना है कि वोल्वो स्टेंड से भूतनाथ पुल मंदिर तक सड़क न बनाने से मनाली शहर में ट्रैफिक व्यवस्था गहराई है। उन्होंने एनएचएआई से आग्रह किया कि सड़क शीघ्र तैयार की जाए।

### होटलों में बढ़ी आक्यूपेंसी 25 से पहुंची 35 प्रतिशत

**पर्यटन** नगरी मनाली में सप्ताहांत सहित दिवाली पर्व के चलते चहल पहल बढ़ी है। होटलों में भी ऑक्यूपेंसी 25 से 35 प्रतिशत हुई है। रविवार को ऑक्यूपेंसी 40 प्रतिशत होने की उम्मीद है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने भी एनएचएआई से जल्द सड़कों की हालत सुधारने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पर्यटन के गति पकड़ने की उम्मीद है।

# जायका परियोजना के तहत हथकरघा का प्रशिक्षण शुरू, 20 लाभार्थी शामिल



हथकरघा प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान उपस्थित गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिला में फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण 2) के अंतर्गत हथकरघा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर द्वारा भुट्टी वीवर्स सहकारी समिति में की गई। इस प्रशिक्षण में कुल 20 लाभार्थी शामिल हैं, जिन्हें हथकरघा कौशल सिखाकर उनकी आजीविका में सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर हेम राज वर्मा और विशेष अतिथि सत्य प्रकाश ठाकुर ने एक-दूसरे को कुल्लवी टोपी और मफलर पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही भुट्टी वीवर्स सहकारी समिति ने खंड परियोजना प्रबंधक कुल्लू डॉक्टर जयंत रतना एवं अन्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया। भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने प्रशिक्षुओं को हथकरघा तकनीक और इससे जुड़े व्यवसाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉक्टर हेम राज वर्मा ने प्रशिक्षण की महत्ता और भविष्य में रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। खण्ड परियोजना प्रबंधक कुल्लू डॉक्टर जयंत रतना ने सभी लाभार्थियों को 5 महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

# ट्रैकिंग, रिवर क्रॉसिंग, मैप रीडिंग और साहसिक पर्यटन से संबंधित इक्यूपमेंट की दी जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



कुल्लू कॉलेज में पर्यटन विभाग ने लीडरशिप डेवलपमेंट कैंप का आयोजन किया।

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के पर्यटन विभाग द्वारा लीडरशिप डेवलपमेंट कैंप-2025 का आयोजन किया। इस कैंप में 49 विद्यार्थियों ओर 3 प्राध्यापकों ने भाग लिया।कैंप का नेतृत्व पर्यटन विभाग के अध्यक्ष डॉ हीरामणि ने किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लीडरशिप डेवलपमेंट कैंप, मास्टर्स इन टूरिज्म और बीए टूरिज्म के सिलेबस से संबंधित रहता है। एलडीसी का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मानसिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रूप से परिपक्व करना है। इस कैंप में विद्यार्थी ट्रैकिंग, रिवर क्रॉसिंग, कैंपिंग, मैप रीडिंग, साहसिक पर्यटन से संबंधित इक्यूपमेंट की जानकारी, हाय एल्टीट्यूड सिकनेस जैसे कई विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त करते है। उन्होंने कहा कि इस बार के एलडीसी कार्यक्रम का मुख्य बेस कैंप जिस्पा को बनाया गया था। कैंप के पहले दिन विद्यार्थियों ने टेंट पिचिंग, मैप रीडिंग के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण हासिल किया। दूसरे दिन विद्यार्थीयों ने लाहुल घाटी को जांस्कर घाटी (लद्दाख) से जोड़ने वाले शिको-ला (पास) 16580 फीट को पार कर गोनबो रंगोन का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रामजक पीक, मूलकिला पीक , केआर पीक ग्रुप, पालमो, समदो आदि को देखा। तीसरे दिन विद्यार्थियों ने बारालाचा पास 16040 फीट ऊंचा, सूरजताल, दीपकताल का भ्रमण किया और आस पास के पर्वतों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में कुल्लू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश राणा ने कहा कि इस तरह के कैंप से बच्चों के अंदर एक पॉजिटिव सोच का विकास होता है और किसी भी तरह की विपरीत परिस्थिति से कैसे बाहर निकले इसमें सहायता मिलती है। कैंप में दिनेश कुमार, कुमारी शीला भी साथ रहे।

**सफलता** लंबे समय से विमानन प्रशिक्षण की प्रतीक्षा कर रहे कैडेट्स में नई उम्मीद और उत्साह का संचार

# एनसीसी के माइक्रोलाइट विमान की भुंतर में सफल लैंडिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

**डीसी तोरुल रवीश बोले- जिला के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि**



हिमाचल प्रदेश एनसीसी कैडेट्स सपना अब हकीकत बनने के साथ साथ गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन है। जब वन-एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू को आवंटित एसबल्यू-80 वायरस माइक्रोलाइट विमान ने पहली बार कुल्लू-मनाली हवाई अड्डे (भुंतर एयरपोर्ट) में सफल ट्रायल लैंडिंग की ।पहाड़ी और जटिल हवाई मार्ग में इस उड़ान का संचालन किसी उपलब्धि से कम नहीं था। यह न केवल तकनीकी दक्षता का उदाहरण है, बल्कि एनसीसी कैडेट्स के धैर्य, समर्पण और टीम भावना की भी जीती-जागती मिसाल बनी।

जब विमान ने भुंतर की हवाई पट्टी को छुआ, तो उपस्थित एनसीसी कैडेट्स और अधिकारियों के चेहरों पर गौरव और उत्साह की चमक थी। वर्षों से जिस उड़ान प्रशिक्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब हिमाचल की धरती पर साकार होगा। वहीं उपायुक्त कुल्लू तोरुल रवीश ने इसे जिला के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि भुंतर एयरपोर्ट पर एनसीसी हैंगर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और एसबल्यू-80 की सफल लैंडिंग कुल्लू के लिए एक नई दिशा और पहचान बनेगी। इस उड़ान के पीछे कई लोगों की अथक मेहनत और दूरदर्शी सोच है। विंग कमांडर कुणाल शर्मा, कमांडिंग ऑफिसर, वन-एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, ने बताया कि यह विमान पहले पटियाला में स्थित था, क्योंकि कुल्लू में हैंगर उपलब्ध नहीं था। उन्होंने कहा कि यह उड़ान ग्रुप कैप्टन ए. भारद्वाज, कमांडिंग ऑफिसर, 3 पंजाब एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, पटियाला के नेतृत्व में पूरी की गई है। उन्होंने शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से शेष औपचारिकताओं को शीघ्र हस्ताक्षरित करने का आग्रह किया, ताकि एनसीसी कैडेट्स को अब यहीं कुल्लू में उड़ान प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

### पटियाला नहीं, अब कुल्लू में मिलेगी एनसीसी कैडेट्स को उड़ान की तैयारी

**कुल्लू** में बन रहा अत्याधुनिक एनसीसी एयर हैंगर इस उपलब्धि की नींव है। इस परियोजना पर लगभग 1 करोड़ 91 लाख रुपये व्यय किये जा रहे हैं। जिसमें से हिमाचल प्रदेश सरकार ने लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये, और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 66 लाख रुपये का योगदान दिया है। यह सुविधा हिमाचल प्रदेश में अपनी तरह की पहली हवाई एनसीसी प्रशिक्षण सुविधा होगी। इससे पहले कैडेट्स को प्रशिक्षण के लिए पटियाला जाना पड़ता था। अब यह सुविधा प्रदेश के युवाओं के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगी। यह सफलता केवल एक विमान की उड़ान नहीं, बल्कि हिमाचल के युवाओं के आत्मविश्वास और आकांक्षाओं की उड़ान है। इससे विद्यार्थियों का समय और संसाधन दोनों बचेंगे, साथ ही उन्हें एविएशन और डिफेंस सेक्टर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बिल्ली को बचाने के चक्कर में पलटा ट्रक


**अनंत ज्ञान, नाहन।** पच्छाद उपमंडल के सराहां के पास टिक्कर क्षेत्र में नाहन से सोलन की ओर जा रहा ट्रक देर रात पलट गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत बचाव कार्य शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, जैसे ही ट्रक टिक्कर के समीप पहुंचा, सड़क पर अचानक एक बिल्ली आ गई। चालक ने उसे बचाने के लिए जोरदार ब्रेक लगाई, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। गनीमत यह रही कि हादसे में चालक और क्लीनर को गंभीर चोटें नहीं आईं। दोनों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पच्छाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं पाई गई, इसलिए अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। हादसे की पुष्टि एसएचओ जय सिंह ने की है।

### विद्या निकेतन के बच्चों ने किया आईआईटी रोपड़ का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल, दाड़लाघाट द्वारा विद्यार्थियों के लिए आईआईटी रोपड़ का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर व्यावहारिक अनुभव देना और उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करना था। आईआईटी रोपड़ में विद्यार्थियों का स्वागत शिक्षकों और शोधार्थियों ने किया। एक परिचयात्मक सत्र में उन्हें संस्थान के पाठ्यक्रम, शोध कार्यों और नवाचारों से अवगत कराया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स लैब, मैकेनिकल वर्कशॉप और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं देखीं। ड्रोन, स्वचालित रोबोट और अन्य तकनीकी नवाचारों ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। यात्रा का समापन परिसर भ्रमण से हुआ, जहां विद्यार्थियों ने आईआईटी के शैक्षणिक माहौल और हरित परिसर का अनुभव किया। अध्यक्ष एलएमसी, एसीएल मुकेश सक्सेना ने विद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की यात्राएं विद्यार्थियों को नवाचार और अनुसंधान के प्रति प्रेरित करती हैं।

### डॉ. दमन ने राष्ट्रीय प्रशिक्षण में निभाई अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के डॉ. दमन आहूजा को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम



के अंतर्गत दिल्ली में, मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर, यूएनएफपीए एवं सेंटर फॉर नॉलेज एंड डेवलपमेंट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में चुना गया। प्रशिक्षण दिल्ली में 13 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन, सिनि कोलकाता, अर्पण, एम्स मंगलागिरी, सेंटर फॉर कैटलेजिंग चेंज, एक्सप्रेशन इंडिया, ज़्पाइगो, पीएचएफ आई आदि संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### प्रशिक्षुओं को दिलाई नशे के खिलाफ शपथ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई ) राजगढ़ में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वी वर्षगांठ मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने की। इस मौके पर संस्थान के प्रशिक्षुओं और समस्त स्टाफ सदस्यों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नशा नाश का कारण होता है जिससे अनेक परिवार तबाही के कागार पर पहूंच गए है । वर्तमान में जिस प्रकार युवा चिट्टे का सेवन करने से अपना स्वास्थ्य और भविष्य बर्बाद कर रहे है यह एक चिंतन और चिंता का विषय है। उन्होने प्रशिक्षुओं से नशे से दूर रहने और नशा मुक्ति का संदेश आमजन तक पहुंचाने का आग्रह किया।

### रापटा बने भाजपा किसान मोर्चा मीडिया सह प्रभारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा ने किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। इस घोषणा में राजगढ़ क्षेत्र के निहाल रापटा को किसान मोर्चा हिमाचल प्रदेश का मीडिया सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। निहाल रापटा की इस नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इससे पहले वे भारतीय जनता पार्टी जिला जनजातीय मोर्चा के महामंत्री तथा जिला सिरमौर भाजपा के सचिव पदों पर रहते हुए भी पार्टी की सेवा कर चुके हैं। संगठन में उनके सक्रिय योगदान और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने निहाल रापटा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। निहाल रापटा ने किसान मोर्चा अध्यक्ष सहित शीर्ष पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया और कहा कि वे संगठन की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूर्ण समर्पण और निष्ठा से कार्य करेंगे तथा किसान मोर्चा की आवाज को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### सीएम द्वारा महंगाई भत्ता देने की घोषणा का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त फ्रंट ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेंशन धारकों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा का स्वागत किया है। फ्रंट के प्रदेश प्रवक्ता रविदत्त भारद्वाज ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि यह फैसला प्रदेश के लाखों पेंशनरों के लिए दीपावली से पहले बड़ी राहत और खुशी की खबर लेकर आया है। रविदत्त भारद्वाज ने कहा कि पेंशन धारक लंबे समय से महंगाई भत्ते की वृद्धि की मांग कर रहे थे, जिसे सरकार ने अब स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह की पेंशन के साथ यह तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता शामिल होगा, जिससे वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक सहारा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि अप्रैल से सितंबर 2025 तक की महंगाई राहत राशि (एरियर) का भुगतान भी दीपावली से पहले पेंशन धारकों के बैंक खातों में जमा कर दिया है जिससे पेंशनरों को त्योहारी सीजन में अपने परिवारों के साथ खुशी से दीपावली मनाने का अवसर मिलेगा।

### दुमैहर स्कूल में रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुमैहर में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सुंदर रंगोली डिजाइन बना कर दीपों के त्योहार का स्वागत किया और अपने अध्यापकों और क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रवक्ता विजय भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपोत्सव 2025 के शुभ स्वागत को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला तथा विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगोली डिजाइन बना कर अपनी सृजन क्षमता को धरातल पर उकेर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की तथा उन्हें सुरक्षित और हरित दीपावली मनाने का संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता में सुभाष सदन प्रथम, पटेल सदन द्वितीय तथा लक्ष्मी सदन तृतीय स्थान पर रहे।

# धनतेरस पर सोलन बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़

## लोगों ने जमकर की आभूषणों और बर्तनों की खरीदारी

**आर मोहन चौहान, सोलन**



धनतेरस पर बाजार में उमड़ी ग्राहकों की भीड़।

जिला मुख्यालय में धनतेरस के मौके पर सोलन माल रोड और मुख्य बाजार में शनिवार को खरीदारी के लिए लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। सुबह से देर शाम तक लोग बड़ी संख्या में बाजार पहुंचे और जमकर खरीदारी की।

प्रशासन ने लोगों की सुविधा के लिए माल रोड को आगामी तीन दिन तक पुराना डीसी ऑफिस चौक से ओल्ड बस स्टैंड तक वाहनों का प्रवेश सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक प्रतिबंधित किया है। बर्तन और आभूषणों की खरीदारी के लिए शुभ माने-जाने वाले धनतेरस पर्व पर सोलन में विशेष कर आभूषणों और बर्तन की दुकानों में ग्राहकों की खासी भीड़ रही। इससे मंदी झेल रहे व्यापारियों के चेहरे भी खिले गए। बर्तन के अलावा कपड़े और झाड़ू खरीदने की भी लोगों में खासा क्रेज देखने को मिला। धनतेरस के त्योहार को लेकर मान्यता है कि इस दिन बर्तन व झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है। इसी कड़ी में हर बार की तरह इस बार भी लोग अपने घरों से बाहर निकले और खूब खरीदारी की।

शहर में भारी भीड़ को देखते हुए सोलन स्थानीय प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। लोगों को खरीदारी में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इसके लिए प्रशासन ने सुबह 11 बजे से मॉल रोड़ पर ट्रैफिक को बंद कर दिया। इससे लोगों को खरीदारी करने में आसानी हुई, तो दूसरी तरफ बाहरी राज्यों से आए लोगों ने अपनी दुकाने मॉल रोड पर भी सजा दी। हालांकि इससे अतिक्रमण की समस्या भी पेश आई। जिससे लोगों को दो- चार होना पड़ा। धनतेरस को साल भर में पड़ने वाले सभी श्रेष्ठ मुहूर्तों में से एक माना जाता है। धनतेरस पर शुभ कार्य करने और शुभ खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है।

## माल रोड रात्रि 10 बजे तक आवागमन के लिए रहेगा पूर्ण बंद

### धनतेरस व दीपावली त्योहार के दृष्टिगत जारी आदेशों में आंशिक परिवर्तन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने 18 से 20 अक्तूबर, 2025 तक धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत भारी भीड़ के कारण किसी भी दुर्घटना से बचाव के लिए पूर्व में जारी आदेशों में आंशिक परिवर्तन कर आदेश जारी किए है।

इन आदेशों के अनुसार धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक से पुराना बस अड्डा सोलन तक 18 अक्तूबर से 20 अक्तूबर, 2025 तक प्रातः 11.00 बजे से रात्रि 10 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग एवं आवागमन के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। पूर्व में जारी किए गए आदेशों के सभी प्रावधान यथावत लागू रहेंगे। यह संशोधित आदेश 18 अक्तूबर से तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक लागू रहेंगे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने कसा मिलावटखोरों पर शिकंजा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



खाद्य विभाग की टीम मिठाई की दुकान पर निरीक्षण करती हुई।

खाद्य सुरक्षा विभाग सिरमौर ने राजगढ़ बाजार में दीपावली से पहले औचक निरीक्षण करके 50 किलोग्राम से अधिक मिलावटी खोया और मिठाइयां पाए जाने पर मौके पर नष्ट कर दी गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के आने पर स्वीटस विक्रेताओं में हड़कंप मच गया।

राजगढ़ उपमंडल में विभाग की टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रियंका कश्यप के नेतृत्व में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिरमौर प्रियंका कश्यप ने विभागीय टीम के साथ राजगढ़ बाजार में स्वीट्स की शॉपस पर मिठाइयों की गुणवता जांची । जांच के दौरान मिठाइयों में मिलावट पाए जाने पर टीम ने मौके पर 50 किलोग्राम से अधिक खोया और खोया से बनी मिठाइयों मौके पर नष्ट कर दी गई।

इससे अतिरिक्त कुल 9 सैंपल एकत्र किए गए जिनमें 7 सर्विलांस सैंपल और 2 लीगल सैंपल शामिल हैं। इन सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला (लैब) भेजा गया है। उन्होने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद दोषी दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि अधिकांश स्वीट्स की दुकानों पर बाहरी राज्यों से मिठाइयां पेक होकर आ रही हैं, जिसमें मिलावट की संभावना ज्यादा रहती है।

प्रियंका कश्यप ने बताया कि दीपावली के अवसर पर विभाग द्वारा विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और मिलावट-रहित मिठाइयां मिल सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पूरे जिले में इसी तरह के निरीक्षण जारी रहेंगे।

उन्होने दोनों को दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह मिठाइयां और दूध उत्पाद स्वच्छ वातावरण में तथा निर्धारित मानकों के अनुसार ही तैयार करें। उन्होने अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ अथवा मिलावट की सूचना तुरंत विभाग को दें।

## आईटीआई राजगढ़ के दो टॉपर प्रक्षिशुओं को रजत पदक से नवाजा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ के सत्र 2022-24 के सर्वेयर ट्रेड एवं इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक ट्रेड के प्रशिक्षुओं ने अखिल भारतीय ट्रेड टेस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त करके आईटीआई राजगढ़ का नाम रोशन किया है । सर्वेयर ट्रेड के अनुदेशक अमृत राज निर्मोही की प्रशिक्षु निहालिका तथा इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक ट्रेड के अनुदेशक रीना कुमारी के प्रशिक्षु गौरव को हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला और संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने सत्र 2024 के टॉपर को बोर्ड पुरस्कार के रूप में रजत पदक, प्रमाण पत्र एवं 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

## डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में बांटी खुशियां



**अनंत ज्ञान, अर्की**

दीवाली के पावन अवसर पर डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल अर्की में दीपोत्सव बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय ने कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत जरूरतमंद लोगों के साथ दीवाली की खुशियां साझा की। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार भोजन और मिठाइयां बांटी।

## स्टूडेंट्स के बौद्धिक विकास के लिए शारीरिक विकास भी जरूरी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का वास होता है इसी विचार को केंद्र में रखते हुए डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट में विद्यार्थियों के शारीरिक और बौद्धिक विकास हेतु समय-समय पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में विद्यालय में वरिष्ठ छात्रों के लिए एक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया, जिसका संचालन परवीन महाजन ने किया। वे प्रथम चिकित्सा और होम नर्सिंग की प्रमाणित व्याख्याता हैं और पिछले 15 वर्षों से हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस से जुड़ी हैं। सत्र के दौरान उन्होंने छात्रों को दिल का दौरा, दुर्घटना, मिर्गी, और अचेतावस्था जैसी आपात स्थितियों में सीपीआर सहित त्वरित प्राथमिक उपचार के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे संकट की घड़ी में सही समय पर लिया गया कदम किसी की जान बचा सकता है। प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं छात्रों में जीवन रक्षक तकनीकों की समझ के साथ-साथ दूसरों की मदद करने का जज़्बा भी विकसित करती हैं। एलएमसी अध्यक्ष और सीएमओ (नॉर्थ) एसीएल मुकेश सक्सेना ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सेवा भावना, और निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है।

## सीएम ने कर्मचारियों पेंशनर्स को दी राहत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दीपावली के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के कर्मचारियों, अधिकारियों एवं पेंशनर्स को बड़ी राहत देते हुए 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। सरकार के इस फैसले से कर्मचारियों में खुशी की लहर है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब महंगाई लगातार बढ़ रही है और कर्मचारी वर्ग को अतिरिक्त राहत की आवश्यकता थी। हिमाचल अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दाड़लाघाट ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर दत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू के इस निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को सफल बनाने में कर्मचारियों की मेहनत, ईमानदारी और सेवा भावना का अहम योगदान है और उनकी खुशहाली सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होना चाहिए।

## गांव के विकास में ही हिमाचल का विकास निहित : संजय अवस्थी



विधायक संजय अवस्थी पंचायत भवन के लोकार्पण के दौरान।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की प्रगति गांवों के समग्र विकास में ही निहित है। वह ग्राम पंचायत समोग में 43 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन के लोकार्पण अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दानोघाट-नेरी-प्लाटा मार्ग के निर्माण के लिए 6.75 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही समोग पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 47.39 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों, बागवानों, पशुपालकों को आर्थिक संबल देने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व अधोसंरचना को मजबूत बना रही है। प्राकृतिक खेती, स्टार्टअप योजना, और डे बोर्डिंग स्कूल जैसी योजनाएं ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विधायक ने युवाओं से आग्रह किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने समोग पंचायत में खेल मैदान, ट्रांसफार्मर, सामुदायिक भवन, मोक्षधाम, महिला मंडलों को सहायता राशि और 25 सोलर लाइट्स देने की घोषणाएं भी कीं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक दलों ने सरकार की योजनाओं पर आधारित गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय नेता, अधिकारी व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एचडी पब्लिक स्कूल में 12वां वार्षिक समारोह आयोजित

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल के समीप जनेडघाट स्थित एचडी पब्लिक स्कूल ने शनिवार को 12वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया। इस मौके पर भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी रामवीर सचिव मंडी बोर्ड पंजाब जो इसी स्कूल के पूर्व छात्र है वह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।समरोह की अध्यक्षता एचडी संस्था के निदेशक सुरेंद्र फोगाट और जयपाल ने की। प्रधानाचार्य एम हसन ने स्कूल की शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की उपलधियों भरी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्कूली छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नृत्य, नाट्य एवं गीत-संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय को देश के कई राज्यों की संस्कृति से रूबरू किया। इससे नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके साथ देश की अनेकता में एकता का संदेश दिया। मुख्यातिथि ने विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करने के बाद एचडी संस्था के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को अतुल्य बताया। उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों के लिए निदेशक मंडल, शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टॉफ की सराहना की।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी एचडी संस्था के स्कूल के छात्र रह चुके है। आईएएस अधिकारी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थी काल हमारे जीवन का सबसे अमूल्य समय होता है। इस समय हम जो शिक्षा और संस्कार प्राप्त करते है वह हमारी ऐसी पूंजी है जिस पर सारा जीवन निर्भर करता है। उन्होंने आह्वान किया कि अभिभावकों, शिक्षकों का आदर करते हुए जीवन का एक लक्ष्य बनाएं और उसे मेहनत लग्न से हासिल करें। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वह बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहे और इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित करते रहे।

## 'हिमाचल आइकन अवार्ड' से प्रेरित हुआ समाजसेवा का संकल्प : डॉ . शांडिल



हिमाचल आइकन अवार्ड 2025' में सम्मानित किए गए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सम्मान न केवल अतीत की सराहना है, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी भी है। वे सोलन में आयोजित 'हिमाचल आइकन अवार्ड 2025' समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि यह सम्मान उन्हें नई ऊर्जा और जुनून के साथ जनसेवा के कार्यों में और आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उन असाधारण व्यक्तियों को समर्पित है, जो बिना प्रचार के समाज को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों को पहचानना है जो चिकित्सा, शिक्षा, कला, उद्योग, साहित्य, सामाजिक कार्य आदि क्षेत्रों में हिमाचल का नाम रोशन कर रहे हैं। यह पुरस्कार उनकी मेहनत और सेवा का सार्वजनिक सम्मान है।इस अवसर पर डॉ. शांडिल ने दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और प्रदेशवासियों के स्वस्थ व उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में पद्मश्री विद्यानंद सरेक, मदन हिमाचली, विक्रम मेहता, डॉ. जोगेंद्र सिंह हाब्बी सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नौणी पंचायत प्रधान मदन हिमाचली, कर्नल संजय शांडिल (सेवावृित्त), सीएमओ डॉ. अजय पाठक, डॉ. अमित रंजन आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** डीसी सोलन ने बतौर मुख्यातिथि शामिल होकर बढ़ाई शोभा

# दुर्गा पब्लिक स्कूल ने मनाया 22वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन**



वार्षिक समारोह में लगी प्रदर्शनी को देखते मुख्यातिथि डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

दुर्गा पब्लिक स्कूल सोलन ने 18 अक्तूबर 2025 को अत्यंत उत्साह और गर्व के साथ अपना 22वां संस्थापक और खेल दिवस मनाया। यह अवसर विद्यालय की शिक्षा और समग्र विकास की दिशा में उत्कृष्टता की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा (आईएएस) रहे, जिन्होंने अपने गरिमामय उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। स्कूल एमडी टीकम पंवर सहित विद्यालय की चेयरपर्सन, प्रबंधक, स्टाफ और विद्यार्थियों ने गर्मजोशी से किया।

कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक मार्च पास्ट और ऊर्जावान मास पीटी ड्रिल से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन और एकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसके बाद कराटे प्रदर्शन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें नन्हें खिलाड़ियों ने आत्मरक्षा, शक्ति और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के हेड बॉय ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें खेल और अन्य गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों को उजागर किया गया। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जहां मुख्यातिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पदक और ट्रॉफियां प्रदान की।

समापन भाषण में मनमोहन शर्मा ने विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना की और विद्यालय प्रबंधन तथा शिक्षकों की युवा पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरित करने के प्रयासों की प्रशंसा की। डीसी ने छात्रों से भविष्य में भी खेलों की रुचि बरकरार रखकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। साथ ही नशे की गलत आदतों से दूर रहने के प्रति प्रेरित किया। वहीं एमडी टीकम पंवर ने कहा कि स्कूल में न केवल अच्छी शिक्षा पर केंद्रित है बल्कि खेल, अनुशासन, जीवन के उतार-चढ़ाव से निपटने के सामर्थ्य के लिए तैयार किया जा रहा है। इसी तरह बच्चों में देश भक्ति और सेवा का जज्बा भरकर आदर्श नागरिक बनाने को सुशिक्षित किया जाता है।

## 4 करोड़ की वृद्धावस्था पेंशन से 4072 पेंशनर्स लाभान्वित : कश्यप

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन स्थित बचत भवन में सांसद सुरेश कश्यप की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक सुखराम चौधरी भी मौजूद रहे। सांसद कश्यप ने केंद्रीय पोषित योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए और बरसात से क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय मार्गों की शीघ्र मरम्मत पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 4 करोड़ रुपए खर्च कर 4072 वृद्धजनों, विधवा पेंशन योजना में 1.32 करोड़ से 1418 महिलाओं, और दिव्यांग पेंशन में 5 लाख रुपए से 48 दिव्यांगों को लाभ दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में नाहन में 331 और राजगढ़ में 63 आवास पूर्ण हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नाहन व पांवटा में 267-267 शौचालय बनाए गए। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 98,000 जांचों में 303 संक्रमित पाए गए और 672 मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत सहायता मिली। कृषि योजनाओं में मटर बीज पर 24 लाख, और सिंचाई योजनाओं पर 6.5 लाख रुपए व्यय किए गए। मनरेगा के तहत अब तक 22.47 लाख कार्यदिवस सृजित हो चुके हैं।

## मंगरुड स्कूल के स्टूडेंट्स ने किया राजधानी शिमला का शैक्षिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय मंगरुड के विद्यार्थियों ने राजधानी शिमला का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण भारती एयरटेल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने साइंस म्यूजियम शोघी शिमला, तारा देवी मंदिर, एडवांस्ड स्टडी और ऐतिहासिक रिज मैदान को देखा। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न लाइव मॉडल्स और वैज्ञानिक प्रयोगों को देखा, जिससे उन्हें विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी। तारा देवी मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को समझा। एडवांस्ड स्टडी में विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा और अनुसंधान के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। ऐतिहासिक रिज मैदान की सांस्कृतिक महत्व को समझा। अध्यापकों से राजीव शर्मा, मनोरमा चंदेल और मदनलाल शास्त्री साथ रहे। भ्रमण में छठी से 10वीं तक के 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल में खेल प्रतियोगिता संपन्न

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल साधुपुल में दो दिवसीय अंतर हाउस खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई । समापन समारोह में कबड्डी एसोसिएशन शोघी के अध्यक्ष व पूर्व में हिमफेड के अध्यक्ष रहे कृष्ण कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। स्कूल के अध्यक्ष रवि मेहता ने मुख्यातिथि का स्वागत और खेल प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में स्कूल के रानी झांसी हाऊस ने सबसे अधिक पदक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया। चाणक्य हाउस दूसरे, आर्यभट्ट तीसरे और द्रोणाचार्य हाउस चौथे स्थान पर रहा। मुख्यातिथि ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मे अनुशासन को अपनाना एक सवश्रेष्ठ शिक्षा है, जिससे उज्ज्वल भविष्य की नीवं रखी जा सकती है। इसके बाद उन्होंने विजेता व उप विजेता टीमों और खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया ।

## श्री रेणुका जी मेले के लिए कलाकारों के ऑडिशन 25 को

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला के लिए कलाकारों का चयन ऑडिशन के माध्यम से किए जाएंगे। ऑडिशन में सिरमौर सहित अन्य जिलों से श्रेणी 'सी' व 'डी' के कलाकार चयनित किए जायेंगे। कलाकारों के चयन के लिए 25 अक्तूबर को प्रातः 10:30 बजे एसएफडीए सभागार, नाहन में ऑडिशन किए जा रहे है। ऑडिशन में चयनित कलाकारों को मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में 31 अक्तूबर से 5 नवंबर तक प्रस्तुतियां देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह ऑडिशन कलाकार चयन समिति की निगरानी में किए जाएंगे। कलाकारों का पंजीकरण मौके पर ही किया जाएगा। इसके अलावा इच्छुक कलाकार अपना आवेदन जिला भाषा अधिकारी सिरमौर की ईमेल dlosirmaur@gmail.com अथवा कार्यालय में 24 अक्तूबर तक कर सकते हैं। चयनित कलाकारों को प्रस्तुति की तिथि के अनुसार दूरभाष के माध्यम से एक दिन पूर्व सूचित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष न. 01702-223115 पर संपर्क किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस व दमकल विभाग ने बाजार में किया मार्च

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** त्योहारों के दौरान जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को सदर बाजार में गुरुग्राम पुलिस एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग की ओर से संयुक्त रूप से एक जागरूकता मार्च निकाला गया। इस मार्च का उद्देश्य बाजार क्षेत्र के दुकानदारों और नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, भीड़ नियंत्रण के उपायों की जानकारी देना तथा आपातकालीन वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न होने देना था। अग्निशमन विभाग द्वारा विशेष एहतियात के तौर पर मस्जिद चौक पर एक अग्निशमन वाहन 21 अक्तूबर तक तैनात रहेगा, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। डीसी अजय कुमार ने कहा कि त्योहारों का समय उल्लास के साथ-साथ सतर्कता का भी समय होता है। प्रशासन, पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं। उन्होंने दुकानदारों एवं आमजन से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें, सड़क पर अवरोध न करें और सहयोगी बनें।

### पानीपतः किसान को करंट लगने से मौत

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत के गांव लुहारी में शनिवार को खेत में काम करते समय एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय बलवान सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि बलवान सिंह सुबह प्रतिदिन की तरह खेतों में फसल की सिंचाई करने गए थे। उन्होंने खेत में सबमर्सिबल चलाने की कोशिश की। इसी दौरान अचानक बिजली करंट की चपेट में आ गया। हादसा इतना तेज था कि बलवान सिंह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। खेत में काम कर रहे मजदूरों ने जब उन्हें गिरते देखा तो तुरंत दौड़कर पहुंचे। उन्होंने बिजली की आपूर्ति बंद कराई और परिजनों को सूचना दी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचे तब तक बलवान सिंह की मौत हो चुकी थी।

### डॉक्टर से लाखों की ठगी करने वाला दिल्ली में दबोचा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** साइबर क्राइम थाना सिरसा ने एक बड़े साइबर ठगी के मामले में दिल्ली निवासी श्रीकांत प्रधान को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया कि उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर और कथित ऐप के माध्यम से निवेश के लिए प्रलोभित किया गया। ठगों ने खुद को सेबी से मान्यता प्राप्त बताया और विभिन्न बैंक खातों में लगभग 3.30 लाख रुपए की राशि ठगी के तौर पर ले ली। पुलिस ने बैंक रिकॉर्ड की जांच कर पाया कि यह राशि इंडसइंड बैंक खाते में गई, जिसका खाता धारक आरोपी श्रीकांत प्रधान था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने ठगी की बात स्वीकार की है। वहीं, डबवाली के गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम के नजदीक पुलिस ने एक युवक देवेंद्र को 5 ग्राम 56 मिलीग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा। युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। आरोपी के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस रिमांड में लेकर उसके नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान और कार्रवाई की जाएगी। सिरसा पुलिस ने कहा कि ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई की जाएगी ताकि अपराधियों को किसी भी सूरत में बचने न दिया जाए।

### सोनीपत में सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत जिले में शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दिल्ली के ट्रक चालक मोहम्मद कलाम (25) की मौत हो गई। हादसा जीटी रोड पर सेक्टर-7 फ्लाईओवर के पास हुआ। मृतक बिहार के मधुबनी जिले के परवलपुर गांव का निवासी था और दिल्ली में ट्रक चालक के रूप में काम करता था। मोहम्मद कलाम अपने ट्रक से सोनीपत खाली ट्रे लेने आए थे। रात में ट्रे लोड करने के बाद दिल्ली लौटते वक्त फ्लाईओवर पर ट्रक खराब हो गया। ट्रक से उतरकर उन्होंने सावधानी के लिए रिफ्लेक्टर ट्राइंगल लाइट लगाई। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी और ट्रक को भी पीछे से ठोका। इस भीषण हादसे में कलाम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर दुर्घटना स्थल का मुआयना किया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया। मृतक की पहचान आधार कार्ड से हुई।

# बिहार में एनडीए सरकार ने बनाया विकास सुरक्षा और विश्वास का वातावरण : सीएम सैनी

## मुख्यमंत्री ने बिहार में चुनावी सभाओं को किया संबोधित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बिहार अब विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता का विश्वास एनडीए सरकार में और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में पुनः एनडीए की सशक्त, स्थिर और सुशासित सरकार का गठन होगा, जिससे प्रदेश तीव्र गति से विकास एवं समृद्धि के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को बिहार के दौरे पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बिहार ने विकास की नई दिशा प्राप्त की है। यहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों के हितों की अनदेखी की और बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने झूठे वादों से सत्ता हासिल की और जनता को गुमराह किया।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को 'जंगलराज' से निकालकर विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया है। आज बिहार में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंची है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा-जदयू गठबंधन सरकार ने बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार अब नए युग में प्रवेश कर रहा है और जनता का उत्साह इस बात का प्रमाण है। अपने बिहार प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में एकजुट होकर भाजपा-जदयू गठबंधन का समर्थन करें। बिहार पहुंचने पर नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

# त्योहारों में सुरक्षा रहेगी चाक-चौबंद, हर गली पर होगी पुलिस की नजर : एसपी

**अनंत ज्ञान, हिसार**

> धनतेरस से दीपावली तक सतर्क रहेगी हिसार पुलिस उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

दीपावली पर्व के दौरान जनसुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हिसार पुलिस ने व्यापक स्तर पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं। धनतेरस के शुभ अवसर पर राजगुरु मार्केट, ओटी मार्केट, कैंप चौक, जवाहर नगर, रेड स्क्वायर मार्केट सहित शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने गश्त की और पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि त्योहारों के इस व्यस्त समय में नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखें, विशेषकर भीड़ वाले स्थानों, पार्किंग एरिया, बाजारों और धार्मिक स्थलों में गश्त बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे पर्व पर अराजक तत्वों की गतिविधियों को रोकना आवश्यक है, ताकि आमजन शांतिपूर्वक त्योहार मना सकें।

पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं जो देर रात तक रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजारों और रिहायशी इलाकों में सक्रिय रहेंगी। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रमुख चौकों पर अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी तैनात किए जा रहे हैं। ड्रोन और सीसीटीवी से भी निगरानी रखी जाएगी।

एसपी सावन ने जिलावासियों को धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दीं और अपील की कि त्योहार को शांति, संयम और सतर्कता से मनाएं। उन्होंने कहा कि संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत 112 या नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। साथ ही नागरिक यातायात नियमों का पालन कर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# हरियाणा में ग्रामसभा के लिए पंचायतों को चाय खर्च देगी सरकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने दीपावली के अवसर पर प्रदेश की ग्राम पंचायतों को तोहफा दिया है। अब ग्राम सभा की बैठकों में जलपान पर खर्च पंचायत फंड से किया जा सकेगा। सरकार ने इसके लिए चार हजार रुपए की सीमा तय की है।

बैठक के दौरान अगर पंचायत लोगों के लिए चाय और नाश्ता परोसती है, तो उसका खर्च अब मान्य होगा, जेब से देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, यह अनुमति हरियाणा पंचायती राज एक्ट-1994 की धारा 44 और वित्त, बजट, लेखा व कर नियम 1996 के नियम 14 के तहत दी गई है। आदेश में कहा गया है कि हर ग्राम पंचायत अब ग्राम सभा की हर बैठक में 4,000 रुपए तक का व्यय वैध रूप से कर सकती है। विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने इस संदर्भ में आदेश दिए हैं। इस फैसले की जानकारी राज्य के सभी उपायुक्तों, जिला परिषद अधिकारियों, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों और ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारियों को भेजी है। उन्हें कहा है कि वे इस आदेश को सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाएं और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि यह कदम भले छोटा लगे, लेकिन इसका असर बड़ा होगा। पहले कई बार ग्राम सभा की बैठकों में लोगों की कम भागीदारी होती थी क्योंकि बैठकों में कोई व्यवस्था नहीं होती थी।

# जींद में फूड सेफ्टी विभाग ने तीन मिठाइयों के भरे सैंपल

**अनंत ज्ञान, जींद।** फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने शनिवार को जुलाना में दस्तक दी और यहां तीन मिठाइयों की दुकानों से मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे। इन सभी सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शनिवार को जुलाना पहुंची। यहां पर टीम ने तीन दुकानों पर दबिश देकर तीन सैंपल भरे। टीम ने इन दुकानों से खोया बर्फी, मिल्क केक तथा बर्फी के सैंपल लिए। शनिवार को फूड सेफ्टी अधिकारी योगेश कादियान ने बताया कि दीपावली पर्व को देखते हुए लगातार सैंपलिंग की जा रही है। विभाग द्वारा अब तक 30 से ज्यादा मिठाइयों के सैंपल लिए जा चुके हैं। कई स्थानों पर दो हजार लीटर से ज्यादा मिलावटी घी के गोदाम सील किए हैं। शनिवार को टीम ने जुलाना स्थित सोनू मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, बिकानेर मिष्ठान भंडार से बर्फी तथा महावीर बिकानेर मिष्ठान भंडार से खोया बर्फी के सैंपल लिए गए। सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सभी दुकानदारों को साफ-सफाई रखने तथा खुले में मिठाइयां नहीं रखने की हिदायत दी।

# पाक जासूसी केस में यूट्यूबर ज्योति की जमानत पर फैसला 23 को

**अनंत ज्ञान, हिसार**

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका पर अब 23 अक्टूबर को फैसला सुनाया जाएगा। शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान इन कैमरा प्रोसिडिंग हुई, जिसके चलते अदालत में क्या दलीलें दी गईं, इसका खुलासा नहीं हो सका। अदालत ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

ज्योति मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने बताया कि सरकार ने केस में ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट की धारा 3 लगाई है, जिसमें अधिकतम 14 साल तक की सजा का प्रावधान है, लेकिन उन्होंने तर्क दिया कि इस धारा के तहत दंड तभी दिया जा सकता है जब कोई व्यक्ति डिफेंस से जुड़ी गोपनीय जानकारी, नक्शा या मॉडल साझा करता है। जबकि इस केस में ऐसा कोई प्रमाण पुलिस की चार्जशीट में नहीं है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने न तो कोई प्रतिबंधित क्षेत्र का उल्लंघन साबित किया है और न ही कोई गोपनीय दस्तावेज या सामग्री बरामद की है। आरोप है कि ज्योति ने पाकिस्तानी एजेंट शाकिर से संपर्क किया था, लेकिन वकील ने बताया कि चार्जशीट में शाकिर से कोई चैट, कॉल रिकॉर्ड या अन्य ठोस प्रमाण नहीं है।

वकील ने यह भी कहा कि ज्योति का दानिश नामक व्यक्ति से मिलना सिर्फ वीजा प्रक्रिया से संबंधित था, जिसका जासूसी से कोई लेना-देना नहीं है। अब इस बहुचर्चित मामले में जमानत को लेकर 23 अक्टूबर को कोर्ट का फैसला अहम माना जा रहा है।

## देश-विदेश

# पाक रक्षामंत्री बोले- अफगानों को हमारे देश से वापस जाना होगा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

> हमारी जमीन 25 करोड़ पाकिस्तानियों के लिए, उन लोगों को भारत पाले

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर अफगानिस्तान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि पाकिस्तान में रहने वाले सभी अफगानों को अपने देश वापस जाना होगा। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के साथ पुराने रिश्तों का दौर खत्म हो गया है।

आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान और हिंदुस्तान का पुराना ताल्लुक है, लेकिन हमारे साथ उनके रिश्ते कभी भी अच्छे नहीं रहे। इसके बाद भी हमारी जमीन पर करोड़ों लोगों ने पनाह ले रखी है। अगर हिंदुस्तान के साथ इनके इतने ही अच्छे रिश्ते हैं, तो यहां रहने वाले अफगानी इंडिया में क्यों नहीं शिफ्ट होते। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान इनका क्यों बोझ उठाए। हमारे पास अपने लोगों के लिए भरपूर रिसोर्स नहीं है। हम कभी दोस्त नहीं थे फिर भी हमने पड़ोसी होने का फर्ज अदा किया। हिंदुस्तान पाले इन्हें, वो क्यों नहीं पालता। उन्होंने कहा कि ये लोग उस समय भी वापस नहीं गए थे। अगर वहां हुकूमत बदलती है, तो इसका असर पाकिस्तान क्यों झेले। हालांकि, उन्होंने औरतें और बच्चियों को लेकर सीधे पर कुछ भी नहीं कहा। (अनंत ज्ञान)

# नाव पलटने से 3 भारतीयों की मौत, 5 अभी लापता

**एजेंसी, मोजाम्बिक।** दक्षिण पूर्वी अफ्रीकी देश मोजाम्बिक के बेइरा पोर्ट के पास एक नाव के पलटने से 3 भारतीयों की मौत हो गई और पांच लोग लापता हो गए।

भारतीय उच्चायोग के अनुसार, यह हादसा एक टैंकर के क्रू मेंबर्स को किनारे से जहाज तक ले जाने के दौरान हुआ। नाव में कुल 14 भारतीय नागरिक सवार थे। उच्चायोग ने अपने बयान में कहा कि बेइरा पोर्ट के पास क्रू ट्रांसफर के दौरान एक नाव पलट गई, जिसमें 14 भारतीय नागरिक थे। कुछ भारतीयों को बचा लिया गया है, लेकिन कुछ की मौत हो गई और कुछ अभी भी लापता हैं। (अनंत ज्ञान)

# जेलेंस्की टॉमहॉक मिसाइलें मांगने अमेरिका पहुंचे, ट्रंप ने दिखाई बेरुखी

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूस से लड़ने के लिए टॉमहॉक मिसाइलें मांगी। हालांकि, ट्रंप ने इसे लेकर हिचकिचाहट जताई।

ट्रंप ने कहा कि मैं चाहता हूं कि यूक्रेन को कभी टॉमहॉक की जरूरत ही न पड़े। हालांकि, जेलेंस्की ने टॉमहॉक के बदले में यूक्रेन में बने हजारों ड्रोन देने की डील रखी। इस पर ट्रंप ने हामी भरी, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी के हथियार देना दोनों देशों के तनाव को और बढ़ाएगा। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लोगों के लिए एक मजबूत सुरक्षा गारंटी सबसे जरूरी चीज है। उन्होंने कहा कि नाटो की सदस्यता सबसे अच्छी है, लेकिन फिलहाल उनके लिए हथियार बहुत जरूरी हैं। इसके अलावा ट्रंप ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मैं इस तनाव को आसानी से हल कर सकता हूं। जब ट्रंप से पूछा गया कि रूस या यूक्रेन में से कौन बातचीत में बेहतर कर रहा है, तो उन्होंने किसी का पक्ष नहीं लिया। जब ट्रंप से पूछा गया कि रूस या यूक्रेन में से कौन बातचीत में बेहतर कर रहा है, तो उन्होंने किसी का पक्ष नहीं लिया। ट्रंप और जेलेंस्की ने बैठक से पहले मीडिया से बात की। ट्रंप ने एक बार फिर से कहा कि वह जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करके जंग खत्म करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मेडागास्कर के नए राष्ट्रपति बने रंद्रियनिरीना

**एजेंसी, एंटानानारिवो।** मेडागास्कर में जेन-जी आंदोलन और सेना के तख्तापलट के तीन दिन बाद शुक्रवार को कर्नल माइकल रंद्रियनिरीना को देश का नया राष्ट्रपति घोषित कर दिया गया। राजधानी एंटानानारिवो में हाई कॉन्स्टिट्यूशनल कोर्ट में आयोजित समारोह में उन्होंने शपथ ली। इसके बाद कर्नल रंद्रियनिरीना ने कहा कि अब देश की सत्ता एक सैन्य परिषद के हाथ में होगी। यह व्यवस्था 18 महीने से दो साल तक चलेगी। इसके बाद चुनाव कराए जाएंगे। कर्नल रंद्रियनिरीना मेडागास्कर की एक खास सैन्य यूनिट के कमांडर हैं। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में 4 नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के विभिन्न गुटों से जुड़े चार सक्रिय कैडरों (नक्सली) एवं उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नागरिक को भी गिरफ्तार किया है, जिस पर उन्हें शरण देने का आरोप है। ये गिरफ्तारियां बिष्णुपुर, थौबल और चुराचांदपुर जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान की गईं। (अनंत ज्ञान)

### भ्रष्टाचार: चीन में सेना के 7 अफसर बर्खास्त

**एजेंसी, बीजिंग।** चीन में दो टॉप मिलिट्री अफसर समेत 7 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। रॉयटर्स के मुताबिक, इनमें जनरल हे वेईडोंग और नौसेना एडमिरल मियाओ शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। इन्हें भ्रष्टाचार के आरोप में सेना और कम्युनिस्ट पार्टी और सेना से निकाला गया है। यह 2023 में शुरू हुई राष्ट्रपति शी जिनपिंग की एंटी-करप्शन मुहिम के तहत सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। हे वेईडोंग चीन की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के वाइस चेयरमैन थे, जो पीपुल्स लिबरेशन आर्मी में दूसरा बड़ा पद है। यह कमीशन राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में सेना की सर्वोच्च कमान संभालता है। वे मार्च 2025 से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान में आतंक फैला रहा भारत: पाक आर्मी चीफ

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने शनिवार को फिर से भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास ऐसे हथियार हैं, जो कहीं भी जाकर हमला कर सकते हैं। मुनीर ने कहा कि भारत को यह गलतफहमी कि वह अपनी बड़े होने की वजह से (एरिया में) महफूज है, जल्द खत्म हो जाएगी। मुनीर ने ये बातें सैन्य अकादमी में एक पासिंग परेड को संबोधित करने के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि परमाणु शक्ति वाले माहौल में जंग की कोई जगह नहीं है। अगर दोनों देशों के बीच कोई जंग हुई तो पाकिस्तानी सेना का जवाब उम्मीद से कहीं बढ़कर होगा, जिसके बारे में हमला करने वाले ने सोचा भी नहीं होगा। मुनीर ने कहा कि ऑपरेशन बुनियानउम्मारसूस (भारत के खिलाफ हुआ संघर्ष) के दौरान पाकिस्तान आर्मी ने अपनी काबिलियत दिखाई और अपने से कई गुना बड़ी दुश्मन सेना को हराया। अल्लाह की मदद और लोगों के समर्थन से पाकिस्तान ने अपनी सीमाओं की रक्षा में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में भारत आतंक फैला रहा है। (अनंत ज्ञान)

# विपक्षी गठबंधन में खींचतान, 10 सीटों पर कैंडिडेट्स आमने-सामने

**एजेंसी, पटना**

> पीएम मोदी 23 को 3 जिलों में करेंगे जनसभा

**बिहार** विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई। मतदान 6 नवंबर को होगा। चुनाव में सिर्फ 20 दिन का समय बचा है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले बिहार में 12 सभाएं करेंगे। वे 23 अक्तूबर को सासाराम, गया और भागलपुर जाएंगे। 28 अक्तूबर को दरभंगा, मुजफ्फरपुर और पटना में रैली करेंगे। प्रधानमंत्री का तीसरा दौरा 1 नवंबर को छपरा, पूर्वी चंपारण और समस्तीपुर में होगा। 3 नवंबर को पश्चिम चंपारण, सहरसा और अररिया के फारबिसगंज में रैली करेंगे। दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन में सीटों की खींचतान खत्म नहीं हुई है। राजद ने उम्मीदवारों की एक भी लिस्ट जारी नहीं की है। कांग्रेस ने 48 और सीपीआईएमएल ने 18 कैंडिडेट के नामों का ऐलान किया है। नामांकन के आखिरी दिन आरजेडी, कांग्रेस और वीआईपी अपने-अपने उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल बांटते रहे। 10 सीटों पर महागठबंधन की पार्टियों ने एकदूसरे के खिलाफ उम्मीदवार को उतार दिया है। कांग्रेस और आरजेडी ने 5 सीटों पर अपने-अपने कैंडिडेट उतारे हैं। तीन सीटों पर सीपीआई और कांग्रेस, एक सीट पर वीआईपी और आरजेडी में मुकाबला होगा। (अनंत ज्ञान)

# जुबिन गर्ग पर भड़काऊ पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**एजेंसी, नगांव।** असम के नगांव जिले में 27 साल के इंजमुल हक को सोशल मीडिया पर गायक जुबीन गर्ग की मौत से जुड़ा भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कि पूछताछ में आरोपी ने माना कि उसने यह वीडियो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म से क्लिप लेकर खुद एडिट किया और उसमें भड़काऊ टिप्पणियां जोड़कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। मामले की जानकारी मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को दी। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि नगांव के टेलिया बेबेझिया से 27 साल के मोहम्मद इंजमुल हक को 15 अक्तूबर को अपने फेसबुक पर जुबिन गर्ग की मौत से जुड़ा विवादित वीडियो पोस्ट करने के आरोप में पकड़ा गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी इंजमुल हक, रोवसोत उद्दीन का बेटा है और वह जूरिया थाना क्षेत्र के टेलिया बेबेझिया गांव का रहने वाला है। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन रिहा

**एजेंसी, वाशिंगटन।** ग्रीनबेल्ट कोर्टहाउस मैरीलैंड ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन को शुक्रवार को निजी मुचलके पर जमानत पर रिहा कर दिया। वह इन दिनों ट्रंप के मुखर आलोचक हैं। पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पर गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग करने का आरोप है। उन्होंने अदालत में आत्मसमर्पण करते हुए निर्दोष होने की दलील दी। 76 वर्षीय बोल्टन ने अदालत में अपना पक्ष रखा। उन्होंने सुनवाई के दौरान कहा कि अति गोपनीय राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्रसारित करने और उसे अपने पास रखने के 18 मामलों में वह पूरी तरह निर्दोष हैं। (अनंत ज्ञान)

# तालिबान का दावा, पाकिस्तान ने संघर्षविराम का किया उल्लंघन

**एजेंसी, पक्तिका।** तालिबान के अधिकारियों ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने शुक्रवार को उसके सीमावर्ती प्रांत पक्तिका पर बमबारी की और संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। तालिबान सरकार के एक प्रांतीय अधिकारी ने बीबीसी अफगान सेवा को बताया कि शुक्रवार को पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत के अरघुन जिले में एक घर पर बमबारी की। इस हमले में नागरिकों की मौत हुई है और कुछ घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी एएफपी को तालिबान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तानी सीमा से लगे पक्तिका प्रांत में एक अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने संघर्षविराम का उल्लंघन किया है और पक्तिका में तीन स्थानों पर बमबारी की है। अफगानिस्तान इसका जवाब देगा। पाकिस्तान की ओर से संघर्षविराम के उल्लंघन या अफगानिस्तान में किसी हमले पर कोई बयान नहीं आया है। (अनंत ज्ञान)

# गुजरात के साबरकांठा में हिंसा, 10 लोग घायल


**एजेंसी, साबरकांठा।** गुजरात में साबरकांठा के माजरा गांव में शुक्रवार रात दो गुटों के बीच हिंसा भड़क गई। हिंसा में करीब 10 लोग घायल हुए हैं। इस दौरान 30 वाहनों में आग लगा दी गई और कई घरों में तोड़फोड़ की गई। इस घटना के सिलसिले में अब तक 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च भी निकाला। साबरकांठा पुलिस के डीएसपी अतुल पटेल ने बताया, माजरा गांव में शुक्रवार रात लगभग 10:30 बजे दो समूहों के बीच पथराव और आगजनी की घटना हुई। करीब 110 से 120 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हिंसा की वजह वजह पुरानी दुश्मनी बताई जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में लेकिन तनावपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)

# दिवाली से पहले दिल्ली में हवा हुई जहरीली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में दिवाली से पहले ही लोगों का प्रदूषण से दम घुटने लगा है। दिल्ली में शनिवार सुबह कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 11 बजे तक आनंद विहार में सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 387 दर्ज किया गया, जोकि 'बहुत खराब' श्रेणी है। बवाना में एक्यूआई 312 दर्ज किया गया।

बढ़ते वायु प्रदूषण के बारे में चिंता जताते हुए गाजियाबाद के



पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. शरद जोशी ने कहा कि एक्यूआई में काफी वृद्धि हुई है। यह सीओपीडी, अस्थमा या तपेदिक जैसे रोगों का इतिहास रखने वाले लोगों के लिए श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है, जिससे खांसी, बुखार, सांस फूलना और सीने में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। उन्होंने खराब वायु गुणवत्ता से बचाव के लिए सभी को बाहरी गतिविधियों के दौरान एन-95 या डबल सर्जिकल मास्क पहनने की सलाह दी है। सीपीसीबी के अनुसार, सुबह 11 बजे आईजीआई हवाई अड्डा में (206), बुराड़ी क्रॉसिंग (272), चांदनी चौक (261), आईटीओ (274), लोधी रोड पर (200) एक्यूआई दर्ज किया गया। एक्यूआई रीडिंग को अच्छा (0-50), संतोषजनक (51-100), मध्यम प्रदूषित (101-200), खराब (201-300), बहुत खराब (301-400), और गंभीर (401-500) श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। (अनंत ज्ञान)


## निविदा सूचना

**कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति, एवं खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड पंचरुखी** के कार्यालय में प्रयोग में लाई जाने वाली निम्न लेखन सामग्री की कोटेशन/निविदायें दिनांक 28.10.2025 शाम 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं।

**सामग्री विवरण एवं मात्रा निम्नलिखित है:-**

1. पेपर रिम (A4)- 100, 2. पेपर रिम (A5)-10, 3. फाइल कवर हल्का-50, 4. फाइल कवर बढ़िया-150, 5. फाइल फोल्डर-50, 6. कैश बुक 300 पेज-03, 7. लेजर 100 पेज-05, 8. डायरी रजिस्टर-10, 9. डिस्पेच रजिस्टर-10, 10. रजिस्टर बड़ा साईज-20, 11. रजिस्टर छोटा साइज-20, 12. डाक लिफाफे बड़ा साइज-1000, 13. डाक लिफाफे छोटा साइज-1000, 14. नीला बालपैन-100, 15. लाल बालपैन-50, 16. पायलट पेन हरा-12, 17. पायलट पेन नीला-30 18. कैल्कुलेटर-05, 19. स्टेप्लर छोटा-03, 20. स्टेप्लर बड़ा-03, 21. स्टेप्लर पिन छोटा साइज (pkt)-50, 22. स्टेप्लर पिन बड़ा साइज कंगारू-10, 23. फेवी स्टीक-20, 24. हाईलाइटर व फाईल मार्कर-20+20, 25. पेपर वेट-05, 26. करेक्शन फ्लुड-10, 27. होकर-10, 28. टैग बण्डल छोटा-30, 29. टैग बण्डल बड़ा-30, 30. स्केल छोटा आकार- 5(Steel), 31. स्केल बड़ा आकार -10(steel), 32. फाईल फ्लेप/फ्लेपर- 20(pkt), 33. पिफिल-20, 34. कार्बन पेपर- 2(pkt), 35. रबर-10, 36. पैन्सिल एच.बी.-1(pkt), 37. डाक पैड सुपरियर-02, 38. पियन बुक-05, 39. स्टैम्प पैड-20, 40.ग्लू स्टिक-10, 41. पिन स्टोल-20, 42. हाजिरी रजिस्टर-02, 43. नोट शीट पैड-10, 44. फाइल बोर्ड-15, 45. बॉल पेन टेबल स्टैंड-01, 46. वी आई पी0 डायरी-02, 47. लोग बुक-01

अतः इच्छुक प्रदाता (आपूर्तिकर्ता) अपनी निविदा प्रदान कर सकते हैं।

हस्ता/-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
पंचायत समिति, एवं खण्ड विकास अधिकारी
पंचरुखी, जिला कांगड़ा

## स्पोर्ट्स विंडो

### अनाहत सिंह बोस्टन ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह बोस्टन ओपन 15000 डॉलर ईनामी राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना स्वाइफी से हारकर बाहर हो गई। दिल्ली की अनाहत को जाना ने 11-4 11-9 6-11 3-11 11-5 से हराया अनाहत ने अमेरिका की चार्लोट जे को 11-4 11-6 9-11 11-8 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। (अनंत ज्ञान)

### स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली की फ्रेंचाइजी से आईएसएल में राष्ट्रीय राजधानी की वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग की टीम हैदराबाद एफसी के 'रीब्रांडिंग' के बाद शनिवार को स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली का शुभारंभ हुआ, जिससे देश की शीर्ष फुटबॉल लीग में लंबे समय के बाद राष्ट्रीय राजधानी से जुड़ी फ्रेंचाइजी होगी। बीसी जिंदल समूह का हिस्सा जिंदल फुटबॉल प्राइवेट लिमिटेड ने पिछले साल हैदराबाद एफसी का अधिग्रहण किया था और 2025-26 सत्र से दिल्ली में टीम को स्थानांतरित करने का फैसला किया था। इससे लंबे समय के बाद दिल्ली में आईएसएल क्लब की वापसी हो रही है। इससे पहले दिल्ली डायनामोज ने 2014 में शीर्ष-स्तरीय लीग के उद्घाटन सत्र में भाग लिया था। इस फेंचाइजी 2019 में भुवनेश्वर स्थानांतरित कर दिया गया था। उसका नाम बदलकर ओडिशा एफसी कर दिया गया था। स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली 25 अक्तूबर से गोवा में शुरू हो रहे सुपर कप में हैदराबाद एफसी की जगह लेगा। मैचों की घोषणा पहले ही की जा चुकी है और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से उम्मीद है कि वह हैदराबाद एफसी की जगह स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली के नए नाम का उपयोग करेगा। क्लब के लॉन्च के मौके पर बीसी जिंदल ग्रुप के प्रमोटर भावेश जिंदल ने कहा, ''स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली का अनावरण दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और भारत में फुटबॉल के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह क्लब समावेशिता, महत्वाकांक्षा और खेल के प्रति शहर की भावना और उत्साह का प्रतिनिधित्व करेगा।'' इस नए क्लब ने अपना प्रतीक चिन्ह' भी जारी किया, जिसमें एक 'स्टाइलिश फीनिक्स' दिखाया गया है। फीनिक्स आग या राख से उत्पन्न एक पौराणिक और जादुई पक्षी है जो पुनर्जन्म का प्रतीक है। हैदराबाद एफसी ने 2021-22 सत्र में आईएसएल खिताब जीता था। (अनंत ज्ञान)

### डोना वेकिच का खूबसूरत अंदाज

**डोना** वेकिच क्रोएशियाई खिलाड़ी, सबसे खूबसूरत खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके सुनहरे बाल खेल को और भी निखारते हैं। आईटीएफ सर्किट में, उनके नाम पांच एकल और एक युगल खिताब हैं। वह 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2019 यूएस ओपन और 2024 विंबलडन चैंपियनशिप के प्रमुख टूर्नामेंटों में पहुंच चुकी हैं।



## रोहित-विराट से टीम इंडिया मजबूत, ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन बाहर

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच महामुकबला आज

**एजेंसी, पर्थ**







भारतीय क्रिकेट टीम रविवार, 19 अक्तूबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने वाली है। सीरीज का पहला मैच दोनों टीमों के लिए अहम होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया की कोशिश जीत के साथ सीरीज की शुरुआत करने की होगी। यह सीरीज कई मायनों में अहम है। खासकर युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के लिए जो इस सीरीज के साथ वनडे कप्तान के रूप में अपनी शुरुआत करेंगे।

शुभमन गिल ने रोहित शर्मा की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। इससे पहले गिल ने इंग्लैंड में टेस्ट कप्तान के रूप में सफलतापूर्वक डेब्यू किया था और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में टीम को जीत दिलाई थी। इस सीरीज में सभी की निगाहें पूर्व कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा पर होंगी, जो सात महीने के लंबे ब्रेक के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में वापसी कर रहे हैं। दोनों दिग्गज खिलाड़ी पहले ही टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए उनका फोकस अब पूरी तरह से वनडे फॉर्मेट पर रहेगा। वहीं, एशिया कप 2025 में जगह न बना पाने वाले श्रेयस अय्यर को वनडे सीरीज़ के लिए उप-कप्तान बनाया गया है। जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम को सीरीज से पहले झटके लगे हैं। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन चोट के कारण बाहर हो गए हैं, और उनकी जगह मार्नस लाबुशेन को टीम में शामिल किया गया है।

इसके अलावा विकेटकीपर जोश इंग्लिस की जगह जोश फिलिप को मौका मिला है, जबकि मैथ्यू कुह्नमैन ने स्पिनर एडम जम्पा की जगह ली है। जम्पा, इंग्लिस और एलेक्स कैरी आखिरी दो मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। अब तक भारत और ऑस्ट्रेलिया ने कुल 152 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें भारत ने 58 और ऑस्ट्रेलिया ने 84 मैच जीते हैं, जबकि 10 का कोई परिणाम नहीं निकला। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में हुआ था, जिसे टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीता था। वहीं, रोहित शर्मा कोच गंभीर से मिले और लंबे समय तक दोनों में बातचीत हुई।

**मैच : सुबह 9.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स केरी, कूपर कोनॉली, बेन ड्वाशुईस, नाथन एलिस, मार्नस लाबुशेन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मिचेल ओवेन, मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क, मैथ्यू कुनेमैन और जोश फिलिप।

# न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 रहा बेनतीजा



**एजेंसी, क्राइस्टचर्च**

क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 बेनतीजा रहा। बारिश की वजह से शनिवार को इंग्लिश टीम ही पूरे 20 ओवर खेल सकी। न्यूजीलैंड की बैटिंग नहीं आई। टॉस जीतकर कीवी कप्तान मिचेल सैंटनर ने बॉलिंग का फैसला किया। इंग्लैंड ने 6 विकेट खोकर 153 रन बनाए। यह टी-20 में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड का लोएस्ट फर्स्ट इनिंग टोटल भी रहा। पहले बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 4.1 ओवर में 29 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए।

फिल सॉल्ट को 3 रन पर जैकब डफी ने मार्क चैंपमैन के हाथों कैच करा दिया। फर्स्ट डाउन बैटिंग करने आए जैकब बेथेल 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनका कैच मैट हेनरी ने खुद अपनी ही बॉलिंग में लिया। विकेटकीपर जोस बटलर ने 25 बॉल पर 29 रन बनाए। उन्हें माइकल ब्रेसवेल ने आउट किया। कप्तान हैरी ब्रूक को 20 रन पर जिमी नीशम ने बोल्ड कर दिया। टॉम बैंटन को 9 रन पर मिचेल सैंटनर ने जिमी नीशम के हाथों कैच कराया। ऑलराउंडर सैम करन जब बैटिंग करने आए तब इंग्लिश टीम 81 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी थी। करन ने एक छोर से पारी को संभाला और 35 बॉल पर नाबाद 49 रन बनाए। 3 चौके और 2 सिक्स भी लगाए। यह उनके करियर का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ करन ने 50 रन बनाए थे। आखिर में जॉर्डन कॉक्स ने 18 बॉल पर 16 रन बनाए। न्यूजीलैंड से सभी बॉलर्स को एक-एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

# रोहित-विराट से मेरे रिश्ते में कुछ नहीं बदला : गिल

**एजेंसी, पर्थ**

पिछले कुछ सप्ताह से सोशल मीडिया पर चाहे जो अटकलबाजी चल रही हो लेकिन भारत के नए वनडे कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली से उनके रिश्ते पहले की तरह मजबूत हैं और मैच के दौरान परेशानी में होने पर वह इन दोनों दिग्गजों से सलाह लेने में हिचकिचाएंगे नहीं।

रोहित की जगह गिल को भारत का नया वनडे कप्तान बनाया गया है । उसके बाद से रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। गिल की कप्तानी में भारतीय टीम रविवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। स्वान नदी के किनारे प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिल ने कहा,''बाहर भले ही कुछ भी बातें चल रही हों, लेकिन रोहित से मेरे रिश्ते नहीं बदले हैं। जब भी मुझे मदद की जरूरत होती है, वह हमेशा उपलब्ध होते हैं। चाहे वह पिच के बारे में पता करना हो या कुछ भी।'' उन्होंने कहा,''मैं उनसे जाकर पूछता हूं कि आपको क्या लगता है। अगर आप कप्तान होते तो क्या करते। विराट भाई और रोहित भाई से मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं और वे सलाह देने से हिचकिचाते नहीं हैं।''

**दोनों पूर्व कप्तानों से सहयोग की काफी जरूरत**

गिल को पता है कि इन दोनों धुरंधरों की जगह लेना मुश्किल है और उन्हें दोनों पूर्व कप्तानों से काफी सहयोग की जरूरत होगी। उन्होंने कहा,''मैंने विराट भाई और रोहित भाई से टीम को आगे ले जाने के बारे में काफी बात की है। वह किस तरह से टीम को आगे ले जाना चाहते थे और इस अनुभव और सबक से हमें काफी मदद मिलेगी।''

# पाक में टी20 सीरीज नहीं खेलेगा अफगानिस्तान

**एजेंसी, काबुल**

अफगानिस्तान ने पक्तिका में तीन अफगान क्रिकेटरों की हत्या के बाद पाकिस्तान की भागीदारी वाली आगामी त्रिकोणीय टी20 सीरीज से नाम वापस लेकर इसे 'पाकिस्तानी शासन द्वारा कराया गया कायरतापूर्ण हमला' करार दिया है।

पाकिस्तान , अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच सीरीज 17 से 29 नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में खेली जानी थी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तल्ख बयान में कहा कि अपने खिलाड़ियों कबीर, सिबगतुल्लाह और हारून की शहादत से वह काफी दुखी हैं जिनकी पकतीका प्रांत के अरगुन जिले में पांच अन्य के साथ हत्या कर दी गई थी जब वे प्रांत की राजधानी शराना से एक दोस्ताना मैच खेलकर लौट रहे थे। इस घटना में सात अन्य घायल हुए हैं। एसीबी ने एक

**बोले- मुल्क पर हमला बर्दाश्त नहीं**

बयान में कहा,''अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड पक्तिका प्रांत के अरगुन जिले में अपने बहादुर क्रिकेटरों की शहादत पर दुख व्यक्त करता है। पाकिस्तानी शासन ने एक कायरतापूर्ण हमले में उन्हें निशाना बनाया।'' इसमें कहा या,''अफगानिस्तान के खेल जगत, खिलाड़ियों और क्रिकेट परिवार के लिए यह बड़ी क्षति है। पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और इस घटना की जवाबी कार्रवाई में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नवंबर के आखिर में पाकिस्तान में होने वाली त्रिकोणीय टी20 सीरीज से नाम वपिस लेने का फैसला किया है।''

बयान में कहा गया,''अल्लाह सभी शहीदों को जन्नत बख्शे और घायलों को जल्दी स्वस्थ करे।'' विभिन्न रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत के अरगुन और बरमाल जिलों में हवाई हमले किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच संघर्षविराम भी खत्म हो गया है। स्टार स्पिनर राशिद खान ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हवाई हमलों में नागरिकों की मौत से वह काफी दुखी हैं।

उन्होंने एक्स पर एक बयान में लिखा,''नागरिक ठिकानों पर हमला करना अनैतिक और बर्बर है। यह अन्यायपूर्ण और गैर कानूनी कार्रवाई मानवाधिकार का हनन है और इस पर ध्यान जाना चाहिए।'' राशिद ने कहा,''मासूमों की मौतों को देखते हुए मैं पाकिस्तान के साथ आगामी सीरीज नहीं खेलने के एसीबी के फैसले के साथ हूं। कठिन समय में अपने वतन के लोगों के साथ हूं। हमारे देश की गरिमा से बढ़कर कुछ नहीं है।'' (अनंत ज्ञान)

## जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची तन्वी शर्मा

**एजेंसी, गुवाहाटी।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने चीन की लियू सी या के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।सोलह साल की तन्वी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर 15-11, 15-9 से जीत दर्ज की। वह इस तरह इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वालीफाई करने वाली पूर्व विश्व नंबर एक साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के बाद केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गयी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचसाक से होगा। पिचिटप्रीचसाक ने दूसरे सेमीफाइनल में हमवतन यातावीमिन केतक्लियेंग को एक गेम से पिछड़ने के बाद 10-15, 15-11, 15-5 से हराकर वापसी की। तन्वी ने 17 साल में पहली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने ली के खिलाफ शुरुआत से ही अपने शानदार खेल का लोहा मनवाया। उन्होंने कोर्ट के अगले हिस्से शानदार इस्तेमाल करते हुए चीन की खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में 7-3 की बढ़त बना ली और हालांकि लियू एक समय पर अंतर को 8-7 तक कम करने में कामयाब रहीं, लेकिन तन्वी पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। तन्वी ने पहला गेम केवल 13 मिनट में समाप्त कर दिया। उन्होंने दूसरे सेट में तेजी से 12-4 की बढ़त ली लेकिन चीन की खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाते हुए वापसी की कोशिश की। तन्वी ने हालांकि उनकी कोशिश को नाकाम करते हुए प्रभावशाली जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ गेंदबाजी संयोजन करना होगा दुरुस्त

# इंग्लैंड के सामने आज दहाड़ेंगी भारतीय शेरनियां




**एजेंसी, इंदौर**

लगातार दो मैच हारने के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने का दबाव झेल रही भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को महिला विश्व कप के अहम मुकाबले में अपने गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित करने के लिए छठे गेंदबाज को उतारने पर विचार करना होगा।

विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारत की सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इस विश्व कप सत्र में भारत ने पांच बल्लेबाजों, एक विकेटकीपर और पांच गेंदबाजों को उतारने की रणनीति अपनाई है और गेंदबाजों में से तीन हरफनमौला हैं, लेकिन विश्व कप में यह संयोजन सटीक नहीं बैठा और अब 'करो या मरो' के बाकी मुकाबलों में भारत को इस पर पुनर्विचार करना होगा। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को तीन में से दो मैच हर हालत में जीतने होंगे। इंग्लैंड अभी तक अपराजेय रही है लेकिन उसके बल्लेबाज एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये ।पाकिस्तान के खिलाफ उसने सात विकेट 79 रन पर गंवा दिये थे लेकिन बारिश ने बचाव कर दिया। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट 78 रन पर निकल गए थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने अभी तक संकटमोचक की भूमिका निभाई है। इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बस एक जीत की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़।

**इंग्लैंड:** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोंस, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

# तीरंदाजी में ज्योति सुरेखा ने विश्व कप फाइनल में कांस्य जीत रचा इतिहास



**एजेंसी, नानजिंग ( चीन )**

अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम विश्व कप फाइनल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गई, जिन्होंने यहां कांस्य पदक हासिल किया। एशियाई खेल चैंपियन ज्योति ने दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज ब्रिटेन की एला गिब्सन को 150-145 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट में पोडियम पर जगह बनाई। आठ तीरंदाजों के विश्व कप सत्र के फाइनल में भारत की 29 वर्ष की ज्योति ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रूइज को 143-140 से हराया था ।वह सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक तीरंदाज मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा से 143-145 से हार गई। विश्व कप फाइनल में ज्योति तीसरी बार उतरी थी। इससे पहले वह 2022 और 2023 में पहले दौर में बाहर हो गई थी। भारत की मधुरा धमनगांवकर पहले दौर में मैक्सिको की मरियाना बेरनाल से 142-145 से हारकर बाहर हो गई। पुररुष वर्ग में ऋषभ यादव अकेले भारतीय हैं, जो दक्षिण कोरिया के किम जोंघो से पहले दौर में खेलेंगे। रिकर्व वर्ग में किसी भारतीय ने क्वालीफाई नहीं किया है। (अनंत ज्ञान)

# डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी, लक्ष्य बाहर

**एजेंसी, ओडेंसे ( डेनमार्क )**



भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शु, वार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि लक्ष्य सेन पुरूष एकल क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम में हार गए।

टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 65 मिनट तक चले कड़े क्वार्टर फाइनल में मुहम्मद रियान अर्दियांतो और रहमत हिदायत की गैर-वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी को 21-15, 18-21, 21-16 से हराया। भारतीय जोड़ी अब चीन के चेन बो यांग और यी लियू की आठवीं वरीय जोड़ी तथा जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेगी। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने अपने शुरुआती दो दौर में स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली तथा चीनी ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन की जोड़ी को हराया था।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और स्थानीय दावेदार एंडर्स एंटोनसेन को हराकर उलटफेर करने वाले लक्ष्य पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल मैच में फ्रांस के सातवें वरीय एलेक्स लेनियर से 44 मिनट में 9-21, 14-21 से हार गए। (अनंत ज्ञान)

**नीलामी** बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के लिए दुबई में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद

# दुबई, मस्कट या दोहा में हो सकता है आईपीएल ऑक्शन

**एजेंसी, मुंबई**

आईपीएल की नीलामी एक बार फिर विदेश में होगी। 2026 सीजन के लिए होने वाले इस मिनी ऑक्शन का आयोजन 15 से 18 दिसंबर के बीच दुबई, मस्कट या दोहा में से एक शहर में किया जाएगा। यह जानकारी बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने दी है।

उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि भारत में दिसंबर के मध्य से लेकर जनवरी तक मैरिज सीजन का पीक टाइम होता है। लगभग हर बड़े होटल, रिजॉर्ट या कंवेंशन सेंटर में शादियों की बुकिंग रहती है। ऐसे में 10 टीमों के प्रतिनिधियों, कोचों, मैनेजर्स और ब्रॉडकास्ट क्रू को समायोजित करना मुश्किल होता है, इसलिए बोर्ड ने सोचा है कि इस बार भी ऑक्शन विदेश में कराया जाए। पिछले हफ्ते कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में




दावा किया गया था कि इस बार की नीलामी भारत के किसी शहर में होगी। पिछले साल 2024 में आईपीएल का मेगा ऑक्शन सऊदी अरब के जेद्दाह शहर में हुआ था। तब भी भारत में वेन्यू की कमी और लॉजिस्टिक चुनौतियों को वजह बताया गया था।

ऑक्शन के लिए इस बार दुबई, मस्कट और दोहा के नाम चर्चा में हैं। इनमें से दुबई को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि वहां न केवल बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है, बल्कि दुबई पिछले कई सालों से भारतीय क्रिकेट बोर्ड वहां कई इवेंट्स सफलतापूर्वक करा चुका है।

2014 में जब आम चुनावों के कारण भारत में आईपीएल के शुरुआती मैच विदेश में कराए गए थे, तब भी यूएई को ही चुना गया था। 2020 और 2021 में कोरोना काल में भी पूरा आईपीएल यूएई में ही हुआ था। मस्कट (ओमान) को भी एक विकल्प के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि वहां बीसीसीआई के अच्छे संबंध हैं और छोटा मगर आधुनिक क्रिकेट कांप्लेक्स है। दोहा (कतर) पहली बार संभावित वेन्यू के रूप में चर्चा में आया है, जिससे संकेत मिलता है कि बीसीसीआई अब खाड़ी देशों में अपने क्रिकेट प्रेजेंस को और मजबूत करना चाहता है। (अनंत ज्ञान)

### 20 मार्च से हो सकता है अगला आईपीएल सीजन

**बीसीसीआई** अधिकारी ने यह भी बताया कि अगले साल का आईपीएल सीजन 20 मार्च से शुरू हो सकता है। बोर्ड ने 2025 के घरेलू सीजन के शेड्यूल को ध्यान में रखकर आईपीएल को थोड़ा पहले शुरू करना चाहता है, ताकि मई के आखिरी हफ्ते तक पूरा टूर्नामेंट खत्म हो सके। इससे जून-जुलाई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी या अन्य इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स के लिए खिलाड़ियों को पर्याप्त समय मिल जाएगा। आईपीएल का पिछला सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीता था। टीम आईपीएल इतिहास में पहली बार चैंपियन बनी थीं। आईपीएल का पिछला सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीता था। टीम आईपीएल इतिहास में पहली बार चैंपियन बनी थीं।

### आईपीएल की नीलामी अब बन चुकी है ग्लोबल इवेंट

**आईपीएल** सिर्फ एक भारतीय लीग नहीं रह गई है। पिछले कुछ सालों में इसकी नीलामी ने भी ग्लोबल इवेंट का रूप ले लिया है। फ्रेंचाइजी मालिकों के अलावा दुनिया भर के एजेंट, एनालिस्ट और प्लेयर्स मैनेजर्स इस इवेंट का हिस्सा बनते हैं। विदेश में आयोजन से न सिर्फ बेहतर सुविधाएं मिलती हैं, बल्कि इंटरनेशनल मीडिया कवरेज भी बढ़ता है। बीसीसीआई के अंदरुनी सूत्र बताते हैं कि फ्रेंचाइजियों को भी विदेश में नीलामी कराने पर कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि ज्यादातर मालिकों के बिजनेस इंटरस्ट खाड़ी देशों में पहले से हैं।